* ओड़िशा संस्करण

25 दिसंबर, 2022
पौष, शुक्ल पक्ष, द्वितीया
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
रविवार, वर्ष 08, अंक 67

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही


मुंबई में टीवी एक्ट्रेस तुनीषा शर्मा ने सेट पर फांसी लगा कर आत्महत्या की





आजाद सिपाही 188100 Subscribers YouTube Channel | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल | VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+ | Watch Time (HR) 11 Lakh+ | Subscribe NOW



## समाज ने ठाना है : अब फिर किसी रेबिका को हैवानियत की भेंट नहीं चढ़ने देंगे

# संथाल में जाग उठा है पहाड़िया समाज

### ■ कह रहे लोग : प्रशासन अब भी नहीं जागा, तो एक और उलगुलान के लिए तैयार रहे ■ समाज के कठघरे में है पुलिस और वहां के जनप्रतिनिधि

**आजाद सिपाही विशेष**

**संथाल परगना का रेबिका पहाड़िया हत्याकांड लगातार तूल पकड़ता जा रहा है, क्योंकि यह एक समाज के खिलाफ जघन्य अपराध है। वह भी एक ऐसा समाज, जो विलुप्त होने के कगार पर खड़ा है। जिसने हमेशा अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ी है। अपने समाज की एक बेटी की निर्मम हत्या के खिलाफ पहाड़िया समाज ने अपने पारंपरिक हथियारों के साथ सड़क पर प्रदर्शन किया है और इसके माध्यम से स्थानीय पुलिस-प्रशासन और जनप्रतिनिधियों को चेतावनी दी है कि यह समाज एक बार फिर जुल्म और शोषण के खिलाफ उलगुलान का बिगुल बजाने के लिए तैयार है। इस समाज को कमजोर आंकना बड़ी भूल होगी। वैसे भी संथाल परगना का इलाका अन्याय और शोषण के खिलाफ हमेशा उठ खड़ा हुआ है। प्रशासन और जनप्रतिनिधियों को इतिहास के पन्नों में झांक लेना चाहिए। कौन थे जबरा पहाड़िया उर्फ बाबा तिलका मांझी, कौन थे सिदो-कान्हू, चांद भैरव जरा इनके बारे में भी जान लेना चाहिए। महज नाम जानने से कुछ नहीं होगा, वक्त मिले तो इनकी वीरता के बारे में पढ़ भी लेना चाहिए। संथाल परगना, संथालों की वीरता, उनके शौर्य की गाथा, उनकी इज्जत-प्रतिष्ठा, मान सम्मान के लिए उनके बलिदान की कहानियों से भरा पड़ा है। लेकिन यह इस इलाके का दुर्भाग्य है कि झारखंड अलग राज्य बनने के बाद से उनके अस्तित्व पर लगातार हमले हो रहे हैं, उनकी इज्जत-प्रतिष्ठा के साथ खिलवाड़ किया जाता रहा है। पहाड़िया समाज ने सड़क पर उतर कर पूरी दुनिया को यह बताने की कोशिश की है कि जुल्म का प्रतिकार करने की उसकी ताकत कम नहीं हुई है। इस विरोध प्रदर्शन के विभिन्न कारणों और उनके संभावित परिणामों का विश्लेषण कर रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

जब-जब आदिवासी जागा है, क्रांति आयी है। देश की पहली क्रांति की मशाल आदिवासियों ने ही जलायी थी। वह 1855 का दौर था। अंग्रेजों, जमींदारों और साहूकारों का शोषण चरम पर था। झारखंड के संथाल परगना में उनके शोषण से आदिवासी कराह रहे थे। उनकी अस्मिता खतरे में पड़ गयी थी।

कहते हैं न कि जब पानी सिर से ऊपर बहने लगता है, तो बचने के लिए आदमी कोई भी कदम उठाने को तैयार हो जाता है। वह ज्यादा सोच-विचार नहीं करता, आगे-पीछे नहीं देखता। सो संथालों ने भी शोषण के खिलाफ विद्रोह का बिगुल फूंक दिया। नाम दिया गया संथाल विद्रोह। उस वक्त संथालों ने अपनी बहू-बेटियों की इज्जत की खातिर, घर-द्वार, जमीन और क्षेत्र की खातिर, अपने मान-सम्मान और अधिकारों की खातिर, अपनी पहचान और संस्कृति को बचाने की खातिर लड़ाई लड़ी थी। और लड़ाई भी ऐसी लड़ी कि अंग्रेजों को उनके क्षेत्र से भागना पड़ा और संथालों के लिए संथाल परगना बनाना पड़ा। उनके हक के लिए कानून बनाने के लिए भी बाध्य होना पड़ा, जिसे आज हम एसपीटी एक्ट के नाम से जानते हैं। पहाड़िया जनजाति शांत होते हैं, सच्चे होते हैं, सीधे-सादे होते हैं, प्रकृति पूजक होते हैं और अपनी ही दुनिया में मगन रहते हैं। लेकिन अगर उनकी संस्कृति, उनकी पहचान, उनकी बहू-बेटियों की इज्जत के साथ कोई खिलवाड़ करने की कोशिश करता है, तो उलगुलान होता है, संथाल हूल का आगाज होता है। जबरा पहाड़िया, जिन्हें तिलका मांझी के नाम से भी जाना जाता है, उन्हें अगर देश का सबसे पहला स्वंत्रता सेनानी कहा जाये, तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी। 1770 में बाबा तिलका मांझी ने ब्रिटिश शासन के विरुद्ध लंबी और कभी न समर्पण करने वाली लड़ाई लड़ी थी। बाबा तिलका मांझी के गुस्से और लाल आंखों से अंग्रेज खौफ खाते थे। जबरा पहाड़िया उर्फ तिलका मांझी पहाड़िया समाज से थे। उसके बाद चार भाइयों सिदो-कान्हू, चांद-भैरव और इनकी दो बहनों फूलो-झानो को कौन नहीं जनता, जिन्होंने 1855 में विद्रोह का बिगुल फूंका था। जिसे आज संथाल हूल या संथाल विद्रोह के नाम से जाना जाता है। पहाड़िया समुदाय में तीन उपवर्ग हैं। सौरिया पहाड़िया, माल पहाड़िया और कुमारभाग पहाड़िया। 2001 की जनगणना के अनुसार, झारखंड में जहां 61,121 सौरिया पहाड़िया थे, वहीं 2011 में इनकी संख्या घट कर 46, 222 रह गयी। यानी दस सालों में इस आदिम जनजाति की संख्या में करीब एक चौथाई की कमी आयी। आज 2022 है। समझा जा सकता है कि अब यह संख्या कितनी होगी। यह इस जनजाति के अस्तित्व की चिंता करने वालों के लिए भयभीत करने वाला आंकड़ा है। पहाड़िया समुदाय का जीवन जल, जंगल, जमीन और जानवर पर आधारित होता है। वे मकई, बरबट्टी, अरहर की खेती करते हैं। पहाड़ पर निवास करने के कारण ये धान की खेती नहीं के बराबर ही करते हैं। हालांकि सरकार की तरफ से पीवीटीजी डाकिया योजना के तहत प्रतिमाह मिलने वाला 35 किलो चावल वर्तमान में इनके भोजन का मुख्य आधार है। इसके अलावा मकई, बाजरा इनके प्रमुख भोजन हैं। औसत पहाड़िया परिवार चार से पांच लोगों का होता है और इनकी आय सालाना 10 से 25 हजार के बीच होती है। यह पहाड़ पर लगे फल और अन्य तरह की जड़ी बूटियों को बेच अपना जीवन यापन करते हैं, जिससे वे अपना तेल-मसाला का इंतजाम कर लेते हैं।

लेकिन जिस प्रकार से इनकी अनदेखी होती रही है। इन्हें हमेशा दबा-कुचला महसूस करवाया जाता रहा है, वह अब मजबूर हो चुके हैं कि इन्हें अपनी लड़ाई खुद ही लड़नी होगी। आज जिस तरीके से झारखंड के जनप्रतिनिधि आदिम जनजाति की बेटी रेबिका पहाड़िया की खौफनाक हत्या के खिलाफ चुप्पी साधे हुए हैं, यह हर संथाली देख रहा है। वह देख रहा है कि कैसे निर्लज्ज जुबान से ये जनप्रतिनिधि उसके दरवाजे पर आते हैं और उनसे हाथ जोड़ वोट मांगते हैं। लेकिन जब इन जनप्रतिनिधियों को उनके हक में खड़े रहने की बारी आती है, तब वे बड़ी-बड़ी डींगें हांकने लगते हैं। एक सुर से सभी एक तरह का रट्टा लगा संवेदना प्रकट करने लगते हैं। बहुत खराब हुआ। दिल बैठ गया यह खबर सुन कर। नारी के साथ ऐसा अन्याय नहीं सहेंगे। दोषियों को फांसी दो, बस उसके बाद सब चुप। सरकार में बैठे लोग कहते हैं, अरे सिर्फ झारखंड में ही ऐसा क्राइम थोड़े न हो रहा है। क्या दिल्ली, मुंबई, मध्यप्रदेश में नहीं हो रहा है। ऐसी तर्कहीन बातों से अपनी जिम्मेदारियों से कोई व्यक्ति कैसे पल्ला झाड़ लेता है, यह इनसे सीखा जा सकता है। जिस तरीके से बोरियो पुलिस द्वारा रेबिका पहाड़िया का विवाह परिवार वालों के विरोध के बावजूद, एक मुसलमान शादीशुदा युवक दिलदार अंसारी से करवाया गया, यह खुद में कई सवालों को जन्म देता है। संथाल परगना में आदिवासी महिलाओं के साथ कैसा षडयंत्र रचा जा रहा है, यह किसी से छिपा नहीं है। वहां के जनप्रतिनिधि सब कुछ जानते हैं, लेकिन उनका मुंह खुलता नहीं है। मुंह खुलता तो आज आदिवासी लड़कियां संथाल में सुरक्षित रहतीं। ऐसे इनका मुंह सिर्फ वोट मांगने के लिए ही खुलता है। झूठा आश्वासन देने के लिए ही खुलता है। ऐसे भी इन लोगों को झारखंड का प्रशासन कोई भाव नहीं देता है। इनकी सुनता भी नहीं है। संथाल परगना का पुलिस प्रशासन आजकल कहीं और ही व्यस्त है। पंकज मिश्रा टाइप लोगों की ड्यूटी बजा रहा है। अवैध खनन में संलिप्त भ्रष्टाचारियों को संरक्षण दे रहा है। भ्रष्ट जनप्रतिनिधियों को बचाने के लिए काम कर रहा है। इनका काम रह गया है रात के अंधेरे में अवैध ट्रकों को पार करवाना, झोला में पैसा डलवाना और तो और 24 घंटों में आरोपियों को क्लीन चिट दे देना। ये क्लीन चिट वाला तो रिकॉर्ड है। इंडिया बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में इसे दर्ज होना चाहिए। अब प्रशासन दिन-रात इतनी मेहनत करेगा, तो जाहिर है, रेबिका पहाड़िया जैसी बेबस और असहाय लड़कियों को सुरक्षा-न्याय दिलाने के लिए उसे समय कहां मिलेगा। कहते हैं, जब जान पर बन आती है, तो चींटी भी पलटवार करती है। सो पहाड़िया जनजाति के लोगों ने खुद ही रेबिका पहाड़िया को न्याय दिलाने की कमान संभाल ली है। आज पहाड़िया समाज गुस्से में है। उनके हाथों में तीर, धनुष, तलवार, हंसुआ, कुल्हाड़ी, भाला सब कुछ है। क्योंकि उनके समाज की इज्जत को, उनकी एक बेटी को बोरियो पुलिस ने हैवान दिलदार अंसारी के हाथों सौंप दिया था। उससे शादी करवा दी।




एक पहाड़िया जानाति से आनेवाली लड़की का विवाह एक मुसलमान लड़के से। दूसरे धर्म में विवाह करवा कर पुलिसवालों ने तो उस समय वाहवाही बटोर ली, लेकिन उसके बाद हुआ क्या। उसके बाद वही हुआ, जिसकी आशंका रेबिका के माता-पिता को थी। इसी आशंका और डर से वे रेबिका और दिलदार अंसारी की शादी का विरोध कर रहे थे। इधर पुलिस ने रेबिका और दिलदार अंसारी की शादी करवायी नहीं कि उधर दिलदार के घर में कलह शुरू हो गयी। दिलदार की पहली पत्नी और उसकी मां रेबिका को देखना नहीं चाहती थीं। शादी के महज 10 दिन बाद रेबिका की सास यानी दिलदार अंसारी की मां ने रेबिका की हत्या के लिए अपने ही भाई को रेबिका की हत्या करने के लिए बीस हजार रुपये की सुपारी दे दी। देखते ही देखते रेबिका की गला दबा कर हत्या कर दी गयी। लाश को ठिकाने लगाने के लिए पहले उसकी चमड़ी छीली गयी, फिर शरीर के एक-एक अंग की बोटी-बोटी कर दी गयी। जिस दिलदार अंसारी ने पुलिस के समक्ष यह आश्वासन दिया था कि वह रेबिका को खुश रखेगा। उसकी हिफाजत करेगा, उसी ने अपनी मां के उकसाने पर अपने मामा और अन्य के साथ मिल कर रेबिका पहाड़िया के पचास टुकड़े कर दिये। दरअसल दिलदार की मां मरियम निशा को यह मंजूर नहीं था कि एक दूसरे धर्म की लड़की उनके घर में रहे। रेबिका पहाड़िया जनजाति से आती थी, सो उसका धर्म मुसलिम से अलग था। एक संभावना यह भी जतायी जा रही है कि शायद उस पर धर्म परिवर्तन का दबाव बनाया गया हो और नहीं मानने पर उसकी हत्या कर दी गयी हो। इस आशंका को बल इसलिए मिलता है कि संथाल में धर्म परिवर्तन का खेल जोरों पर है। पुलिस भी यह अच्छी तरह जानती है। ऐसे में यह बहुत बड़ा सवाल है कि ऐसे लोगों के हाथों में बोरियो पुलिस ने रेबिका पहाड़िया को क्यों सौंप दिया। शादी करवाने से पहले पुलिस ने जांच क्यों नहीं की। आखिर पुलिस ने जल्दबाजी में ऐसा कदम क्यों उठाया। पहाड़िया समाज के लोग भी अब पुलिस से यह सवाल करने लगे हैं। वह यह भी कह रहे हैं कि आखिर पुलिस ने रेबिका पहाड़िया की शादी मुसलिम धर्मावलंबी से क्यों करवायी। क्या दिलदार के लिए अपने धर्म में और लड़की नहीं मिल जाती। खुद बोरियो के विधायक लोबिन हेंब्रम ने यह सवाल किया है कि आखिर मुसलिम युवक पहाड़िया या संथाली लड़कियों को ही टारगेट क्यों कर रहे हैं। क्या उनके धर्म में लड़की नहीं है। लोबिन हेंब्रम का यह सवाल हवा में नहीं उड़ाया जा सकता। लेकिन यहां लोबिन हेंब्रम भी कठघरे में हैं। आखिर वह बांग्लादेशी घुसपैठियों के सवाल पर चुप्पी क्यों साध जाते हैं। आखिर वे क्यों नहीं उनके खिलाफ आंदोलन छेड़ते हैं। पहाड़िया लड़की से मुसलिम युवक के शादी करने की घटना संथाल परगना में अब सिर चढ़ कर बोलने लगी है। बल्कि अब तो जबरदस्ती भी आदिवासी लड़कियों से शादी रचायी जा रही है। बात नहीं मानने पर उन्हें मौत के घाट भी उतार दिया जा रहा है।

और यह सब इसलिए हो रहा है, क्योंकि ऐसा करनेवालों को कानून का डर नहीं है। वहां की कानून-व्यवस्था की स्थिति लचर ही नहीं बर्बाद हो गयी है। यही कारण है कि जब आदिवासी समाज के लोगों ने देखा कि पुलिस उन्हें न्याय नहीं दिला सकती, रेबिका पहाड़िया के हत्यारों को त्वरित सजा नहीं दिलवा सकती, वहां का पुलिस प्रशासन फास्ट ट्रैक कोर्ट में मामले की सुनवाई नहीं करवा सकता, तो वे खुद सड़कों पर उतर आये। शुक्रवार दोपहर के बाद पहाड़िया समाज के लोग अपने पारंपरिक अस्त्र-शस्त्र के साथ सड़कों पर उतर गये। जम कर नारेबाजी की। हिल एसेंबली पहाड़िया महासभा के बैनर तले बोरियो में न्याय यात्रा का आगाज हुआ। इस यात्रा का नेतृत्व अखिल भारतीय आदिम जनजाति विकास समिति के महासचिव शिवचरण मालतो ने किया। यह न्याय यात्रा डाकबंगला से निकल कर बोरियो बाजार से होकर ग्वाला मोड़ होते हुए, थाने तक पहुंची। इसके बाद राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, गृह मंत्री, अनुसूचित जनजाति आयोग, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, राज्यपाल, मुख्यमंत्री और पुलिस महानिदेशक के नाम थाना प्रभारी जगरनाथ पान और बीडीओ टुडू दिलीप को मांग पत्र सौंपा। इस यात्रा में हजारों पहाड़िया लोग शामिल थे। मांग पत्र में रेबिका के परिजनों को 50 लाख रुपये मुआवजा, परिवार के एक सदस्य को नौकरी, हत्या के आरोपियों के खिलाफ एसटी / एससी 1989 एक्ट के तहत मामला दर्ज कराने, मामले की सीबीआइ जांच कराने, शव की फोरेंसिक जांच कराने और रेबिका के हत्यारों को फास्ट ट्रैक कोर्ट के माध्यम से तीन माह के भीतर सार्वजनिक स्थान पर फांसी देने की बात रखी गयी है। जिस प्रकार से पहाड़िया जनजाति के लोगों ने सड़क पर विरोध प्रदर्शन किया है, उनके सड़क पर उतरने के बाद अचानक वहां के लोगों के जेहन में संथाल विद्रोह की तसवीर उभर आयी है। उस समय संथालों ने अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह का बिगुल फूंका था, आज उनके सामने बांग्लादेशी घुसपैठियों का खतरा मंडरा रहा है। उनकी जमीन उनसे छीनी जा रही है। उनकी बहू-बेटियां सुरक्षित नहीं हैं। उन्हें माध्यम बना कर ये बांग्लादेशी घुसपैठिये झारखंड के नागरिक बन रहे हैं। सत्ता में हिस्सेदारी ले रहे हैं। उनके अधिकारों का हनन कर रहे हैं। शुक्रवार को पहाड़िया समाज की ओर से निकाली गयी आक्रोश रैली ने साफ संकेत दे दिया है कि यह तो अभी झांकी है, असली लड़ाई तो अभी बाकी है। अभी तो महज उन्होंने एक न्याय मार्च निकाला है। सरकार और प्रशासन को एक मैसेज देने की कोशिश की है। लेकिन अगर सरकार और प्रशासन रेबिका और पहाड़िया समाज के लोगों को त्वरित न्याय दिलाने के लिए आगे नहीं बढ़ा, तो यह न्याय मार्च जल्द न्याय विद्रोह या संथाल विद्रोह का रूप ले लेगा। अगर वहां के जनप्रतिनिधि समय रहते नहीं चेते, तो जब वह अगली बार हाथ जोड़ वोट मांगने उनके द्वार पहुंचेंगे, तब उन्हें असली विरोध का सामना करना पड़ेगा। सच कहा जाये तो संथाल परगना का पहाड़िया समाज अब जग गया है।

वह यह जान गया है कि वहां के जनप्रतिनिधि वोट लेने के लिए तो उसके पास आयेंगे, उस समय वे उन्हें आश्वासन भी देंगे, लेकिन जब सचमुच में उनके लिए कहीं कंधा से कंधा मिला कर खड़ा होने की बात आयेगी, हक के लिए आवाज उठाने की बात होगी, तो ये जनप्रतिनिधि गायब हो जायेंगे। इसलिए कि उन्हें पता है कि इसमें तो उन्हें कोई आर्थिक लाभ मिलनेवाला नहीं है। फिर वोट गड़बड़ाने का भी खतरा होता है, ऐसे में वह किसी रेबिका पहाड़िया जैसी सामान्य लड़की के लिए आवाज उठा कर अपना मुसलिम वोट बैंक क्यों खराब करेंगे। दरअसल आज की राजनीति बिजनेस हो गयी है। ज्यादातर राजनेता वोट के सौदागर हो गये हैं। इसलिए इन्हें फायदे नुकसान की समझ कुछ ज्यादा ही हो गयी है। जन मुद्दों के लिए इनके पास समय नहीं है, ऐसे में आम जनता क्या करे। आंदोलन के सिवा उसके पास और कोई रास्ता नहीं बचता। संथाल में भी यही हो रहा है। सफेद कपड़ों के पीछे की कालिख अब सामने दिखाई पड़ने लगी है। वोट के सौदागरों का चेहरा बेनकाब हो गया है। ऐसे में अब वहां के आदिवासी समाज ने अपनी लड़ाई खुद लड़ने की ठानी है। शुक्रवार को जिस आक्रोश के साथ पहाड़िया समाज के लोग सड़कों पर थे, यह महज दिखावा नहीं था, बल्कि आनेवाले समय के लिए उनकी चेतावनी थी। वे चेता रहे थे कि अब वे अपनी बहू-बेटियों की इज्जत से खेलनेवालों को सबक सिखायेंगे। वे अब फिर किसी रेबिका को दिलदार अंसारी जैसे हैवानों की भेंट नहीं चढ़ने देंगे।

# विकास और सुशासन के प्रणेता राष्ट्रनायक अटल बिहारी वाजपेयी

**रविनाथ किशोर**




असाधारण राजनीतिक व बौद्धिक क्षमता से परिपूर्ण, संवेदनशील कवि एवं राजनेता, भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की लंबी सामाजिक जीवन यात्रा भारत और भारतीयता को प्रतिबिंबित करती है। युगपुरुष अटल जी का व्यक्तित्व एवं कृतित्व विशाल था। प्रखर राष्ट्रवादी, ओजस्वी वक्ता, देश विदेश की राजनीति की गहरी समझ रखने वाले अटलजी सर्वस्वीकार्य नेता थे।

25 दिसंबर 1924 को मध्य प्रदेश के ग्वालियर में जन्मे अटलजी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के ध्येयनिष्ठ स्वयंसेवक थे। बाल्यावस्था से ही राष्ट्र एवं समाज सेवा की भावना से वे ओत प्रोत थे। परतंत्रता की बेड़ी से देश को आजाद कराने के लिए अटल जी ने भारत छोड़ो आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभायी।

अटल जी जहां भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्यों में थे वहीं वे 6 अप्रैल 1980 को गठित भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक अध्यक्ष भी रहे। जनसंघ से भाजपा तक की गौरवशाली यात्रा के वे मुख्य नेतृत्वकर्ता थे। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के साथ संगठन के वैचारिक सिद्धांतों को सर्वव्यापी और सर्वस्पशी बनाने के लिए अटलजी ने विभिन्न स्तरों पर कार्य किया। आम जनमानस तक विभिन्न विषयों पर संगठन के विचार और कार्यक्रम पहुंचाने के लिए जहां एक ओर वे निरंतर प्रवास करते थे, ओजस्वी भाषण से जनता को मंत्रमुग्ध कर देते थे वहीं दूसरी ओर कवि तथा संपादक के रूप में अपनी लेखनी से संगठन नीति व सिद्धांत का प्रचार करते थे। संवाद, सहयोग एवं सक्रियता से लोगों को जोड़ने की उनकी अद्भुत क्षमता से संगठन को मजबूती मिलती थी। आलेख , कविता एवं भाषण से राष्ट्रीयता के विचार प्रवाह को प्रखरता प्रदान करने के साथ साथ अपने आचरण, व्यवहार एवं प्रतिबद्धता से वे कार्यकर्ताओं को संगठन में काम करने के लिए प्रेरित करते थे।

वर्ष 1957 में बलरामपुर से पहली बार वे लोकसभा के लिए निर्वाचित हुए। उनका पूरा संसदीय जीवन लोकतांत्रिक आदर्शों एवं मूल्यों को समर्पित रहा। एक सांसद के रूप में, एक मंत्री के रूप में, एक विपक्ष के नेता रूप में तथा

**आजाद सिपाही खास**



एक प्रधानमंत्री के रूप में वाजपेयी जी ने संसदीय लोकतंत्र की गरिमा को स्थापित किया है। यह अटलजी के करिश्माई व्यक्तित्व का ही प्रभाव था कि उन्होंने 22 दलों को साथ लेकर बड़े ही प्रभावशाली तरीके से गठबंधन सरकार चलायी। सभी दलों के नेताओं के बीच समन्वय स्थापित कर देश को सही दिशा में ले जाना कोई आसान काम नहीं था। परंतु वाजपेयी ने इसे संभव कर दिखाया।

पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के नेतृत्व वाली राजग सरकार के कार्यकाल को हम स्वर्णिम काल कह सकते हैं। अटल जी ने ही पहली बार देश के लोगों को सुराज की अनुभूति करायी। विकास और सुशासन के साथ-साथ राष्ट्रीय सुरक्षा की मजबूती पर सर्वाधिक कार्य किया गया। अटल जी की सरकार ने जहां एक ओर परमाणु परीक्षण कर भारत को सैन्य महाशक्ति के रूप में स्थापित किया। भारत को परमाणु शक्ति संपन्न बनाया, वहीं दूसरी ओर अमेरिका सहित अन्य दूसरे देशों के आर्थिक प्रतिबंधों के कुप्रभावों से राष्ट्र की अर्थव्यवस्था को बचाते हुए समर्थ भारत की नींव को मजबूत किया। परिणामस्वरूप कड़े आर्थिक प्रतिबंधों के बावजूद देश में महंगाई नियंत्रित रही। आवश्यक खाद्य पदार्थों की कीमतों में वृद्धि नहीं हुई। सभी जरुरी वस्तुएं सर्व सुलभ थीं। आर्थिक प्रतिबंधों के बावजूद भारत के विकास से दुनिया हैरान थी। सैन्य महाशक्ति के साथ-साथ भारत आर्थिक महाशक्ति के रूप में भी स्थापित हो रहा था। कारगिल युद्ध के दौरान अटल बिहारी वाजपेयी जी द्वारा दृढ़ता पूर्वक लिये गये साहसिक एवं कुटनीतिक फैसलों ने पाकिस्तान के मंसूबों पर पानी फेर दिया।

आंतरिक सुरक्षा के क्षेत्र में भी बड़े पैमाने पर कार्य हुए। अटल बिहारी वाजपेयी जी की सरकार ने भ्रष्टाचार मुक्त शासन दिया। महंगाई और कालाबाजारी को नियंत्रित किया। गैस सिलेंडर भरवाने के लिए जहां पहले लोगों को लंबा लाइन लगनी पड़ती थी अटलजी के शासन काल में यह सर्व सुलभ हो गयी।

श्रद्धेय वाजपेयी जी ने देश के विकास के लिए महात्वाकांक्षी स्वणिम चतुर्भुज योजना शुरू की जिसके तहत 5846 किमी राजमार्ग का निर्माण किया गया। देश के चार कोनों को जोड़ने की इस अनूठी योजना ने विकास को नया आयाम दिया।

अटल जी गांव, गरीब और किसान को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना चाहते थे। इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना को प्रारंभ किया। संचार क्रांति अटलजी की ही देन है। सर्व शिक्षा अभियान अटलजी ने लाया।

पूजनीय अटल बिहारी वाजपेयी जी का झारखंड एवं जनजाति समाज से विशेष लगाव था। वे यहां के लोगों के प्रति काफी स्नेह रखते थे। अलग राज्य की जनभावना को सम्मान देते हुए उन्होंने सत्ता में आने पर झारखंड अलग राज्य का निर्माण के सपने को साकार किया। जनजातीय समुदाय के समग्र विकास और कल्याण के लिए अनुसूचित जनजाति मंत्रालय बनाया। संथाली भाषा को अष्टम अनुसूची में शामिल किया।

देश एवं राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए अटल जी के महत्वपूर्ण योगदान है। हम सभी देशवासी एवं राज्यवासी अटलजी के सदैव ऋणी रहेंगे। हे महानायक ! आपको शत शत नमन

**(लेखक : संपादक,अंत्योदय संकल्प और प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, भाजपा हैं।)**

www.epaper.azadsipahi.in

25 दिसंबर, 2022
पौष, शुक्ल पक्ष, द्वितीया
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही

रांची
रविवार, वर्ष 08, अंक 67

अमेरिका में जन्मे जुड़वां बच्चे लेकर मुंबई लौटीं ईशा अंबानी, 300 किलो सोने का होगा दान



**कोरोना का खतरा : केंद्र हुआ अलर्ट, उठाया ठोस कदम**

# पांच देशों से आनेवालों के लिए आरटीपीसीआर जरूरी

- राज्यों के दिया गया निर्देश, ऑक्सीजन की सप्लाई में कमी न हो, वेंटिलेटर दुरुस्त रखें



आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** देश में कोरोना के खतरे को देखते हुए केंद्र सरकार अलर्ट पर है। चीन, जापान, साउथ कोरिया, हांगकांग और थाईलैंड से आने वाले यात्रियों के लिए आरटी-पीसीआर टेस्ट जरूरी होगा। यदि इन देशों के किसी भी यात्री में कोविड-19 के लक्षण पाये जाते हैं या टेस्ट पॉजिटिव पाया जाता है तो इन लोगों को क्वारैंटाइन किया जाएगा। दिल्ली एयरपोर्ट पर इन देशों से आने वाले यात्रियों की कोरोना जांच शुरू हो गयी है। इस बीच केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने राज्य सरकारों को पत्र भेजा है। इसमें लिखा है कि देश में कोरोना की रफ्तार धीमी है, लेकिन हमें आने वाली चुनौती के लिए पहले से ही तैयार रहना चाहिए। मंत्रालय ने सभी राज्यों को निर्देश दिया है कि ध्यान रखें कि ऑक्सीजन की सप्लाई में कमी न आये। साथ ही वेंटिलेटर और ऑक्सीजन सप्लाई की मशीनें दुरुस्त रखी जाएं।

चीन में बढ़ते कोरोना वैरिएंट बीएफ.7 के खतरे के बीच एम्स के पूर्व डायरेक्टर डॉ रणदीप गुलेरिया ने कहा कि भारत में कोरोना की नयी लहर आने का खतरा नहीं है। क्योंकि यहां के लोगों में हाइब्रिड इम्युनिटी है। उन्होंने बताया कि भारत में फिलहाल हालात ठीक हैं। यहां इंटरनेशनल ट्रैवल बैन करने की जरूरत नहीं है। कोरोना के गंभीर मामले सामने आने और अस्पताल में लोगों को भर्ती किए जाने की संभावना बहुत कम है क्योंकि भारत के लोगों में नेचुरल इन्फेक्शन और वैक्सीनेशन कवरेज अच्छा होने की वजह से हाइब्रिड इम्युनिटी है।

### कोरोना से जुड़ी खास बातें

- कटरा स्थित माता वैष्णो देवी में बिना मास्क पहने किसी भी श्रद्धालु को दर्शन की अनुमति नहीं मिलेगी।
- आर्मी ने एडवाइजरी जारी कर जवानों को कोविड प्रोटोकॉल जैसे मास्क पहनने, सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने के लिए कहा।
- भारत जोड़ो यात्रा में आज से सभी यात्री मास्क पहनेंगे।
- देश में पिछले 24 घंटों में 201 नये कोरोना केस सामने आये हैं।
- भारत में एक्टिव मामले 3,397 हैं, जो कुल मामलों का 0.01% है। रिकवरी रेट फिलहाल 98.8% है।
- स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है : 75% लोगों ने बूस्टर डोज नहीं लिया।

# सीएम ने तीन अभियंताओं के विरुद्ध दिया अभियोजन स्वीकृति का आदेश

## अभियंताओं पर सरकारी पद का दुरुपयोग, आपराधिक षडयंत्र और धोखाधड़ी कर राशि गबन करने का आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रामगढ़ थाना कांड स.-208/11 के प्राथमिकी अभियुक्त तत्कालीन कार्यपालक अभियंता गुमानी रविदास, सेवानिवृत प्रभारी कार्यपालक अभियंता देवदर्शन सिंह और तत्कालीन सहायक अभियंता सुनील कुमार के विरुद्ध भारतीय दंड विधान, 1860 की धारा -406/419/420/467/468/471/34 के तहत अभियोजन स्वीकृत्यादेश दिया है।

रामगढ़ जिला में महिला आईटीआई के निर्माण हेतु प्राक्कलित राशि 80, 77,160 रुपये के विरूद्ध प्राथमिकी अभियुक्तों को 50,00,000 रुपये निर्माण हेतु भुगतान किया गया। योजना के जांच के क्रम में कार्य की गुणवत्ता एवं मापी में कमी पायी गयी। फलतः योजना की तकनीकी जांच सहायक अभियंता एवं इनके द्वारा की गयी। जांच के क्रम में काफी वित्तीय अनियमितता पायी गयी। कुल प्राप्त 50,00,000 रुपये के विरूद्ध अधिकतम मूल्यांकन 34,00,000 रुपये पाया गया, जबकि कार्य के विरूद्ध पूरी राशि के व्यय होने की बात दर्शायी गयी। इस कार्य के क्रियान्वयन में लगभग 15,00,000 रुपये उपरोक्त प्राथमिकी अभियुक्तों द्वारा गबन किये जाने की बात परिलक्षित होती है। इसी प्रकार पुरुष आइटीआइ रामगढ़ के निर्माण की प्राक्कलित राशि 3,35,39,453 रुपये थी, जिसके विरुद्ध कुल 3,15,39,453 रुपये निर्माण हेतु भुगतान किया गया। उक्त कार्य कनीय अभियंता माधव प्रसाद सिंह, हरिहर चौधरी एवं वासुदेव प्रसाद द्वारा कराया गया एवं मापी पुस्तिका में दर्ज की गयी। इस योजना के जांच के क्रम में कराये गये कार्यों एवं मापी पुस्तिका में दर्ज मापी में अंतर पायी गयी। इस प्रकार उपरोक्त वर्णित प्राथमिकी अभियुक्त द्वारा सरकारी पद का दुरुपयोग, अपराधिक षडयंत्र, धोखाधड़ी एवं प्रक्रियाओं का उल्लंघन करते हुए सुनियोजित ढंग से वित्तीय अनियमितता करते हुए सरकारी राशि गबन करने का आरोप गठित किया गया है।

# इडी ने अनूप सिंह से पूछा, सरकार गिराने के लिए 10 करोड़ का ऑफर किसने दिया?

## आठ घंटे तक चली पूछताछ, कई सवालों के जवाब से संतुष्ट नहीं हुई इडी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** रांची स्थित इडी के क्षेत्रीय कार्यालय में कांग्रेस विधायक जयमंगल सिंह उर्फ अनूप सिंह से करीब आठ घंटे पूछताछ की गयी। जयमंगल सिंह शनिवार करीब 11 बजे इडी कार्यालय पहुंचे थे। उनसे देर शाम तक पूछताछ हुई। सूत्रों के अनुसार इडी ने उनसे पूछा कि झारखंड में सरकार गिराने के लिए उन्हें किसने 10 करोड़ रुपये का ऑफर दिया था। उनसे किसी ने टेलीफोन पर ऑफर दिया था या व्यक्तिगत रूप से कोई मिलने आया था। क्या उन्हें कोई टोकन राशि भी दी गयी थी। इडी ने उनसे कहा है कि उनके पास साक्ष्य के रूप में कुछ भी है, तो वह इडी को उपलब्ध करायें। इडी ने उनसे यह भी जानना चाहा कि उन्होंने पूछताछ के दौरान बंगाल पुलिस के सामने क्या बयान दिया है। इडी ने अनूप सिंह से यह भी पूछा कि क्या पार्टी तोड़ने की पेशकश के बाद उन्होंने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को सूचित किया था या नहीं और क्या कार्रवाई की गयी थी। क्या पूर्व में भी उनसे संपर्क किया गया था। इस दौरान कोतवाली थाने में वर्ष 2020 में दर्ज प्राथमिकी का हवाला दिया गया। इडी सूत्रों की मानें तो पूछताछ में अनूप सिंह ने संतोषजनक जवाब नहीं दिया। कई सवालों पर वह चुप्पी साध गये, तो कुछ सवालों का जवाब उन्होंने सिर्फ हां या ना में दिया।

**कैश कांड में बंगाल पुलिस के हत्थे चढ़े थे कांग्रेस के तीन विधायक :** बता दें कि बंगाल पुलिस ने कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी, राजेश कच्छप और नमन बिक्सल कोंगाड़ी को 30 जुलाई को 48 लाख रुपये के साथ गिरफ्तार किया था। मामले में कांग्रेस विधायक जयमंगल सिंह ने अरगोड़ा थाने में जीरो एफआइआर दर्ज कर दावा किया कि इन विधायकों ने उन्हें भाजपा में शामिल होने के लिए 10 करोड़ रुपये की पेशकश की थी, जबकि पकड़े गये विधायकों का कहना था कि नकदी उनकी थी, वे साड़ी खरीदने के लिए लेकर आये थे। जयमंगल सिंह ने दावा किया था कि विधायकों ने उनसे कहा कि हिमंत बिस्वा सरमा उन्हें करोड़ो रुपये के अलावा मंत्री पद भी देंगे। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक इडी ने उनसे यह भी जानना चाहा कि वे असम के मुख्यमंत्री अनंत विस्व सरमा के पास क्यों गये थे। क्या वह उनको पहले से जानते हैं। इडी ने उनसे कई और सवालों का जवाब जानना चाहा। सूत्रों का कहना है कि कई सवालों के जवाब में अनूप सिंह उलझ गये। इडी उन्हें दोबारा पूछताछ के लिए बुला सकती है।

# अब मथुरा में शाही ईदगाह के सर्वे का आदेश

आजाद सिपाही संवाददाता

**मथुरा।** मथुरा के श्रीकृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह विवाद में जिला कोर्ट ने शनिवार को बड़ा आदेश दिया। यहां भी वाराणसी के ज्ञानवापी परिसर की तरह मस्जिद का सर्वे होगा। सीनियर डिवीजन की कोर्ट ने हिंदू सेना की याचिका पर यह आदेश दिया। रिपोर्ट 20 जनवरी को कोर्ट में पेश की जाएगी। सर्वे 2 जनवरी से होगा। सिविल जज सीनियर डिवीजन (तृतीय) की अदालत ने शाही ईदगाह मस्जिद का अमीन सर्वे करने का आदेश किया है। हिंदू पक्ष का दावा है कि शाही ईदगाह में स्वास्तिक का चिह्न, मंदिर होने के प्रतीक के साथ मस्जिद के नीचे भगवान का गर्भ गृह है।



## दिगंबर जैन विद्यालय में क्रिसमस दिवस का आयोजन



कोडरमा (आजाद सिपाही)। श्री दिगम्बर जैन विद्यालय में शनिवार को क्रिसमस दिवस बडे ही शानदार तरीके से मनाया गया। मौके पर सी सी ए इंचार्ज सुप्रिया गौरव ने क्लास एलकेजी से 2 तक के छात्रो में फेन्सी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया जिसमे अनेक बच्चे सेंटा बनकर इस कार्यक्रम में भाग लिया। क्लास 3 से क्लास 8 तक के छात्रों के बीच छात्रों डांस कंपटीशन आयोजन किया गया जिसमे अनेक बच्चो ने भाग लिया। कार्यक्रम में निर्णायक की भूमिका विद्यालय के सहसंयोजक नवीन जी सेठी ने निभाई और छात्रो को शुभ मंगलकामनाएं भी दी।विद्यालय संयोजक सुनील छाबड़ा ने एवं सह संयोजक राजेश पांड्या, मनीष सेठी, संदीप सेठी, रीता सेठी सभी ने क्रिसमिस की शुभ कामनाएं दी। मौके पर विद्यालय के शिक्षक सीनियर शिक्षक सतीस सर, बसंत सर, साहिल, सूरज, मानसी, कल्याणी, शुभम, राजदेव, कोमल, अर्चना, सालनी, पूजा, वर्तिका, प्रतीक्षा, ऋचा, शालू शिक्षको की उपस्थिति मौजूद रही।

## समस्याओं का ससमय निष्पादन के लिए स्वच्छता दल का गठन

कोडरमा (आजाद सिपाही)। उपायुक्त कोडरमा के निदेर्शानुसार कोडरमा जिले के शहरी क्षेत्रों की वार्डो, सार्वजनिक स्थलों की साफ सफाई एवं अन्य समस्याओं के समाधान को लेकर झुमरी तिलैया नगर परिषद् नगर प्रशासक कटिबद्ध है। झुमरीतिलैया नगर परिषद् क्षेत्र अंतर्गत वार्डो और सार्वजनिक स्थलों की साफ सफाई की जा रही है ताकि शहर साफ सुथरा व सुंदर दिखे। नगर प्रशासक के निर्देश पर सफाई मित्रों द्वारा वार्डो, सार्वजनिक स्थलों की साफ सफाई की जा रही है। झुमरी तिलैया नगर परिषद् क्षेत्र अंतर्गत वार्डो, सार्वजनिक स्थलों एवं अन्य समस्याओं के ससमय के निष्पादन हेतु त्वरित कार्रवाई स्वच्छता दल का गठन किया गया है। उक्त जानकारी नगर प्रशासक झुमरी तिलैया नगर परिषद विनित ने दी। सूचना प्राप्त होते ही त्वरित कार्रवाई स्वच्छता दल द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए पृथक वाहन एवं सफाई मित्रों द्वारा उक्त स्थल की साफ-सफाई सुनिश्चित करते हुए समस्या का निष्पादन किया जाएगा। नगर प्रशासक विनित ने बताया कि समस्या का समाधान नहीं होने पर त्वरित करवाई स्वच्छता दल व शहरवासी सुपरवाइजर विनोद कुमार यादव मोबाइल नंबर 96311 03104 पर संपर्क किया जा सकता है।

## सरकारी स्कूलों में हुई साप्ताहिक जांच परीक्षा



कोडरमा (आजाद सिपाही)। जिले के सभी विद्यालयों में समय-समय पर बच्चों का टेस्ट लेकर वार्षिक परीक्षा का अभ्यास भी कराया जा रहा है। इसी क्रम में आज प्रोजेक्ट रेल के तहत जिले के करीब सभी सरकारी विद्यालयों में कक्षा 9वीं व 10वीं के छात्र- छात्राओं का साप्ताहिक टेस्ट लिया गया। बच्चों का आज अंग्रेजी एवं गणित विषय का टेस्ट लिया गया। प्रोजेक्ट रेल के तहत हो रहे इस साप्ताहिक टेस्ट में बच्चों ने बढ़-चढकर भाग लिया। ज्ञात हो कि प्रश्नपत्र का पैटर्न स्कूल की वार्षिक परीक्षा को ध्यान में रखकर शिक्षकों की गठित टीम द्वारा तैयार किया गया था। साथ ही टेस्ट के पश्चात शिक्षकों द्वारा बच्चों को प्रश्न पत्र का पैटर्न व सही उत्तर बताया गया।

## पतंजलि परिवार ने किया कंबल वितरण

झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)। पतंजलि परिवार योग समिति हरिद्वार के तत्वाधान में निशुल्क कंबल वितरण वार्ड नंबर 23 गैस गोदाम गली में किया गया। यह कार्यक्रम सुभाष मोदी, वीरेंद्र मोदी, आलोक कुमार सिन्हा के अगुवाई में किया गया। कंबल का वितरण मुख्य अतिथि योगी सुषमा सुमन ने किया। उन्होंने योग की जानकारी देते हुए बताया कि ठंड से कैसे हम बच सकते हैं। मंच संचालन करते हुए योगी प्रदीप कुमार सुमन ने बताया कि योग आयुर्वेद के साथ-साथ मूल सुविधा से वंचित रह रहे वैसे व्यक्ति के लिए भी सेवा करने की जरूरत है। कार्यक्रम में सुभाष मोदी, वीरेंद्र मोदी, अजय मोदी, मिथिलेश मोदी, शशिकांत उपाध्याय, संजय यादव, गोविंद यादव, मृदुला सिन्हा, आलोक कुमार सिन्हा, डॉ विनय कुमार, सुभाष बरनवाल, खोखन कुमार, लक्ष्मण राम, रंजीता देवी, कंचन सिंह, सनी केसरी, सुनील कुमार, शंकर वर्णवाल, बाबाजी और पतंजलि योग शिक्षकों ने मदद किया।

## अंडर 14 सुपर सिक्स का मैच खेलने कोडरमा की क्रिकेट टीम बोकारो रवाना



कोडरमा (आजाद सिपाही)। झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में खेले जा रहे इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर 14 क्रिकेट टूनार्मेंट का सुपर सिक्स मुकाबला बोकारो और धनबाद में होना है। कोडरमा की टीम ग्रुप चैंपियन बनकर अगले राउंड की मैच खेलने बोकारो के लिए रवाना हो गई। 25 दिसंबर को कोडरमा का मुकाबला बोकारो से है और 27 दिसंबर को हजारीबाग से, 29 दिसंबर को फाइनल मैच धनबाद में होना है। कोडरमा की टीम मैनेजर ओमप्रकाश और दीपक कुमार के नेतृत्व में सुजीत यादव (कप्तान), प्रियेश कुमार (उप कप्तान), धीरज कुमार, अमन कुमार सिंह, कुश कुमार, सागर कुमार, अंकित यादव, साकिब अंसारी, रोहान कुशवाहा, विशाल कुमार, अभिषेक कुमार, विपिन कुमार, चिंटू कुमार और आयुष कुमार (जूनियर) के साथ बोकारो के लिए शनिवार को प्रस्थान किया है।

## भाकपा अंचल परिषद चंदवारा की बैठक

चंदवारा (आजाद सिपाही)। भाकपा अंचल परिषद चंदवारा की बैठक सांस्कृतिक भवन चंदवारा में रामकृष्ण शर्मा की अध्यक्षता में शनिवार को की गई। बैठक में विगत कार्यक्रमों का कार्य रिपोर्ट अंचल मंत्री सच्चिदानंद पांडे ने प्रस्तुत किया। बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय परिषद सदस्य महादेव राम ने कहा कि आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में जिन लाभुकों ने पशुधन योजना के तहत हजारों आवेदन दिया है। साथ ही प्रवास के लिए हजारों आवेदन आया है, विभिन्न विभागों में जो आवेदन आए हैं वह आवेदन सभी प्रखंडों में धूल चाट रहा है। पशुधन योजना के तहत प्रखंड वार 15 गाय टारगेट है जिन हजारों आवेदकों ने गाय के लिए आवेदन दिया है उनके साथ सरकार द्वारा धोखा दिया गया है। सीपीआई जिला मंत्री प्रकाश रजक ने कहा कि जिले में अवैध पत्थर का खदान चल रहा है सैकड़ों अवैध क्रशर चल रहा है जो प्रदूषण फैला रहा है। जिला प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है। प्लांट से जो ट्रक ऐश ढो रहा है, ओवरलोड चल रहा है।

## सदर विधायक का लोगों ने जताया आभार



हजारीबाग (आजाद सिपाही)। हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल द्वारा झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र के अंतिम दिन जोरदार तरीके से हजारीबाग में हवाई अड्डा निर्माण को लेकर उठाए गए आवाज को लेकर हजारीबाग वासियों में खुशी की लहर है। हजारीबाग के प्रबुद्ध जनों से लेकर आम- आवाम तक विधायक मनीष जायसवाल के इस पहल की स्वतंत्र कंठ से खूब प्रशंसा कर रहे हैं। सदन समाप्ति के बाद हजारीबाग लौटे सदर विधायक मनीष जायसवाल शनिवार की अहले सुबह से ही जनसेवा के कार्यो में मुस्तैदी से जुट गए। अपने आवासीय परिसर अवस्थित सेवा कार्यालय में लोगों की दु:ख-दर्द और उनकी समस्याओं से रूबरू होने के लिए जैसे ही पहुंचे उन्हें बधाई देने वालों का तांता लगने लगा। हजारीबाग ओलंपिक संघ के वरीय उपाध्यक्ष और जिला फुटबॉल संघ के सचिव भैया मुरारी सिन्हा, बड़कागांव के सांढ पंचायत के पंचायत समिति सदस्य उपेंद्र प्रसाद, सेवानिवृत्त डीएसपी सह भाजपा नेता मुकुटधारी महतो, डॉ.संजय सिंह, करनी सेना के प्रदेश उपाध्यक्ष सह वॉलीबॉल एसोसिएशन, चतरा के अध्यक्ष सह मुखिया प्रतिनिधि प्रेम सिंह, कटकमदाग मुखिया प्रतिनिधि सुनील यादव सहित अन्य दर्जनों गणमान्य लोगों विधायक मनीष जायसवाल से मिलकर उनके प्रति आभार जताया।

### प्रतिभा खोज सम्मान समारोह में उमड़ी विद्यार्थियों की भीड़

# कामयाबी के लिए सकारात्मक सोच और खुद पर आत्मविश्वास जरूरी : उपायुक्त

आजाद सिपाही संवाददाता




हजारीबाग। कई लोगों के मन में भ्रांतियां है कि यूपीएससी की परीक्षा काफी कठिन होती है, लेकिन हकीकत यह है कि सकारात्मक सोंच हो और खुद पर आत्मविश्वास हो तो आपके परिश्रम को सही दिशा मिलती है, साथ ही कामयाबी आपसे आकर गले लगा लेती है। इसका जीता जागता उदाहरण मैं खुद हूं। मैंने अपने पहले ही प्रयास में यूपीएससी में 36वां रैंक हासिल कर फिलहाल हजारीबाग उपायुक्त के पद पर सेवा दे रही हूं। बतौर उपायुक्त यह हमारी दूसरी पोस्टिंग है। इससे पूर्व मैं देवघर में अपनी सेवा दे चुकी हूं। उक्त बातें हजारीबाग उपायुक्त नैन्सी सहाय ने कार्मल स्कूल डाकबंग्ला चौक स्थित पराडाइज रिसॉर्ट सभागार में चाणक्य आईएएस एकेडमी की ओर से आयोजित प्रतिभा खोज सम्मान समारोह के दौरान कही। उन्होंने बड़ी संख्या में मौजूद विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि कभी भी मन में निराशा का भाव नहीं पनपने देना चाहिए। अभिभावकों से भी अपने बच्चों को प्रोत्साहित करने की उन्होंने अपील की। सही मार्गदर्शन के लिए कोचिंग को अहम बताते हुए उन्होंने सफलता के लिए सेल्फ स्टडी को लेकर भी चर्चा की। इससे पूर्व मुख्य अतिथि उपायुक्त नैन्सी सहाय, चाणक्य आईएएस एकेडमी के वाइस प्रेसिडेंट विनय मिश्रा, जेनरल मैनेजर रीमा मिश्रा व संस्थान के झारखंड हेड अभिनव मिश्रा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की। मौके पर प्रथम तीन टॉपर्स विवेक कुमार, अजय कुमार व नितेश कुमार को उपायुक्त नैन्सी सहाय, संस्थान के वाइस प्रेसिडेंट विनय मिश्रा, जेनरल मैनेजर रीमा मिश्रा व झारखंड हेड अभिनव मिश्रा के हाथों सम्मानित किया गया और तीनों टॉपर्स को 100 फीसदी छात्रवृत्ति भी संस्थान की ओर से प्रदान की गयी। चाणक्य आईएएस एकेडमी के वाइस प्रेसिडेंट विनय मिश्रा ने बड़ी संख्या में मौजूद विद्यार्थियों और प्रतिभागियों को अपने रूचि के क्षेत्र में ईमानदारी से मेहनत करने की सलाह दी और कहा कि हर व्यक्ति में अद्भुत शक्ति है, बस जरूरत है अपनी शक्ति पहचान कर सही मेहनत किया जाए। उन्होंने कहा कि कई बार लोग अपने कंफर्ट जोन को त्याग नहीं पाते और चुनौतीपूर्ण स्थितियों या संघर्षपूर्ण स्थितियों को स्वीकारने में संकोच करते हैं पर हकीकत तो यह है कि जीवन को संवारने के लिए हर चुनौतियों से गुजरना भी जरूरी होता है। वहीं तालियों की गड़गड़ाहट के बीच विद्यार्थियों को संबोधित करने मंच पर पहुंची संस्थान की जेनरल मैनेजर ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि यहां मौजूद कई विद्यार्थियों में आईएएस बनने की क्षमता इनके अनुशासन से प्रदर्शित होती है। वहीं सम्मानित प्रतिभागियों ने इस कार्यक्रम को काफी अहम बताया और कहा ऐसे कार्यक्रम से जहां विद्यार्थियों का आत्मविश्वास बढ़ता है, वहीं मेहनत कर सफलता की राह आसान बनाने की प्रेरणा भी मिलती है।कार्यक्रम को सफल बनाने में हजारीबाग सेंटर हेड मोहन कुमार, ब्रांच मैनेजर अवधेश कुमार, प्रतिभा खोज प्रतियोगिता परीक्षा के परीक्षा नियंत्रक व युवा लेखक विपिन कुमार, सुभाष कुमार, रमेश कुमार, रंजीत कुमार रंजन, आनंद कुमार सिन्हा, रतनदीप कुमार सिन्हा, आकाश रंजन सिंह व चाणक्य आईएएस एकेडमी, हजारीबाग की पूरी टीम का अहम योगदान रहा।

## अवैध आरा मिल पर चला वन विभाग का बुलडोजर

आजाद सिपाही संवाददाता



विष्णुगढ़ । हजारीबाग पूर्वी वन प्रमंडल के निदेर्शों पर अवैध आरामिलो के विरुद्ध लगातार चलाए जा रहे सघन छापामारी एवं जप्ती अभियान के क्रम में शुक्रवार को विष्णुगढ़ प्रखंड के चटकरी एवं करगालो गाँव में अवैध रूप से संचालित आरामिल पर छापामारी एवं जप्ती की कारवाई की गई। आरामिल के विरुद्ध की गई छापामारी में अवैध रूप से स्थापित आरामिल, आरा हाथी, ट्रॉली, प्लेटफार्म को जेसीबी से समूल उखाड़कर नेस्तनाबूद कर दिया गया और स्थल पर संग्रहित वन पदार्थों लकड़ियों एवं उपस्करों डीजल इंजन, हाथी, विभिन्न प्रजाति के बोट्टा एवं चिरान जिसकी कीमत लगभग दो लाख रुपये से अधिक है,को जप्त करते हुए ट्रेक्टरों द्वारा वन प्रक्षेत्र कार्यालय, बगोदर सरिया परिसर में लाकर रखा गया है। अवैध आरामिलो के खिलाफ की गयी छापामारी एवं जप्ती में आरामिल संचालक, इजरायल अंसारी पिता रजाक अंसारी, विशाल तुरी पिता ठाकुर तुरी ग्राम सारुकुदर, एवं नवरत्न साव ग्राम करगालों पर भारतीय वन अधिनियम, 1927 की धारा 41, 42 एवं बिहार काष्ठ चिरान विनियमन अधिनियम 1990 की धारा 9, 10, 14 के तहत वन मुकदमा दर्ज किया गया है।अवैध आरामिल के विरुद्ध की गई छापामारी एवं जप्ती का नेतृत्व सुरेश राम, वन क्षेत्र पदाधिकारी, बगोदर के द्वारा किया गया। इस क्रम में अवैध आरामिलो के खिलाफ लगातार की जा रही छापामारी एवं जप्ती को लेकर वन क्षेत्र पदाधिकारी ने बताया कि अवैध आरामिलो के खिलाफ छापामारी अभियान लगातार चलते रहेगा और जहाँ भी अवैध आरमिलो के संचालन की सूचना प्राप्त होगी, वहाँ बुलडोजर से इसे ध्वस्त करते हुए विधि-सम्मत कारवाई सुनिश्चत की जाएगी। उन्होने आगे बताया कि वन प्रमंडल पदाधिकारी, हजारीबाग पूर्वी वन प्रमंडल के निदेर्शानुसार चोरी-छिपे चल रहे दर्जनों अवैध आरामिलो पर छापामारी कर आरामिल संयंत्र को बुलडोजर से ध्वस्त किया गया है एवं अवैध रूप से संग्रहित विभिन्न प्रजाति के लकड़ियों को जप्त किया गया है। इस छापामारी अभियान में शामिल प्रक्षेत्र के अंशु कुमार, संजीत रविदास, हीरामन कुमार, रजा अहमद, संजीत वर्मा, डीलो रविदास, उदय केशरी, रंजन कुमार, भुनेश्वर मंडल, सोमनाथ मोदक, वनरक्षी शामिल थे।

## नगर आयुक्त ने चुंगी वसूले जाने वाले स्थानों का किया निरीक्षण

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। नगर निगम हजारीबाग क्षेत्र में व्यवसायिक वाहनों के प्रवेश पर प्रवेश शुल्क की वसूली हेतु बंदोबस्त की गई है। प्रवेश शुल्क के लिए 11 स्थान निर्धारित है जिसमे अभी 6 स्थान पर शुरू किया गया है। ये 6 स्थान है सिरसी नदी से सिरसी चौक तक, कूद रेलवे ब्रिज के पास, पेलावल यूनियन बैंक के पास, बाजार समिति के पास, नूतन नगर चौक के पास तथा क्षितिज हॉस्पिटल के पास। नगर आयुक्त द्वारा उक्त स्थलों का निरीक्षण किया गया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। चुंगी स्थल पर सभी कर्मचारियों को यूनिफॉर्म पहनने को कहा गया है, सभी को आई कार्ड रखना है, वहां बिजली -पानी की उचित व्यवस्था होनी चाहिए। साथ ही साथ सभी अलग-अलग वाहनों के प्रकार के लिए रेट चार्ट लगाना अनिवार्य है। वहाँ सीसीटीवी कैमरा लगाना है। फर्स्ट एड की व्यवस्था रखनी होगी।

## डिवाइन पब्लिक स्कूल में मना क्रिसमस गैदरिंग कार्यक्रम

बरकट्ठा (आजाद सिपाही)। प्रखंड के गंगपाचो स्थित सीबीएसई बोर्ड से प्लस टू तक मान्यता प्राप्त डिवाइन पब्लिक स्कूल में धूमधाम से क्रिसमस गैदरिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा मनोरंजक प्रस्तुति की गई। विद्यालय के निदेशक आई पी भारती ने कहा कि विद्यालय में इस तरह का आयोजन बच्चों में सभी धर्मों के त्योहारों के प्रति प्रेम भावना जागृत करता है। प्राचार्य भानु प्रताप सिंह ने कहा कि भारत विभिन्नता में एकता का संदेश देता है।प्रभु यीशु के आपसी प्रेम,दया,क्षमा जैसा संदेश को समाज में फैलाने की आवश्यकता है । शिक्षिका प्रीति प्रभा ने यीशु मसीह के संदेशों को गीत के रूप में प्रस्तुत कर बच्चों में प्रेम भावना का संदेश दी।


## कोडरमा : वर्ष 2022 में विभिन्न हादसों में 297 लोगों की गयी जान

आजाद सिपाही संवाददाता

कोडरमा। कोडरमा जिले में जनवरी से लेकर अभी तक 297 लोगों की मौत हुई है। औसतन हर महीने लगभग 25 लोगों की मौत हुई है। जिसमें केवल सड़क दुर्घटना की बात करें तो सबसे ज्यादा हादसे मई माह में 18 ओर सबसे कब दिसम्बर में अभी तक 3 की मौत हुई है। जबकि जनवरी में 11, फरवरी 13, मार्च, मार्च 12, अप्रैल 14, मई 18 , जून 16, जुलाई 11 , अगस्त 8, सितबंर 6, अक्टूबर 10, नवंबर 13, दिसम्बर 3 की मौत अलग -अलग सड़क हादसे में हुई। वज्रपात से 2022 में सात लोगों की मौत हुई। वहीं विभिन्न कारणों से हुई मौत की संख्या 40 है। सड़क दुर्घटना समेत अन्य घटनाओ में 297 लोगों की मौत जिले के लिए अत्यंत चिंताजनक रहा है। बता दें कि तेज रफ्तार और गलत दिशा में गाड़ी चलाना दुर्घटनाओं की सबसे बड़ी वजह रही है। यह आंकड़ा सदर अस्पताल का है जबकि सड़क दुर्घटना में दर्जन गंभीर रूप से घायलों को रांची रेफर किया जाता जिसकी मौत रास्ते में या रांची में हो जाती है वह इसमें शामिल नहीं है। वर्ष 2022 में सड़क दुर्घटना में जितनी जाने गई है उससे सबसे ज्यादा दुर्घटनायें रांची पटना रोड एनएच31 के मुख्य मार्ग, कोडरमा गिरिडीह मुख्य मार्ग एवं ग्रामीण सड़क पर हुई दुर्घटनाओं की है। इन दुर्घटनाओं में ज्यादातर ट्रक की चपेट में आने से दो पहिया वाहन व चार पहिया वाहनों के लोग मारे गए। साथ ही पैदल और साइकिल सवार लोग भी दुर्घटना के शिकार हुए हैं। वहीं इन दुर्घटनाओं में मारे जाने वाले से सबसे ज्यादा 16 वर्ष से 45 वर्ष आयु वर्ग के लोग हैं। सड़क दुर्घटनाओं की सबसे बड़ी वजह तेज रफ्तार वाहन चलाना रहा है।

## अंबा प्रसाद ने बड़कागांव चौक से बाइपास सड़क बनाने की मांग विधानसभा में उठायी

आजाद सिपाही संवाददाता



बड़कागांव । शीतकालीन सत्र के अंतिम दिन विधायक अंबा प्रसाद ने गैर सरकारी संकल्प के माध्यम से बड़कागांव चौक मे लगातार लगने वाली जाम से निजात दिलाने के लिए बाईपास सड़क बनाने की मांग की। उन्होंने सदन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि हजारीबाग जिला अंतर्गत बड़कागांव प्रखंड का मुख्य चौक सघन आबादी क्षेत्र है जो तीन जिलों को जोड़ने का कार्य करती है। बड़कागांव मुख्य चौक मार्ग से बड़े एवम भारी वाहनों के लगातार आवागमन के कारण आए दिन लगातार दुर्घटनाएं एवं जाम की समस्या बनी रहती है इसलिए व्यापक जनहित एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए बड़कागांव चौक से बाईपास सड़क बनवाया जाए। अंबा प्रसाद के प्रश्न पर प्रभारी मंत्री बादल पत्रलेख के द्वारा जवाब दिया गया कि बड़कागांव बाईपास एनटीपीसी द्वारा वित्त पोषित हजारीबाग-बड़कागांव - टंडवा - खेलारी-बीजूपाड़ा पथ के चौड़ीकरण मजबूतीकरण/पुनर्निर्माण की परियोजना अंतर्गत स्वीकृत है जिसके निर्माण हेतु निविदा भी आमंत्रित की गई थी। बड़कागांव बाईपास का मार्ग रेखांकन कॉल बैरिंग एरिया में रहने के कारण एनटीपीसी द्वारा बाईपास निर्माण पर सहमति नहीं प्रदान की गयीहै। फलस्वरूप उसे स्थगित कर दिया गया है, माननीय सदस्य की भावना के मद्देनजर विकल्प हेतु पुनः एनटीपीसी से अनुरोध किया गया है। एनटीपीसी द्वारा बाईपास निर्माण पर सहमति नहीं प्रदान करने के जवाब पर अंबा प्रसाद बिफर पड़ी एवं कहा कि सरकार को अनुरोध नहीं बल्कि एनटीपीसी बाईपास निर्माण के लिए आदेशित करना चाहिए। जब उक्त पथ निर्माण राज्य सरकार के अधीन है तो ऐसी परिस्थिति में बाईपास निर्माण के लिए एनटीपीसी से अनुरोध करने की क्या आवश्यकता है। कॉल बैरिंग एरिया में बाईपास सड़क के प्रस्ताव के मामले पर विधायक ने कहा कि एनटीपीसी के द्वारा कई वर्षों पूर्व भूमि अधिग्रहण कर ली जाती है और काम नहीं किया जाता है, बड़कागांव चौक में रोज जाम की समस्या लगी रहती है, घंटों जाम में लोग फंसते हैं और इस तरह से सरकार का जवाब रहता है तो भविष्य में एनटीपीसी कॉल बैरिंग एरिया का हवाला देकर पूरा रोड ही ब्लॉक कर सकती है।

## देशी शराब लदी स्कॉर्पियो को चौपारण पुलिस ने पकड़ा



हजारीबाग (आजाद सिपाही)। चौपारण थाना की पुलिस ने देशी शराब लोड एक बिना नंबर की स्कॉर्पियो गाड़ी को जब्त किया है। गाड़ी में दो प्लास्टिक की बोरी एवम कार्टून में देशी शराब रखा था। साथ ही गाड़ी में तीन अलग अलग नंबर के नंबर प्लेट भी रखा था। हजारीबाग एसपी को गुप्त सूचना मिली थी की जीटी रोड के रास्ते एक बिना नंबर के सफेद रंग का स्कॉर्पियो गाड़ी से शराब तस्करों द्वारा शराब ले जाने वाला है। उक्त सूचना के आलोक में पांडेबारा चौक के पास चौपारण पुलिस द्वारा चेकिंग शुरू किया गया। चेकिंग के क्रम में बिना नंबर का सफेद रंग का स्कॉर्पियो गाड़ी बरही तरफ से आते दिखा। जिसे पुलिस द्वारा रुकने का इशारा किया गया, परंतु उक्त गाड़ी के चालक द्वारा गाड़ी को भगाते हुए पांडे बारा से सेलहारा तरफ भागने लगा। पुलिस को पीछा करते देख गाड़ी में सवार तस्कर उक्त गाड़ी को सेलहारा गांव के बाहर सुनसान जगह पर लगाकर फरार हो गए। पुलिस टीम द्वारा स्कॉर्पियो गाड़ी के पास पहुंचकर जांच किया गया तो पाया कि उक्त गाड़ी के पीछे सीट के नीचे दो प्लास्टिक के बोरा एवं एक कार्टून में टच कंपनी का 180 एमएल का कुल 150 बोतल देशी शराब रखा था। साथ ही बीच वाले सीट के नीचे तीन विभिन्न नंबर प्लेट रखे थे। स्कॉर्पियो गाड़ी को जब्त करते हुए थाना लाया गया। इस संबंध में चौपारण थाना में कांड संख्या 401/ 22 दर्ज कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु छापेमारी जारी है। छापेमारी में थाना प्रभारी शंभू नाथ ईश्वर, एएसआई अशोक कुमार, एएसआई लक्ष्मण तिवारी के अलावे चौपारण थाना की पुलिस शामिल थी।

## कैंपियन बेसिक एकेडमी में तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन



इचाक (आजाद सिपाही)। मानव विकास द्वारा संचालित विद्यालय कैंपियन बेसिक अकैडमी में चल रहे तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन शनिवार को हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बरकट्ठा विद्यायक अमित यादव वहीं विशिष्ट अतिथि भाजपा नेता सह परासी पंचायत के मुखिया अशोक कपरदार एवम् जेएमएम के वरिष्ठ नेता सह बीस सूत्री अध्यक्ष मनोहर राम उपस्थित हुए। इस अवसर पर बच्चों के द्वारा कई रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गये। तत्पश्चात बच्चों के द्वारा 200 मीटर का रिले रेस, कंगारू रेस, जलेबी रेस, फ्रॉग रेस, कैचिंग द बस, पिरामिड सहित कई खेल बच्चों के द्वारा प्रदर्शन किया गया। इस तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान गांधी हाउस, द्वितीय टैगोर हाउस तथा तृतीय स्थान लक्ष्मी हाउस ने प्राप्त किया। मौके पर विधायक ने कहा की हम सभी को खेलकूद पर विशेष ध्यान देना चाहिए जिससे हम सभी का शारिरिक व मानसिक विकास हो सके। वहीं अशोक कपरदार ने कहा की पिछले 17 वर्षो से विद्यालय लगातर बच्चों के संपूर्ण विकास के लिए प्रयास कर रहा है। बीस सूत्री अध्यक्ष मनोहर राम ने कहा की विधालय के मेहनत का ही परीणाम है की इस विद्यालय के बच्चे स्टेट लेवल तक गए हैं। विधालय के सचिव बीरबल प्रसाद ने कहा की इस इचाक की धरती से बच्चे राष्ट्रीय स्तर तक, ओलंपिक तक पहुंचे ये विद्यालय का उद्देश्य है। कार्यक्रम को विधायक प्रतिनिधि सचिदानंद अग्रवाल, पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष गौतम नारायण सिंह, मुखिया नंदू मेहता, प्रबन्धक गणेश शंकर मदन, प्रचार्या सुरभि वर्मा ने भी सम्बोधित किया। इस पूरे कार्यक्रम में निर्णायक की भूमिका सुजीत शर्मा, सूर्यांक गोस्वामी, गौरव कुमार, वहीं संचालन कुनाल कुमार, धनेश्वर कुमार, रंजीत शर्मा ने निभायी।

## भाजपा मंडल की हुई बैठक



बरकट्ठा (आजाद सिपाही)। बरकट्ठा भाजपा मंडल की बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रभारी एवं प्रदेश महिला मोर्चा प्रवक्ता कुमकुम देवी एवं मंडल पालक कुलदीप पांडे ने व संचालन मंडल अध्यक्ष टुकलाल नायक ने किया। बैठक में 25 दिसंबर 2022 को आगामी कार्यक्रम स्वर्गीय अटल बिहारी बाजपयी भूतपूर्व प्रधानमंत्री का जयंती दिवस एवं वर्ष 2022 का प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का मन की बात कार्यक्रम प्रत्येक बूथ स्तर पर मनाया जाना एवं सुना जाने को लेकर चर्चा हुई। प्रदेश महिला मोर्चा प्रवक्ता श्रीमती कुमकुम देवी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी को मुख्य दिशा एवं 2 से 200 की संख्या तक तथा भारतीय जनता पार्टी की देश में सरकार लाने वाले भाजपा के पथ प्रदर्शक स्वर्गीय बाजपेई जी का जयंती समारोह मनाना एवं पार्टी के शीर्ष आदेश का पालन करना हम सभी कार्यकताओं का कर्तव्य है। वर्तमान में भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का मन की बात देश के करोड़ों लोगों के लिए एक संदेश के रूप में है। मंडल पालक कुलदीप पांडे ने संगठन के सभी पदाधिकारियों एवं बूथ स्तर के जमीनी कार्यकताओं से आग्रह किया की अधिक से अधिक संख्या में ६ मौके पर पंचायत प्रभारियों की नियुक्ति किया गया। गोरहर पंचायत से कोलेश्वर प्रसाद, सिलाडीह पंचायत से सुनील पांडे एवं राजकुमार गिरी, बेलकप्पी पंचायत से शंकर साव एवं अर्जुन ठाकुर, बरकट्ठा उत्तरी से दुगार्नंद झा, बरकट्ठा दक्षिणी से जीवन यादव, कोनहारा खुर्द बिरेंद्र शर्मा, चेचकापी पंचायत से वीरेंद्र मेहता, झुझुर्री पंचायत से महेंद्र प्रसाद एवं छोटेलाल प्रसाद, सलैया पंचायत से हीरालाल प्रसाद एवं गोपी प्रसाद को प्रभारी के रूप में नियुक्त किया गया।

## सरकारी स्कूल में गैस सिलेंडर चोरी करने वाले चार आरोपी गिरफ्तार



बरकट्ठा (आजाद सिपाही)। बरकट्ठा पुलिस ने सरकारी विद्यालय में गैस सिलेंडर चोरी करने के चार आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा। इस बाबत थाना प्रभारी विक्रम कुमार ने बताया कि 17 दिसंबर की रात्रि को ग्राम पेसरा स्थित उ0उ0विद्यालय से अज्ञात चोरों के द्वारा किचेन रूम का ताला तोड़कर 04 गैस सिलिंडर को चोरी कर लिया था, इस संदर्भ में स्कूल के प्रधानाध्यापक राजकुमार रविदास के लिखित आवेदन दिया। जिसके बाद पुलिस ने बरकट्ठा थाना कांड संख्या-202/22 दर्ज कर छापामारी किया। छापामारी के दौरान कांड में संलिप्त चार अभियुक्तों रघुनंदन यादव पिता भीखन यादव ग्राम पेसरा निवासी, केदार प्रसाद उर्फ सोनू पिता अमृत महतो ग्राम गयपहाडी निवासी, अनु पासवान पिता राजू पासवान ग्राम पेसरा निवासी एवं संतोष कुमार पिता दिनेश प्रसाद ग्राम गयपहाडी निवासी को पकड़ा गया। उनके निशानदेही पर चोरी किये 04 गैस सिलिंडर को उनके घरों से बरामद किया गया। जिसके पश्चात चारो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

## झारखंड बिरसा इंटर कॉलेज के बच्चों का शैक्षिक भ्रमण का आयोजन




चरही (आजाद सिपाही)। चुरचू स्थित झारखंड बिरसा इंटर कॉलेज चुरचू की ओर से वर्ग ग्यारहवीं के छात्रों के द्वारा एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शैक्षणिक भ्रमण में कुल 100 छात्र शामिल और 7 शिक्षक गण शामिल हुआ । शैक्षणिक भ्रमण कॉलेज से प्रस्थान कर रामगढ़ के पतरातू वैली होते हुए जोन्हा वाटरफॉल से कॉलेज की ओर प्रस्थान किया । इस शैक्षणिक भ्रमण के बीच छात्रों के द्वारा बसों में सांस्कृतिक कार्यक्रम किए गये जिनमें संगीत, चुटकुले, वाद विवाद इत्यादि है। शैक्षणिक भ्रमण के समय छात्रों में एक अलग तरह का उल्लास देखा गया अनुशासन में रहकर कई तरह की शिक्षकों से जानकारियां प्राप्त की और उन्होंने शैक्षणिक भ्रमण का काफी महत्व दिया। यह संपूर्ण कार्यक्रम झारखंड बिरसा इंटर कॉलेज के डायरेक्टर चंद्रदेव शर्मा प्रिंसिपल महेंद्र , अध्यापक निर्मल, अध्यापक विजय, कृपा मैम और प्रियंका मैम के इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

### प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान की निक्षय पोषण योजना के तहत डीसी ने टीबी मरीजों को सौंपा पोषण किट

# भारत सरकार का लक्ष्य, 2025 तक टीबी रोग मुक्त हो हमारा देश : डीसी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के निक्षय पोषण योजना के तहत टाटा स्टील वेस्ट बोकारो द्वारा टाटा स्टील फाउंडेशन सभागार, वेस्ट बोकारो कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीसी माधवी मिश्रा थी। कार्यक्रम में माधवी मिश्रा, महाप्रबंधक वेस्ट बोकारो डिवीजन टाटा स्टील अनुराग दीक्षित सहित अन्य के द्वारा गोला एवं मांडू प्रखंड के



कुल 20 मरीजों के बीच 2 महीने के लिए 40 पोषण किट का वितरण किया गया। मौके पर उपायुक्त ने इस पहल के लिए टाटा स्टील फाउंडेशन की सराहना करते हुए कहा कि भारत सरकार का लक्ष्य है कि 2025 तक टीबी रोग को देश से पूरी तरह से समाप्त कर दिया जाए। इस रोग को जड़ से खत्म करने के लिए यह बहुत जरूरी है कि सही समय पर मरीजों की पहचान की जाए एवं उन्हें सही उपचार दिया जाए। टीबी मरीजों को प्रोटीन युक्त भोजन की बहुत आवश्यकता होती है जिस प्रकार से आज मरीजों के बीच पोषण किट का वितरण किया गया है वह उन्हें काफी सहायता प्रदान करेगा।

### टाटा स्टील फाउंडेशन का मुख्य उद्देश्य कल्याणकारी कार्यक्रमों में योगदान देना : अनुराग

कार्यक्रम में महाप्रबंधक टाटा स्टील फाउंडेशन वेस्ट बोकारो डिवीजन अनुराग दीक्षित ने कहा कि टाटा स्टील फाउंडेशन का उद्देश्य शुरू से ही सामुदायिक कल्याण के क्षेत्र में कार्य कर समाज के विकास में योगदान देना है और हम जिला प्रशासन के साथ लगातार समन्वय करके इस दिशा में कार्य कर रहे हैं। गौरतलब हो कि प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान अंतर्गत निक्षय पोषण योजना के तहत टाटा स्टील फाउंडेशन, वेस्ट बोकारो डिवीजन द्वारा सीएसआर के तहत मांडू और गोला प्रखंड के करीब 250 से अधिक टीबी रोगियों को 1 वर्ष के लिए अनुशंसित फूड बास्केट के अनुसार पोषण आहार किट की सहायता प्रदान की जाएगी।

## विस्थापित समिति न्यू बिरसा ने प्रतिदिन रोड सेल में कोयला देने की मांग की

**उरीमारी (आजाद सिपाही)।** कार्यालय न्यू बिरसा पोटंगा में विस्थापित समिति न्यू बिरसा पोटंगा की बैठक समिति के अध्यक्ष श्री सूरज बेसरा की अध्यक्षता में हुई। बैठक का संचालन गणेश गंझू ने किया। इस बैठक में पोटंगा के न्यू बरटोला, भुरकुंडवा, रसकाटोला, गंधौनिया, जोजोटोला, मुगाटीला, गेराटोला, डेरकाटोला, कमार्टील्हा एवं पोटंगा के सैकड़ों विस्थापित ग्रामीण एवं महिला उपस्थित हुए। विस्थापित समिति के अध्यक्ष सूरज बेसरा ने कहा कि हमलोगों ने सीसीएल प्रबंधन को कंपनी के हित में अपना जमीन दिया। रोजगार का एकमात्र साधन रोड सेल है। रोड सेल से ही यहां के विस्थापितों को रोजगार मिलता है। लेकिन प्रबंधन द्वारा रोड सेल के लिए गुणवता का कोयला आपूर्ति भी प्रतिदिन नहीं किया जाता है। जिससे रोड सेल का गाड़ी कई दिनों तक कोलियरी में ही खड़ा रहता है। सीसीएल प्रबंधन से मांग किया गया कि प्रतिदिन रोड सेल के लिए कोयला दिया जाय। वहीं विस्थापित ग्रामीणों ने एक स्वर में कहा कि न्यू बिरसा में जो 4000 टन तक पावर हाउस कोयला आता है उसे रोड सेल के माध्यम से उठाया जाय। जिससे पोटंगा के सभी टोला के विस्थापितों को सुचारू रूप से रोजगार मिल सके। इस बैठक में विस्थापित समिति के कोषाधक्ष संजय करमाली, विश्वनाथ मांझी, बिनोद हेंब्रम, सन्नी सोरेन, गिरधारी प्रजापति, अकल मुंडा, पप्पू हांसदा, पंकज हेंब्रम, विजय सोरेन, अजय मरांडी, प्रेम सोरेन, अजय करमाली, सोनामती देवी,बुधनी देवी,मंझली देवी,संगीता देवी सहित सैकड़ों महिला पुरुष उपस्थित थे।

## कुजू पुलिस ने अवैध कोयला लदा 709 ट्रक किया जब्त

**कुजू (आजाद सिपाही)।** कुजू पुलिस ने क्षेत्र के महुआटुंगरी में बीती रात अवैध कोयला लादते एक 709 ट्रक को जप्त किया। जबकि कोयला तस्कर और चालक मौके से फरार हो गए। इधर, पुलिस ने चालक – मालिक समेत 5 लोगों के खिलाफ ओपी में मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार, शुक्रवार की देर रात करीब एक बजे कुजू ओपी प्रभारी धनंजय प्रसाद को गुप्त सूचना मिली कि महुआटुंगरी में भंडारण किए गए अवैध कच्चा कोयला को ट्रक पर लादा जा रहा है। त्वरित कार्रवाई करते हुए ओपी प्रभारी धनंजय प्रसाद और अनि चेतन सिंह सहित सशस्त्र बल के साथ उक्त स्थल पहुंचे। जहां पुलिस की भनक पाकर कोयला तस्कर व ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। वही, पुलिस ने करीब 6 टन अवैध कच्चा कोयला लदे 407 ट्रक संख्या जेएच 01 टी– 0646 को जप्त कर ओपी ले आई। जहां पुलिस ने ट्रक चालक और मालिक समेत कोयला तस्कर अरशद अंसारी और रियासत अंसारी (दोनों के पिता रकीब अंसारी) और साबिर अंसारी पिता जमालुद्दीन अंसारी ( सभी महुआटुंगरी निवासी) के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से साइकिल सवार मजदूर की मौत

**कुजू (आजाद सिपाही)।** ओपी क्षेत्र अंतर्गत कोरियाघाटी फोरलेन में शनिवार अहले सुबह एक अज्ञात वाहन की चपेट में आने से कोयला लाने जा रहे साइकिल सवार मजदूर की मौत घटनास्थल पर ही हो गयी। युवक की पहचान दिगवार निवासी दिलेश्वर करमाली उम्र( 43 वर्ष ) पिता स्व कार्तिक करमाली के रूप में हुई। घटना के बाद कुजू पुलिस ने शव को कब्जे में कर अंत्यपरीक्षण के लिए रामगढ़ सदर अस्पताल भेज दिया। जानकारी के अनुसार मृतक दिलेश्वर अपने घर से साइकिल लेकर कोयला लाने के लिए कुजू की ओर जा रहा था। इसी दौरान उक्त घाटी में अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौत घटनास्थल पर ही हो गई। घटना के बाद से मृतक की पत्नी समेत बच्चे क्रमशः बबीता कुमारी, अमर करमाली, सुजाता कुमारी, सपना कुमारी, नेहा कुमारी एवं अन्य परिजनों का रो रो कर बुरा हाल था।

## तीसरी बार एटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने गये रमेंद्र कुमार, कार्यकर्ताओं में हर्ष



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन (एटक) कार्यालय, रिवर साइड में शनिवार को कोयलांचल वासियों ने देश के मातृत्व संगठन एटक का तीसरी बार राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने जाने पर रमेन्द्र कुमार के स्वागत में आतिशबाजी कर बधाई दी गई। कार्यक्रम में ब्रम्हर्षि समाज के रामगढ़ जिला अध्यक्ष रबिन्द्र शर्मा एवं सचिव दिवाकर सिंह साथ ही प्रेस क्लब की ओर से सरोज कांत झा एवं अन्य पत्रकार द्वारा अंगवस्त्र एव पुष्पगुच्छ देकर स्वगत करते हुए रमेंद्र कुमार का नागरिक अभिनंदन किया गया। इस दौरान नारायण शर्मा, अनमोल सिंह, एमएम. झा द्वारा पुष्पगुच्छ एवं श्रीफल साथ ही एटक नेता नरेश मंडल, रामनेक ठाकुर, राजेश कुमार, अखिलेश शर्मा, रमेश रॉय, भोला सिह, रंजीत सिंह विनोद कुमार, और एजेकेएसएस के महामंत्री सतीश कुमार सिन्हा द्वारा अंगवस्त्र और उनके संगठन के साथियों संजय मिश्रा, इंद्रदेव पासवान, विकाश कान्त सिन्हा, एसएस डे, चिप हाउस पंचायत के मुखिया विकाश पांडेय, नवल पांडेय, दीपक सिंह, अमित सिह, राजू गुप्ता आदि ने रमेंद्र कुमार को फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। बधाई देने वाले कोयला कर्मियों में अनुज कुमार, रंजीत शर्मा, बुलटन सिह, अशोक राम, अफजल हुसैन, प्रेम सिंह, मो अतीक, सुरेंद्र महतो, कमलेश कुमार, विनोद सिंह, धर्मेंद्र मिश्रा सहित दर्जनों लोग शामिल थें।

## ब्राह्मण समाज चतरा के चुनाव की तैयारी पूर्ण




**चतरा (आजाद सिपाही)।** चतरा शानिवार को कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज की चतरा जिला में होने वाली जिला कमिटी की चुनाव रविवार को कार्तिक उरांव उच्च विद्यालय ऊंटा में पूरे चतरा जिला के कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज के लोग इस चनाव मे भाग लेंगे। चुनाव सुबह 8:30 बजे शुरू किया जाएगा, जिसमे चतरा जिले के कोने कोने से स्वजाति बंधु भाग लेंगे और चुनाव में अपना कीमती मत का प्रयोग करेंगे ताकि निर्भीक निष्पकच्छ तरीके से वोट हो और समाज को एक अच्छी नेतृत्व के तहत विकास को गति दिया जाय। मतदान का कार्य पूरा होने के एक घंटे के बाद ही मतगणना का कार्य कर, प्रत्याशियों को सर्टिफिकेट दिया जाएगा। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष अमरेश गणक ने कहा कि चतरा की इस चुनाव से पूरे प्रदेश में एकता का एक बड़ा इतिहास लिखयेगा, जिसका गवाह कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज झारखंड बनेगी इसलिए हम तमाम चतरा जिला अपने स्वजाति बन्धुओं से अपील करते है कि अधिक संख्या में भाग लेकर चुनाव को सफल बनायें। इस मौके पर प्रदेश कमिटी के प्रदेश प्रवक्ता नंद किशोर पांडेय, उमेश पांडेय, सोनू कुमार पाण्डेय, यदुनंदन पांडेय, गौतम पांडेय, बैजनाथ पांडेय, नरेश पांडेय, मुकेश पांडेय, पंकज शास्त्री, संजय पांडे, टीकम पांडेय, भैरव शास्त्री, सतीश मिश्र, पंकज पांडेय, गोविंद पांडेय, मुरारी पांडेय, बंटी मिश्र, शम्भू नाथ पांडेय, सहित सैकड़ों की संख्या में समाज के लोग शामिल थे।

# श्री अग्रसेन स्कूल में मनाया क्रिसमस कार्निवाल, बच्चों की मनोकामना हुई पूरी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुरकुंडा।** श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में शनिवार को क्रिसमस की पूर्व संध्या पर क्रिसमस कार्निवल का आयोजन हुआ। कार्निवल में बच्चों ने जमकर मस्ती की। जिंगल बेल्स और कैरोल से पूरा स्कूल परिसर गूंज उठा। आयोजन में शिक्षकों, बच्चों और उनके अभिभावकों ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया। बीच-बीच में सांता बने शिक्षकों ने बच्चों को टॉफियां बांटकर धूम मचाई। विभिन्न गीतों पर बच्चों ने जमकर नृत्य किया। कार्निवल में आकर्षक चरनी भी सजाई गई थी। शिक्षिका सीमा लकड़ा ने सभी को बताया कि क्रिसमस क्यों मनाया जाता है। ईसा मसीह के जीवन पर प्रकाश डाला। स्कूल के निदेशक प्रवीण राजगढ़िया ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि क्रिसमस एक ऐसा त्योहार है जो ईश्वर के प्रेम, आनंद एवं उद्धार का संदेश देता है। जीवन मे हमें जो भी प्राप्त है, यह उनका आभार करना सिखाता है। श्री राजगढ़िया ने कहा कि अपनी मेहनत के दम पर आप अपना भविष्य ऐसा बनाएं कि आप हमेशा दूसरों की विश पूरी करने में कामयाब हो सकें। प्राचार्य विवेक प्रधान ने कहा कि अपने अंदर हमेशा दूसरों की सहायता करने की भावना विकसित करें। कार्निवल के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने सामूहिक रूप से क्रिसमस सांग पर नृत्य करते हुए आयोजन को सेलिब्रेट किया।



### क्रिसमस पर पूरी हुई हर बच्चे की इच्छा

क्रिसमस को लेकर सभी कक्षा के विद्यार्थियों के बीच ए लेटर टू सांता का आयोजन किया गया था। जिसमें बच्चों ने सांता को लिखे पत्र में उपहार की इच्छा व्यक्त की थी। आयोजन के उपरांत स्कूल प्रबंधन ने सभी बच्चों के बीच उनके विश के अनुसार उपहार का वितरण किया। मनचाहा उपहार पाकर बच्चे बेहद खुश दिखें। इसके अलावा अपने अभिभावक के साथ कार्यक्रम देखने पहुंचे छोटे बच्चों को भी उपहार दिया गया।

## दयानंद पब्लिक स्कूल में खेल कूद प्रतियोगिता का उद्घाटन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**टंडवा।** शनिवार से दयानंद पब्लिक स्कूल गाड़ी लौंग टंडवा में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। प्रतियोगिता अगले 3 से 4 दिनों तक चलेगी। खेल प्रतियोगिता का उद्घाटन बीस सुत्री अध्यक्ष सह मध्य जिप सदस्य सुभाष यादव ने दीप प्रज्वलित कर किया,तथा बच्चों को संबोधित कर उनका मनोबल बढ़ाया। वही बीजेपी प्रवक्ता सह विद्यालय के भूदाता महेंद्र यादव ने बच्चों को संबोधित किया और उनका मनोबल बढ़ाया। विद्यालय के निदेशक पवन कुमार चौरसिया ने अपने संबोधन में कहा कि पढ़ाई के साथ साथ बच्चों के मानसिक व शारीरिक विकास के लिए खेलकूद भी जरूरी है तथा खेल में भी बच्चे अपना भविष्य संवार सकते हैं ।

## साईं इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन

**इटखोरी (आजाद सिपाही)।** साईं इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में शनिवार को क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन किया गया। इस मौके पर स्कूल के बच्चों ने खूब धमाल मचाया। कार्यक्रम का शुभारंभ केक काटकर किया गया। सांता क्लास की ड्रेस में आए स्कूल के एक बच्चे ने सर्वप्रथम केक काटा। तत्पश्चात मेरी क्रिसमस के बधाई संदेश के साथ केक को स्कूली बच्चों तथा शिक्षकों के बीच वितरण किया गया।

## टाइगर ग्रुप के फरार अभियुक्त को चतरा पुलिस ने किया गिरफ्तार



**चतरा (आजाद सिपाही)।** सदर थाना पुलिस ने शनिवार को टाइगर ग्रुप के फरार अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़ा गया आरोपी बिनोद भुइयां पर सदर थाना में आठ से अधिक मामले दर्ज हैं। एएसआई शशिकांत ठाकुर ने बताया कि एसडीपीओ अविनाश कुमार को मिली गुप्त सूचना के आधार पर सदर थाना कांड संख्या 263/22 के आरोपी को एस आई दिनेश हेमब्रम और ए एस आई शशिकांत ठाकुर की टीम ने चतरा व्यवहार न्यायालय परिसर से धर दबोचा। उन्होंने आगे बताया कि बिनोद भुइयां आर वन फाइव मोटर साइकिल लूट कांड का आरोपी है। जो सदर थाना क्षेत्र के पकरीया गांव का निवासी है। आरोपी को मेडिकल जांच के बाद पुलिस ने मंडल कारा चतरा भेज दिया।







**9वीं झारखंड राज्य स्तरीय प्रतियोगिता : साइकिलिंग प्रतियोगिता के समापन समारोह में शामिल हुए मंत्री मिथिलेश ठाकुर, कहा**

# संपूर्ण स्वास्थ्य का उचित माध्यम है साइकिलिंग

**गढ़वा में बनेगा साइकिलिंग का आवासीय प्रशिक्षण केंद्र : खेल निदेशक**

आजाद सिपाही संवाददाता





हरी झंडी दिखाकर प्रतिभागियों को रवाना करते एवं राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय मेडल विजेता एथलीट आशा किरण बारला को सम्मानित करते मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर

**गढ़वा।** गढ़वा में आयोजित दो दिवसीय स्वतंत्रता सेनानी कौशल कुमार ठाकुर मेमोरियल 9वीं झारखंड राज्य स्तरीय साइकलिंग प्रतियोगिता 2022 के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में गढ़वा विधायक सह झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर शामिल हुए। समापन मौके पर शनिवार को गढ़वा पहुंचे मंत्री श्री ठाकुर, खेल निदेशक सरोजिनी लकड़ा एवं झारखंड ओलंपिक एसोसिएशन के महासचिव, साइकिलिंग एसोसिएशन के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष मधुकांत पाठक ने सीनियर वर्ग के प्रतिभागियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साथ ही मंत्री ने विजेता प्रतिभागियों के मेडल देकर सम्मानित किया।

मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि साइकिल संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए एक उचित माध्यम है। सभी लोग साइकिल रखें और इसका उपयोग करें। हमेशा स्वस्थ बने रहेंगे। उन्होंने कहा कि झारखंड की हेमंत सरकार राज्य के सभी खेल प्रतिभाओं को निखार कर देश एवं विश्व स्तर पर पहुंचाने के लिए प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि आज खेल के क्षेत्र में गढ़वा ही नहीं पूरा पलामू प्रमंडल ने अपनी अलग पहचान बनायी है। साइकिलिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त गढ़वा के खिलाड़ी को मंत्री ने आश्वस्त करते हुए कहा कि आप विश्व स्तर पर अपनी पहचान बनाने के लिए प्रयास करें, मैं हर मदद करने को तैयार हूं।



पांच किमी साइकिल रेस में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले बंशीधर नगर, गढ़वा जिला के आमिर रियाज

खेल निदेशक सरोजिनी लाकड़ा ने कहा कि मंत्री श्री ठाकुर की दूरदर्शी सोच के कारण ही आज गढ़वा में राज्य स्तरीय साइकिल प्रतियोगिता जैसा बड़ा आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अगले वित्तीय सत्र में गढ़वा में साइकिलिंग का आवासीय प्रशिक्षण केंद्र खोला जाएगा। इसके लिए जिला खेल पदाधिकारी प्रस्ताव भेजें। शीघ्र कार्रवाई की जाएगी। साथ ही जगह मिलने पर यहां स्टेडियम का भी निर्माण कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि खेल विभाग की ओर से खिलाड़ियों के लिए बहुत सारी योजनाएं चलायी जा रही हैं। सभी खिलाड़ियों के लिए सरकार ने उचित सहयोग की व्यवस्था की है।

मौके पर झारखंड एथलेटिक्स एसोसिएशन के महासचिव, झारखंड राज्य साइकलिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष मधुकांत पाठक, एसपी अंजनी कुमार झा, गढ़वा जिला साइकलिंग एसोसिएशन के चेयरमैन अनिल पांडेय आदि ने विचार व्यक्त किये।

मौके पर मंत्री श्री ठाकुर में राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय मेडल विजेता एथलीट आशा किरण बारला को भी शॉल ओढ़ाकर एवं बुके प्रदान कर सम्मानित किया। साथ ही आयोजक मंडल ने मंत्री सहित सभी अतिथियों को बुके प्रदान कर एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन आयोजन समिति के उपाध्यक्ष धीरज दुबे ने किया।

मौके पर मुख्य रूप से डीडीसी राजेश राय, एसडीओ रामेश्वरम, सीओ कुमार मयंक भूषण, बीडीओ कुमुद कुमार झा, एसडीपीओ अवध कुमार यादव, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता प्रदीप सिंह, जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी, पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष रेखा चौबे, जीप उपाध्यक्ष सत्यनारायण यादव, पूर्व नप अध्यक्ष अनिता दत्त, झारखंड प्रदेश साइकलिंग एसोसिएशन के महासचिव शैलेंद्र पाठक, गढ़वा जिला एथलेटिक संघ के सचिव आलोक मिश्रा, मनोज झा, झामुमो जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, विधायक प्रतिनिधि कंचन साहू, , नवीन तिवारी, आशुतोष पांडेय, राकेश पाल, रामप्रवेश तिवारी, चंद्र बहादुर सिंह, दिलीप गुप्ता, राघवेंद्र सिंह, ताहिर अंसारी, प्रदीप केशरी, ओमप्रकाश केशरी, दयाशंकर गुप्ता, प्रमोद सोनी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती पर भाजयुमो करेगा अटल डिबेटिंग क्लब का शुभारंभ



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** भाजयुमो गढ़वा जिलाध्यक्ष रीतेश चौबे ने बताया कि 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती पर भाजयुमो द्वारा अटल डिबेटिंग क्लब का शुभारंभ किया जाएगा। इसके तहत अटल डिबेटिंग वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन जिला कार्यालय गढ़वा में किया जा रहा है। कार्यक्रम में राजनीतिक समाजिक शिक्षाविद् क्षेत्रों के लोग भी शामिल होंगे। जिसमें 18 से 35 वर्ष तक के युवा भाग लेंगे। वाद विवाद प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रमुख चार विषय पर अपनी बात रखेंगे। जिसमें नरेंद्र मोदी का डिजिटल इंडिया गुड गवर्नेंस पर जोर (2) भारत पांच मिलियन अर्थव्यवस्था की ओर अग्रसर (3) समय की मांग- मुफ्तखोरी की राजनीति से विकास की राजनीति की ओर स्थानांतरण (4) नरेन्द्र मोदी सरकार का ध्यान युवाओं को सशक्त बनाने पर केंद्रित है, इन चार प्रमुख विषयों पर वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में अच्छा प्रदर्शन करने वालों को प्रदेश स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में पार्टी कार्यकर्ता सहित अन्य कई गणमान्य लोग मौजूद रहेंगे।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी**

**शुद्धि पत्र**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस प्रमंडल द्वारा आमंत्रित निविदा संख्या–29/2022.23 जिसका **PR N0.285319 Rural Development (22-23):D** है। जिसमे ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य मामले, के निबंधन वाले संवेदक भाग ले सकते है प्रकाशित है। इसमें आंशिक संशोधन करते हुए जल संसाधन/लघु सिचाई विभाग से निबंधन वाले संवेदक भी इस निविदा में भाग ले सकते है। शेष शर्ते पूर्व की तरह यथावत् रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
खूँटी

PR 285907 (Rural Development)22-23*D

## लायंस क्लब ऑफ गढ़वा ग्रीन ने गरीब व जरूरतमंदों के बीच किया भोजन का वितरण



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** लायंस क्लब ऑफ गढ़वा ग्रीन ने जरूरतमंदों के बीच भोजन का वितरण किया। कार्यक्रम को अग्रवाल परिवार के द्वारा विशुन नारायण अग्रवाल की पुण्य स्मृति में किया गया। साथ ही जरूरतमंद बच्चों के बीच कम्बल का वितरण किया गया। सदस्यों ने रामासाहू उच्च विद्यालय के मैदान में स्थित झुग्गी झोपड़ी में गुजर बसर करने वाले 150 बूढ़े, बच्चे और महिलाओ के बीच खिचड़ी का वितरण किया। लायन अमित कश्यप ने बताया कि लायंस क्लब का मोटो ही है वी-सर्व इसी के तहत लायंस ग्रीन हमेशा जरूरतमंदों की सेवा करता है। इसी कड़ी में आज लगातार 27वां सप्ताह ये आयोजन किया गया है, जो निरन्तर चलता रहेगा। हमलोगों के द्वारा शादी की सालगिरह, जन्मदिन, पुण्यतिथि आदि के उपलक्ष्य में इस तरह का आयोजन किया जाता है। कार्यक्रम में अध्यक्ष विजय सोनी, प्रोजेक्ट सह चेयरमैन आशुतोष अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, सचिव हर्ष अग्रवाल, पवन अग्रवाल, विनय कश्यप, लियो अध्यक्ष अंकुर दुबे, अनूप कुमार आदि शामिल थे।

## राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों का चयन 26 को

**चयनित खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर प्रदान किया जाएगा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों का चयन गढ़वा जिला एथलेटिक्स संघ के तत्वावधान में जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता का चयन ट्रायल दिनांक 26.12.2022 दिन सोमवार को प्रातः 10:00 बजे से रामा साहू स्टेडियम में किया जाना सुनिश्चित है। यह प्रतियोगिता दो आयु वर्गों में विभाजित है। जिसमें अंडर-14 बालक/बालिका एवं अंडर-16 बालक/बालिका का प्रतियोगिता होना है। प्रतियोगिता के लिए सभी प्रतिभागियों को जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड का फोटो कॉपी, बैंक अकाउंट का फोटोकॉपी लाना



अनिवार्य है। जो प्रतिभागी मैट्रिक पास कर लिए हैं उन्हें मैट्रिक का प्रमाण पत्र, जिसमें जन्म तिथि अंकित हो उसे लाना अनिवार्य है। प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर प्रदान किया जाएगा। खिलाड़ियों का जन्म अंडर-14 आयु वर्ग के लिए 15.01. 2009 से 14.01. 2011 के बीच होना अनिवार्य है एवं अंडर-16 आयु वर्ग के लिए 15.01. 2007 से 14.01. 2009 के बीच का होना अनिवार्य है। प्रतियोगिता का इवेंट्स निम्नलिखित है- अंडर 16 बालक /बालिका वर्ग 80 मी., 600मी., 1600 मी.) ऊंची कूद, लंबी कूद, चक्का फेंक, गोला फेंक, भाला फेंक, हेक्साथलोन। अंडर-14 बालक/बालिका वर्ग- ट्रायथलॉन (60 मी., 600 मी.) स्टैंडिंग ब्रॉड जंप, गोला फेंक, ऊंची कूद, किड्स जैवलिन।

प्रतियोगिता के संबंध में किसी भी जानकारी के लिए अजय कांत- 7461906890, सुशील तिवारी-6201073740, आलोक श्रीवास्तव-6204152670 से संपर्क किया जा सकता है। इस के प्रभारी सुशील कुमार तिवारी संयुक्त सचिव गढ़वा जिला एथलेटिक संघ हैं। यह जानकारी संघ के सचिव आलोक मिश्रा ने दी।

## घर में दुष्कर्म की नीयत से घुसे युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** पुलिस ने शुक्रवार की रात कोलझिकी गांव निवासी अरुण प्रजापति के घर में दुष्कर्म की नीयत से घुसे राहुल ठाकुर को रंगे गिरफ्तार किया है। शनिवार को माया देवी पति अरुण प्रजापति के आवेदन पर राहुल के खिलाफ मामला दर्ज कर पुलिस अनुसंधान में जुट गई है। थाना को दिए आवेदन में माया ने लिखा है कि मेरे पति सीमावर्ती सोनभद्र जिले के ओबरा में काम करते हैं। माह दो माह में घर आते हैं। एक वर्ष से मेरे ही गांव का राहुल ठाकुर पिता चंद्रदेव ठाकुर मुझे अपने जाल में फंसाना चाह रहा था। इसकी जानकारी मैंने अपने पति को दी। मेरे पति राहुल को समझाये। समझाने पर वह डराने-धमकाने लगा। कुछ दिन पूर्व राहुल घर में मुझे अकेला पाकर मेरे साथ शारीरिक संबंध बनाया और एक मोबाइल छोड़कर चला गया। कहा कि इस संबंध में किसी को नहीं बताना नहीं तो जान मार देंगे। इसकी सूचना पति को दी। पति गत 22 दिसंबर को घर आये और लुक छिप कर राहुल को देखने लगे। उसी रात करीब 12 बजे वह घर में घुस गया और मुझे डरा धमकाकर शारीरिक संबंध बनाने का प्रयास किया। तब तक मेरे पति राहुल को दबोच लिये और हल्ला गुहार किये। गुहार सुन गांव घर के लोग आये और समझा बुझाकर राहुल को भगा दिये। पुनः 23 दिसंबर की रात करीब 7:30 बजे राहुल मेरे घर में घुस गया और जान मारने की नीयत से मेरे पति के साथ मारपीट करने लगा। किसी तरह मेरे पति बाहर निकल उसे घर में बाहर से बंद कर दिये और पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके से राहुल को गिरफ्तार कर थाने ले आयी। इस संबंध में थाना प्रभारी नीतीश कुमार सिंह ने बताया कि राहुल के विरुद्ध मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल,कोडरमा**
E-mail: eebcdkoderma-jhr@nic.in

**शुद्धि–पत्र**

इस कार्यालय द्वारा निकाली गई अति अल्पकालीन नीलामी सूचना संख्या– 01/ 2022–23, जिसका पी.आर संख्या–285391 (Building)22-23 (D) है, जिसमें साल्वेज की राशि–20,050/–रू0 पढ़ा जाय, एवं क्रम संख्या–2 अग्रधन की राशि जिसे वापस नहीं की जायेगी को वापस की जायेगी पढा जाय। शेष शर्तें यथावत् रहेगी।

कार्यपालक अभियंता,
भवन निर्माण विभाग,
भवन प्रमंडल, कोडरमा

PR 285911 Building(22-23).D

## नगर पंचायत अध्यक्ष ने पांच नये महिला स्वयं सहायता समूहो को 'सहेंगे नहीं कहेंगे' की शपथ दिलायी



**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** नगर पंचायत श्री बंशीधर नगर के प्रांगण में विभिन्न वार्डों से कुल पांच नये महिला स्वयं सहायता समूहो की बैठक नगर पंचायत अध्यक्ष विजया लक्ष्मी की उपस्थिति में की गयी। बैठक में उपस्थित महिलाओं को समूह संचालन के पंच सूत्र की जानकारी सामुदायिक संगठनकर्ता अमित कुमार पांडे के द्वारा दी गई। अध्यक्ष विजया लक्ष्मी के द्वारा घरेलू हिंसा एवं लैंगिक भेदभाव से संबंधित जानकारी देते हुए महिलाओं को जागरूक किया गया। उन्होंने सभी महिला दीदियों को सहेंगे नहीं कहेंगे की शपथ दिलायी। उन्होंने कहा कि सभी महिलाएं समूह से जुड़कर सरकार के द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का समय पर जानकारी लेते हुए इसका लाभ उठा सकती हैं। नगर पंचायत के द्वारा समूह से जुड़कर महिलाओं को अधिक से अधिक लाभ पहुंचे जिसके लिए सीआरपी दीदियों का वार्ड का बंटवारा किया गया है। आप सभी महिलाएं सीआरपी दीदियों से संपर्क कर अधिक से अधिक समूह बनायें।

## नये साल में संस्था करायेगी 101 जोड़ी कन्याओं की सामूहिक शादी

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** कन्या विवाह एंड विकास सोसाईटी के तत्वावधान में आगामी 2023 में स्थानीय टाउन हॉल के मैदान में 101 गरीब कन्याओं का सामूहिक विवाह का आयोजन किया जायेगा। सोसाइटी के सचिव विकास माली ने शनिवार को गढ़वा स्थित कार्यालय में पत्रकार वार्ता के दौरान कही। विकास माली ने कहा कि सोसाइटी के द्वारा हाल में मेदनीनगर में 51 गरीब कन्याओं का सामूहिक विवाह संपन्न कराया गया है। अब गढ़वा में 101 कन्याओं का सामूहिक विवाह कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि भारत सरकार के विधान अंतर्गत बिहार सरकार द्वारा निबंधित संस्था है। संस्था पिछले 12 वर्षों से बिहार



राज्य सहित झारखण्ड के पलामू प्रमंडल में अपना कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि गढ़वा जिले के विभिन्न प्रखंडों से गरीब असहाय परिवार के कन्याओं का चयन किया जा रहा है। जिन्हें संस्था द्वारा गढ़वा के टाउन हॉल के मैदान में सामूहिक विवाह संपन्न कराया जायेगा। जिसमें दोनों पक्षों के लिए भोजन की व्यवस्था सोसाइटी द्वारा की जायेगी। दहेज रहित विवाह कराकर घरेलू उपयोग के लिए गृहस्थ विदाई सामग्री वर-वधू को वस्त्र एवं श्रृंगार सामग्री देकर ससम्मान विदाई की जायेगी। मौके पर भीम पासवान, जिला प्रबंधक अयूब खान, मुकेश कुमार, टिंकू तिवारी, प्रतिमा कुमारी, उषा कुमारी, मुकेश कुमार मेहता, राजेश सिन्हा, राजेंद्र सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।

**राँची समाहरणालय,राँची।
(जिला समाज कल्याण शाखा)**

**इच्छा की अभिव्यक्ति।**

राँची जिला जिला मुख्यालय में राष्ट्रीय क्रेच योजना के अन्तर्गत 'पालना' के संचालन हेतु इच्छुक अहर्त्ताधारी सखी मण्डल/स्वयं सेवी संस्था/गैर सरकारी संस्था से इच्छा की अभिव्यक्ति आमंत्रित की जाती है।

इच्छुक स्वयं सेवी संस्था/गैर सरकारी संस्था जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, राँची के कार्यालय में दिनांक 10.01.2023 के अपराह्न 12:00 बजे तक आवेदन जमा करेंगे। प्राप्त आवेदनों को दिनांक 10.01.2023 के अपराह्न 03:00 बजे जिला स्तरीय चयन समिति की बैठक में खोला जायेगा, आवेदन खोलने के समय गैर सरकारी संस्था के प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।

इच्छा की अभिव्यक्ति की शर्त्तें जिला समाज कल्याण, रांची के सूचनापट एवं www.ranchi.nic.in पर देखा जा सकता है।

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, राँची। उप विकास आयुक्त, राँची। उपायुक्त, राँची।

PR 285887 (Ranchi) 22-23 (D)

**कार्यालय, उत्तरी छोटानागपुर प्रादेशिक परिवहन प्राधिकार, हजारीबाग**
जिला स्कूल के नजदीक, झील रोड, हजारीबाग। (झारखंड) पिन–825301
email-rtahaz.02@gmail.com/ncrta-hazaribag@jharkhandmail.gov.in

**–:आवश्यक–सूचना:–**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस प्राधिकार से सवारी वाहनों के लिए निर्गत स्थायी परमिट के नवीनीकरण आवेदन पर विचार हेतु दिनांक 30.12.2022 को पूर्वाह्न 11:30 बजे से आयुक्त–सह–अध्यक्ष, उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल, हजारीबाग के कार्यालय–कक्ष में निर्धारित की जाती है। प्राधिकार की बैठक में केवल दिनांक 23.12.2022 तक spermit.jharkhand.gov.in पर समर्पित नवीनीकरण आवेदनों पर ही विचार किया जाएगा। यह भी सूचित किया जाता है कि जिस नवीनीकरण आवेदन में समय–सारिणी में आंशिक संशोधन का प्रस्ताव प्राप्त है, वैसे संशोधित समय–सारिणी का प्रकाशन दिनांक 24.12.2022 को spermit.jharkhand.gov.in के नोटिस बोर्ड पर प्रकाशन किया जाएगा जिस पर ऑफलाईन आपत्ति आवेदन (स्पष्ट एवं साक्ष्य सहित) मान्य शुल्क के साथ दिनांक 29.12.2022 तक कार्यालय दिवस में कार्यालय में समर्पित की जा सकती है। जिन नवीनीकरण आवेदनों के संशोधित समय–सारिणी पर आपत्ति प्राप्त होती है, उन आवेदनों पर प्राधिकार की अगली बैठक में विचार किया जाएगा।

आयुक्त–सह–अध्यक्ष महोदय के आदेशानुसार।

उप–परिवहन आयुक्त सह सचिव
उत्तरी छोटानागपुर प्रादेशिक परिवहन प्राधिकार
हजारीबाग।

PR 285889Transport (22-23)#D

**कार्यक्रम : जीएन कॉन्वेन्ट स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन**

# विज्ञान और प्रौद्योगिकी ने जीवन को सरल, सहज एवं खुशहाल बनाया है : एमपी केसरी

**प्रदर्शनी के दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक मॉडल प्रस्तुत किये**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** सीबीएसई से मान्यता प्राप्त स्थानीय जी.एन. कान्वेंट (+2) स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी सह पुरस्कार वितरण समारोह हर्षोल्लास संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के निदेशक मदन प्रसाद केशरी, सचिव सुषमा केशरी एवं प्राचार्य बसंत ठाकुर के द्वारा सम्मिलित रूप से दीप प्रज्वलित कर की गयी। छात्राओं द्वारा स्वागत गान की प्रस्तुति के पश्चात अपने संबोधन में निदेशक ने कहा कि विज्ञान प्रदर्शनी जैसे अन्य विभिन्न कार्यक्रमों से बच्चों में सृजनात्मक सोच का विकास होता है। ज्ञान का विशिष्ट रूप ही विज्ञान है। समृद्ध ज्ञान एवं मनुष्य की सकारात्मक सोच ने वर्तमान युग को विज्ञान युग बना दिया है। विज्ञान की सहायता से मनुष्य ने अपना जीवन सरल और सुविधाजनक बना लिया है। वास्तव में विज्ञान प्रदर्शनी राष्ट्र और उसकी प्रगति के प्रति अपने कर्तव्य तथा समस्त जीव कल्याण की भावना का बोध कराता है। विज्ञान प्रदर्शनी लगाने का मकसद यहीं होता है कि विद्यार्थी विज्ञान के प्रति जागरुक हों और विज्ञान को अपने विषय का सबसे महत्वपूर्ण विषय समझें। वर्तमान युग विज्ञान का युग है। प्रदर्शनी से बच्चों में वैज्ञानिक सोच विकसित होती है। छिपी हुई प्रतिभा निखरती है। विज्ञान शोध, सोच और जिज्ञासा का विषय है। न्यूटन, मार्कोनी, आर्यभट्ट आदि वैज्ञानिकों ने इसी सोच के बल पर दुनिया को बहुत कुछ दिया। विज्ञान चमत्कार का दूसरा नाम है, इसका उपयोग विकास के लिए होना चाहिए, विनाश के लिए नहीं।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य ने कहा कि बच्चों को कल्पनाशील होना चाहिए। कल्पना नयी खोज की ओर अग्रसर करती है। प्रदर्शनी के दौरान विद्यालय छात्र-छात्राओं द्वारा एक से बढ़कर एक मॉडल प्रस्तुत किये गए।

कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक विनय दूबे, उदय प्रकाश , खुर्शीद आलम, मुकेश भारती, नरेंद्र सिन्हा, संजीव कुमार, नीरा शर्मा, रिजवाना शाहिन, सरिता दूबे, सुषमा तिवारी, शिवानी कुमारी, सुनीता कुमारी, संतोष प्रसाद आदि की भूमिका सरहानीय रही।

**चयनित छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित**

ग्रुप - ए : प्रथम - वीर प्रताप (वर्ग -2)
द्वितीय - शौर्य केशरी (वर्ग - 1)
तृतीय- नौशीन फात्मा (वर्ग - 2)

ग्रुप - बी : प्रथम - कुणाल & ग्रुप
द्वितीय - रोहन & ग्रुप
तृतीय - सृष्टि & ग्रुप

ग्रुप - सी : प्रथम - दिव्यांशु & ग्रुप
द्वितीय - आयुष & ग्रुप
तृतीय - आयुष & ग्रुप

ग्रुप - डी : प्रथम - सूरज & ग्रुप
द्वितीय - आदर्श & ग्रुप
तृतीय - आयुषी & ग्रुप

**प्राचार्यका कार्यालय महात्मागाँधी स्मारक चिकित्सा महाविद्यालय जमशेदपुर।**
ई–टेन्डर एन0आई0टी0 संख्या/एम0जी0एम0/स्वा0/09/22 दिनांक–23/12/2022

**–:ई निविदा आमंत्रण:–**

| | क | ख |
|---|---|---|
| 01 | कार्य का नाम | चिकित्सा पुस्तकों की आपूर्ति |
| 02 | वेबसाईट पर एन0आई0टी0 प्रकाशन की तिथि/ई–निविदा अपलोड करने की तिथि | दिनांक–24.12.2022 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 03 | निविदा(Uploading) जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक–23.01.2023 को अपराह्न 05:00 बजे तक |
| 04 | निविदा शुल्क एवं अग्रधन राशि (DD) की वास्तविक प्रति (Hardcopy) जमा करने की अंतिम तिथि (By Post/Registry Post/By Hand) | दिनांक–25.01.2023 को अपराह्न 04:00 बजे तक |
| 05 | निविदा खोलने की तिथि | दिनांक–28.01.2023 को पूर्वाह्न 11:00 बजे |
| 06 | E-Tender Fee | Rs. 10,000/- (Non-Refundable) in favors of Principal, M.G.M. Medical College, Jamshedpur payable at Jamshedpur. |
| 07 | Earnest Money | Rs.1,50,000/- (Refundable) in favors of Principal, M.G.M. Medical College, Jamshedpur payable at Jamshedpur. |
| 08 | निविदा जारी करने वाले का नाम एवं पता | प्राचार्य, एम0जी0एम0 मेडिकल कॉलेज, जमशेदपुर, डीमनारोड, मानगो, जमशेदपुर, पिन कोड–831020 |
| 09 | सम्पर्क दूरभाष संख्या | 0657–2360859 |

नोटः–निविदा केवल ई–टेन्डर के माध्यम से स्वीकार किया जायेगा।
संबंधित अतिरिक्त जानकारी वेबसाईट–http://jharkhandetenders.gov.in पर उपलब्ध है।

विश्वासभाजन
ह0/–
प्राचार्य, एम0जी0एम0 मेडिकल कॉलेज,जमशेदपुर।

PR 285863 Health Med Edu and Family Welfare(22-23)D

# विपक्षी बना रहे राई का पहाड़

संसद की बहस को देखते हुए ऐसा लगता है कि हमारे विपक्ष के तरकश में तीर हैं ही नहीं। वह सत्तारूढ़ दल पर खाली तरकश घुमाने में जुटा हुआ है। कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने पहले उप-राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ पर हमला किया और फिर तवांग में हुई मुठभेड़ को लेकर लोकसभा में हंगामा हो गया। इन दोनों मामलों में विपक्ष चाहता तो संसद में गंभीर बहस चलवा सकता था, जिससे देश को लाभ ही होता। जनता को भी पता चलता कि न्यायपालिका और कार्यपालिका के समन्वय पर जो बात उप-राष्ट्रपति ने कही है, वह कहां तक ठीक है। जगदीप धनखड़ ने न्यायाधीशों की नियुक्ति के बारे में वर्तमान कॉलेजियम पद्धति में सुधार की बात कही थी। उन्होंने न्यायपालिका के अधिकारों की कटौती या उपेक्षा की कोई बात नहीं कही थी। उन्होंने किसी स्वस्थ संसदीय प्रजातंत्र में न्यायपालिका, विधानपालिका और कार्यपालिका के बीच जो आवश्यक संतुलन और सहयोग का तत्व होता है, उसी पर जोर दिया था। इसके अलावा राज्यसभा के सभापति के तौर पर उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और मंत्री पीयूष गोयल से कहा था कि वे सदन में एक-दूसरे पर खुले प्रहार करने के बजाय उनके कक्ष में आकर तवांग में हुई मुठभेड़ पर बात करें तो खरगे ने धनखड़ की इस विनम्र अपील को भी ठुकरा दिया। विपक्ष ने तवांग के मुद्दे पर तो लोकसभा की कार्रवाई ही ठप कर दी थी। कांग्रेस की मांग है कि तवांग मसले पर भारतीय सैनिकों की जो पिटाई हुई है, उस पर खुली बहस हो। हमारे वीर जवानों के लिए इस शब्द का इस्तेमाल सर्वथा अनुचित है। बिना प्रमाण ऐसे शब्दों का प्रयोग उसके वक्ता की प्रतिष्ठा को ही गिरा देता है। तवांग में भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच जो मामूली मुठभेड़ हुई है, वह क्या इस लायक थी कि उस पर हमारी संसद के कई घंटे बर्बाद किए जायें? सीमा-क्षेत्रों में ऐसी फौजी झड़पें अक्सर होती ही रहती हैं। ऐसी झड़पें भारत-चीन और भारत-पाक सीमांतों पर ही नहीं होतीं, वे बांग्लादेश, म्यांमार, नेपाल जैसे पड़ोसी देशों के सीमांतों पर हो जाती हैं। उन्हें राई का पहाड़ बनाने का तुक आखिर क्या है? शायद इसीलिए है कि हमारे विपक्ष के पास न तो कोई बड़ी नीति है और न ही कोई नेता! यदि तवांग की मुठभेड़ गंभीर होती तो भारत और चीन के कोर कमांडर दो दिन पहले चुशूल-मोल्दो सीमांत के शिविर में बैठकर शांतिपूर्वक बात क्यों करते? दोनों पक्षों ने स्वीकार किया कि वे सभी मुद्दों को बातचीत से हल करेंगे। 2020 में हुए गलवान घाटी विवाद पर भी दोनों पक्षों का रवैया ताल-मेल का था। चीन के साथ सीमांत पर यदा-कदा झड़पें होती रहती हैं लेकिन हम यह न भूलें कि उसके साथ भारत का व्यापार भी बढ़ता ही जा रहा है।

**विपक्ष ने तवांग के मुद्दे पर तो लोकसभा की कार्रवाई ही ठप कर दी थी। कांग्रेस की मांग है कि तवांग मसले पर भारतीय सैनिकों की, जो पिटाई हुई है, उस पर खुली बहस हो। हमारे वीर जवानों के लिए इस शब्द का इस्तेमाल सर्वथा अनुचित है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**महामना कहा करते थे कि सत्य ब्रम्हचर्य व्यायाम विद्या देश भक्ति तथा आत्म त्याग के द्वारा सम्मान प्राप्त करो, आज ही के दिन मालवीयजी का जन्म 25 दिसंबर सन 1861 को पवित्र तीर्थ स्थल जहां तीनों नदियों का संगम है, जिसे तीर्थो का राजा भी हमारे हिंदू धर्मशास्त्रों में कहा जाता है, के प्रयाग इलाहाबाद में हुआ था।**

# बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी थे मदन मोहन मालवीय



शत्रुघ्न प्रसाद सिंह

**उत्थातव्यं जागृतव्यं योव्रतव्यं भूति कर्मसु। भविरूयतीत्येवमनः कृत्वा सततमव्यथै।।**

अर्थात उठो, जागो और सुख के लिए निर्भयता के साथ निरंतर कर्म करो, और यह विश्वास रखों, कि तुम्हे सफलता अवश्य मिलेगी। यह उद्घार काशी हिंदू विश्वविद्यालय वाराणसी के संस्थापक पूज्य महामना मदन मोहन मालवीयजी के थे, पूज्य महामना की आज 161वीं जन्म शती है। महामना कहा करते थे कि सत्य ब्रम्हचर्य व्यायाम विद्या देश भक्ति तथा आत्म त्याग के द्वारा सम्मान प्राप्त करो, आज ही के दिन मालवीयजी का जन्म 25 दिसंबर सन 1861 को पवित्र तीर्थ स्थल जहां तीनों नदियों का संगम है, जिसे तीर्थों का राजा भी हमारे हिंदू धर्मशास्त्रों में कहा जाता है, के प्रयाग इलाहाबाद में हुआ था।

बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी थे, जी देश के उन महान विभूतियों में से एक है, जिन्होंने इस राष्ट्र के निर्माण का सपना देखा था, जिसे मूर्त रूप भी प्रदान किये, एशिया ही नहीं पूरे विश्व की बात करें, तो- काशी हिंदू विश्वविद्यालय जैसे प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान की स्थापना करने वाले यह महामना स्वयं में ही एक महामानव थे, वे बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी थे, जिसे धार्मिक संस्कार विरासत में मिले थे, गरीबी के चलते मालवीयजी को शिक्षा ग्रहण करने के बाद अध्यापकीय का कार्य भी करना पड़ा था पढ़ाने की विशेष शैली के कारण महामना अपने छात्र-छात्राओं के बीच काफी लोक प्रिय थे। अध्ययन-अध्यापन के साथ ही राजनिति में भी अपनी सक्रिय भूमिका निभाते थे। 1888 में उन्हें अपने गुरु आदित्य राम मट्टाचार्या के साथ कांग्रेस के कोलकत्ता (अब कोलकाता) अधिवेशन में स्वतंत्रता संग्राम में ओजस्वी भाषण को देते हुए अपनी खास जगह बना ली वे 1909, 1918, 1932 में राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष रहें, स्वभाव से शालीन, विनम्र उदारचित और सादा जीवन व्यतित करने वाले मालवीयजी की पहचान एक सफल शिक्षा विद, पत्रकार, संपादक, समाज सुधारक वकील और एक कुशल वक्ता की भी थी, इनकी सक्रियता और क्रियाशीलता के फलस्वरूप ही केंद्रीय हिंदू समाज नामक संस्था स्थापित की गयी। इसमें देशभर के प्रमुख हिंदू संगठन कर्ताओं ने भाग लिया। मालवीयजी इस सम्मेलन के प्रमुख व्यवस्थापक थें, जिसे काशी नरेश के प्रयाग स्थित भवन में किया गया था।

**आज हमें देश की वर्तमान शिक्षा व्यवस्था में सुधार की आवश्यकता है।**

आज हमें देश की वर्तमान शिक्षा व्यवस्था में सुधार की आवश्यकता है, हमें इस समाज के प्रत्येक वर्ग के सभी बच्चों के लिए समुचित शिक्षा की व्यवस्था करनी चाहिए, जो मानवीय ज्ञानों के साथ ही व्यवसायिकता को भी प्रोत्साहित करें, और गुणों तथा संस्कारों से युक्त हो।

चार फरवरी 1916 को वसंत पंचमी के शुभ दिन पर काशी के गंगा तट पर रामनगर किला के समानांतर कांशी नरेश महाराज प्रभु नारायण सिंह जूदेव द्वारा दान की गयी 1300 एकड़ भूमि पर, अंग्रेजी शासन काल के गवर्नर रहे लार्ड हॉर्डिंग के सानिध्य में कांशी हिंदू विश्वविद्यालय की स्थापना का शिलान्यास हुआ था।

काशी हिंदू विश्वविद्यालय की पहचान यहां कि सादगी और पढ़ाई के लिए राष्ट्रीय ही नहीं अपितु अंतराष्ट्रीय स्तर पर भी जानी जाती है। यह विश्वविद्यालय पूरे विश्वभर में प्रसिद्ध है, तत्कालीन विदेशी शासक होने के बावजूद भी मदन मोहन मालवीयजी ने इसकी स्थापना के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी थी। दरभंगा नरेश कामेश्वर सिंह ने भी इसकी स्थापना में अपनी आर्थिक सहभागिता को निभायी थी।

महामना जमीन मांगने के लिए कांशी नरेश के पास गये थे, जब कांशी नरेश के सामने उन्होंने जमीन लेने की बात कही तो नरेश ने उनके सामने एक शर्त रखी और कहा कि पंडित जी सूर्योदय से सूर्यास्त तक आप जितनी जमीन पैदल चलकर अपने पैरो से नाप लेंगें, उतनी जमीन मैं दान स्वरूप आपको दे दूंगा, फिर महामना ने सुबह से लेकर सूर्यास्त तक पैदल चल कर कांशी नरेश के बातों को पुरा करके 1300 एकड़ भूमि विश्वविद्यालय को स्थापित करने हेतु प्राप्त कर ली। यह एशिया का सबसे बड़ा आवासीय विश्वविद्यालय है, 13 सौ एकड़ में बने इस विश्वविद्यालय में 6 संस्थान के साथ ही 140 अलग अलग विभाग भी बने हुए है। इसमें राष्ट्रीय और अन्तराष्ट्रीय छात्र एवं छात्राएं पठन-पाठन कर रहें हैं।

**महामना कहते थे,**
**मर जाऊं, मांगू न ही, अपने तन के काज।**
**परमार्थ के कारने, मोहि न आवे लाज।**

**(लेखक : स्वतंत्र पत्रकार एवं पूर्व छात्र, विधि संकाय, काशी हिंदू विश्वविद्यालय हैं।)**

## बीएचयू के संस्थापक महामना मालवीय की 161वीं जयंती पर विशेष



**काशी हिंदू विश्वविद्यालय की पहचान यहां कि सादगी और पढ़ाई के लिए राष्ट्रीय ही नहीं अपितु अंतराष्ट्रीय स्तर पर भी जानी जाती है। यह विश्वविद्यालय पूरे विश्वभर में प्रसिद्ध है, तत्कालीन विदेशी शासक होने के बावजूद भी मदन मोहन मालवीयजी ने इसकी स्थापना के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी थी।**

## जमशेदपुर की खबरें

# सामाजिक सेवा संघ ने समस्याओं को लेकर पेयजल विभाग से की शिकायत

आजाद सिपाही संवाददाता




**जमशेदपुर।** गोविंदपुर जलापूर्ति योजना के सप्लाई पानी सड़क पर बहने से ग्रामीणों की परेशानी बढ़ गई है। गधड़ा पंचायत में कई जगह लीकेज की समस्या से निजात दिलाने के लिए कई बार विभाग को सूचित किया गया। विभाग की लापरवाही के कारण समस्या का हल नहीं निकला। शनिवार को ग्रामीणों ने इसकी शिकायत सामाजिक सेवा संघ के अध्यक्ष राजेश सामंत से की। जानकारी मिलने पर सामाजिक सेवा संघ के एक प्रतिनिधिमंडल पेयजल विभाग के पदाधिकारियों से मुलाकात कर समाधान के लिए आग्रह किया।

मौके पर राजेश सामंत ने कहा गोविंदपुर रहरघोड़ा बारीगोरा क्षेत्र में सप्लाई पानी के पाइप लीकेज होने से कई जगह से सड़कों पर पानी बह रही है। सड़क के गड्ढे में पानी भरने से दुर्घटना की स्थिति उत्पन्न हो गई है। क्षेत्र के जनप्रतिनिधि भी इस मामले में काफी सुस्त हैं।समाजिक सेवा संघ के प्रतिनिधि मंडल के द्वारा पेयजल विभाग के कार्यपालक अभियंता से वार्ता कर लीकेज की समस्याओं की समाधान के लिए अपील की गई। मौके पर विभाग के द्वारा जल्द सुधार करने का आश्वासन दिया गया। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल में समाजिक सेवा संघ अध्यक्ष राजेश सामंत, झारखंड आंदोलनकारी नेता भूपती सरदार, छोटे सरदार, राजेश मुंडा, सुनील गोराई, प्रफुल्ला महतो शामिल रहे।

# कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष विनोद रजक के अंतिम संस्कार में उमड़े कांग्रेसी

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** टेल्को प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विनोद रजक का आकस्मिक निधन हो जाने पर कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं में शोक की लहर छा गयी। सुबह से ही विनोद रजक के आवास पर जिलाध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे डटे रहे। घर पर ही वरीय नेताओं और कांग्रेसजनों का तांता लगा रहा। टेल्को प्रखण्ड क्षेत्र के कांग्रेसजन, बस्तीवासी तथा आम जनता का भीड़ काफी संख्या में पहुंच कर अश्रुपुरित आंखों से अंतिम दर्शन किया। स्वर्णरेखा घाट भुईयाडीह पर झारखण्ड सरकार के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता पहुंच कर परिजनों को परिवार में अपूर्णिय क्षति होने पर ढांढस बंधाया। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व सांसद डॉ अजय कुमार भी घाट पर उपस्थित होकर स्वः विनोद रजक का अंतिम दर्शन किया, तथा परिजनों को मदद देने का भरोसा दिया। जिलाध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे ने कहा कि स्वः विनोद रजक प्रखंड अध्यक्ष के रूप में बहुत सक्रिय रूप से पार्टी में योगदान देते रहे। स्व विनोद रजक के आकस्मिक निधन हो जाने पर कांग्रेस पार्टी को अपूर्णिय क्षति हुई है.जिला कांग्रेस कमिटी के द्वारा पार्थिव शरीर पर कांग्रेस पार्टी का झण्डा प्रदान कर सम्मान दिया गया। इस अवसर पर रविंद्र कुमार झा पूर्व जिलाध्यक्ष, ब्रजेंद्र तिवारी, संजय सिंह आजाद, रामदरस चौधरी, वरीय नेता संजय यादव, धर्मेंद्र सोनकर कार्यकारी अध्यक्ष, मौलाना अंसार खान, इंतिखाब वास्ती, डॉ परितोष सिंह, परविंदर सिंह, रजनीश सिंह, सनातन भकत, नीरज दुबे, संजय घोष, कैलाश रजक, कृष्णा प्रसाद ठाकुर, सतीश रजक, भोला यादव, बबुआ झा, माजिद अख्तर उपस्थित रहे।

# मानगो वसुंधरा स्टेट में कलश यात्रा आज, भागवत कथा 26 से


आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** मानगो एनएच 33 स्थित वसुंधरा स्टेट नियर इरीगेशन कॉलोनी में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ रविवार से शुरू किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ 25 दिसंबर को कलश यात्रा एवं व्यास पूजन से होगा। सोमवार 26 दिसंबर से भागवत कथा का प्रसंग रोजाना संध्या 4 से 7 बजे तक होगा। एक जनवरी रविवार तक चलेगा। श्रीधाम वृंदावन के स्वामी वृजनंदन शास्त्री महाराज भागवत कथा का व्याख्यान करेंगे। महाराज के द्वारा व्यासपीठ से कथा वाचन के दौरान भगवान के अलग-अलग रूपों की झांकियों का दर्शन भी किया जायेगा। इसका आयोजन किरण-उमाशंकर शर्मा परिवार द्वारा किया जायेगा। शनिवार को प्रेस विज्ञाप्ति जारी कर कार्यक्रम की जानकारी दी गयी। कार्य्रकम का सीधा प्रसारण चैनल पर किया जायेगा। काली शर्मा ने बताया अंतिम दिन एक जनवरी रविवार की शाम को भव्य भंडारा के साथ धार्मिक कार्यक्रम का समापन होगा।

# आज अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर रक्तदान शिविर

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया जायेगा। भाजपा जमशेदपुर महानगर के पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार के नेतृत्व में आयोजित एकदिवसीय महारक्तदान शिविर की सभी तैयारियां पूरी है। रविवार को गोलमुरी स्थित केबुल वेलफेयर सभागार में पूर्व प्रधानमंत्री अटल जी के 98वीं जायंती पर रक्तदान शिविर में शहर के हजारों भाजपा कार्यकर्ता, समर्थक, सामाजिक व धार्मिक संगठन के सैकड़ों लोगों का जुटने की अनुमान है। भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया रक्तदान शिविर का विधिवत उद्घाटन राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री सह पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास एवं सांसद विद्युत वरण महतो व अन्य संयुक्त रूप से करेंगे। कार्यक्रम स्थल को अटल जी की कविता एवं विचारों पर आधारित पोस्टर व चित्र से सजाया गया। जमशेदपुर ब्लड बैंक के सहयोग से सुबह 9 बजे से संध्या 4 बजे तक चलेगा। उन्होंने बताया पिछले 20 वर्षों से अटल जी के जयंती पर रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया जाता है। जिसमें हजारों कार्यकर्ता व आमजन भाग लेकर सफल बनाते। दिनेश कुमार ने भाजपा समर्थकों एवं शहरवासियों से रक्तदान शिविर में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर सफल बनाने का आह्वान किया।

## हर हर महादेव सेवा संघ का कंबल वितरण हुआ प्रारंभ

# नर सेवा नारायण सेवा : काले

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** ठंड से राहत पहुंचाने के उद्देश्य से हरहर महादेव सेवा संघ की ओर से निरंतर 20वें वर्ष का कंबल वितरण अभियान का शुभारंभ किया। संस्थापक अमरप्रीत सिंह काले के नेतृत्व में शहर के बाराद्वारी स्थित सुभाष आश्रम, सर्वोदय आश्रम, राजेंद्र आश्रम, सरदार पटेल आश्रम, कस्तूरबा आश्रम, विवेकानंद आश्रम, शास्त्री आश्रम, प्रेम आश्रम, भुइंयाडीह के बाबूडीह बस्ती, ब्राह्मण टोला, लालभट्ठा, छायानगर, कल्याण नगर, भुइंयानगर, भालूबासा के हरिजन बस्ती में जरुरतमंद बुजुर्गों में कंबल सेवा करके आशीर्वाद लिया। इस मौके पर अमरप्रीत सिंह काले ने कहा कि हरहर महादेव सेवा संघ परिवार अपने सामाजिक दायित्व के तहत प्रत्येक वर्ष की तरह कंबल बांटने एवं अन्य सामाजिक कार्य करता है।

इस अवसर पर आरती मुखी, कंचन बाग, सूरज बाग, शुरू पात्रों, सूरज चौबे, अमरेन्द्र कुमार, धीरज सिंह, अनूप तिवारी, गोल्डन पांडेय, मनु ढोके, रामा राव, जोनी भुइंया, अनील, जय, मंगल, राजेश, रवि, विक्रम मार्डी, भोटो, राधाकांत, श्याम, अनील, विमल, मिलू, टूना, राजू, आकाश, मनोज एवं प्रमुख रूप से जूगुन पांडे, महेश मिश्रा, प्रिंस सिंह, मनीष सिंह, दीपक सिंह, सरबजीत सिंह टोबी, सौरव चटर्जी, पिंटू भिरभरिया, विक्की तारवे, सागर चौबे, चंदन व अन्य मौजूद रहे।

# झामुमो कार्यकर्ताओं ने की विधायक मंगल कालिंदी की पहल की सराहना

आजाद सिपाही संवाददाता




**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला के जुगसलाई विधानसभा स्थित बड़ाबंकी क्षेत्र में विधायक मंगल कालिंदी के पहल पर नया प्रखंड बनाने की मांग को ग्रामीणों ने जमकर सराहना की। शनिवार को रांची से जमशेदपुर पहुंचने पर 8 पंचायत के ग्रामीणों ने विधायक मंगल कालिंदी का जम कर स्वागत किया। मौके पर ग्रामीणों ने बताया सत्तारूढ़ दल के सचेतक सह जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने विधानसभा सत्र के दौरान नए प्रखंड बनाने का जो सवाल उठाया इससे ग्रामीण जरूरतमंद जनता को काफी सहूलियत मिलेगी। इस मामले में विधायक मंगल कालिंदी ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलकर एक ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने बताया शनिवार को शहर पहुंचने पर खुशी जाहिर करते हुए आठ पंचायत के झारखंड मुक्ति मोर्चा कार्यकर्ताओ ने विधायक का एनएच 33 के चांदनी चौक में फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया। मौके उन्होंने बताया नए प्रखंड बनने से देवघर,पलाशबोनी,बड़ाबंकी, बेलाजुड़ी, दलदली, बेको, हुरलुंग, लुआबासा,उत्तरी घोड़ाबांधा, पूर्वी घोडाबांधा,पश्चिमी घोडाबाँधा के ग्रामीणों को काफी राहत मिलेगी। विधायक मंगल कालिंदी ने कहा प्रखंड बनाने को लेकर लगातार प्रयास किया जारहा है। मुख्यमंत्री को एक मांग पत्र भी सौंपा गया है। सदन में ग्रामीणों की समस्या को रखा गया है। उमीद है जल्द ही लोगों को नए प्रखंड का तोहफा मिलेगा। मौके पर झामुमो युवा नेता रूस धीवर, राजाराम मुर्मू, छोटू सोरेन, चिका सिंह, मलिन चंद्र मुर्मू, ईसान चंद्र महतो, गणेश हासदा, सुंदर सोरेन, हेमंत सिंह, रामगोपाल महतो, वीरेन सिंह, फकीर बिरहोर, प्रभाकर मुर्मू, दीपक प्रमाणिक मौजूद रहे।

# वार्ड 17 की समस्याओं के निराकरण के लिए नप कार्यपालक पदाधिकारी से मिलेगा मिशन बदलाव



**सैयदा खातुन एवं बिनय कुमार गोप कर रहे 'वार्ड का सवाल वार्ड की सरकार' अभियान का नेतृत्व**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** मिशन बदलाव का 'वार्ड का सवाल वार्ड की सरकार' अभियान के तहत वार्ड 17 में मोहल्ले वासियों से मुलाकात एवं बैठक की गई। अभियान का नेतृत्व मिशन बदलाव जिला सचिव सैयदा खातुन एवं नगर सचिव बिनय कुमार गोप कर रहे हैं। मोहल्लेवासियों ने बताया कि हमारे वार्ड में कई दिनों से पोल पर लगे खराब बल्ब को बदला नहीं जा रहा है। कई महीनों से हो रहा पानी का लीकेज ठीक नहीं किया जा रहा है। लीकेज से हमेशा सप्लाई पानी बहता रहता है। इसको लेकर कई बार वार्ड कमिश्नर को अवगत कराया गया, लेकिन वार्ड कमिश्नर इन सभी समस्याओं को लेकर ध्यान नहीं देते हैं। मिशन बदलाव की सैयदा खातुन एवं बिनय कुमार के द्वारा पीएचईडी विभाग के रामसागर जी को कॉल करके समस्याओं को लेकर अवगत कराया गया एवं तुरंत समाधान करने की सहमति बनी। मिशन बदलाव ने कहा कि प्रत्येक सप्ताह में समस्याओं के समाधान को लेकर वार्ड अनुसार बैठक की जाएगी और समस्या के समाधान के लिये रणनीतियां बनायी जाएंगी।

# महिला की जंगल से मिली अधजली लाश महिला सुरक्षा की खोल रही है पोल : जेएनडी

**गुमला (आजाद सिपाही)।** झारखंड नवनिर्माण दल की केंद्रीय सदस्य सह महिला मंडल सहयोग संचालन समिति की प्रभारी पुष्पा उरांव ने गुमला जिला के भरनो थाना क्षेत्र के जंगल से महिला की अधजली लाश मिलने पर गहरा दुख प्रकट कर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि अधजली लाश मिलना महिला सुरक्षा की पोल खोल रही है। साहिबगंज की रेबिका पहाड़िया की टुकड़ा टुकड़ा कर हत्या व महिला का अधजला शव पोल खोलने के लिए काफी है। श्रीमती उरांव ने यह भी कहा है कि दल के नेतृत्व में महिला मंडल जनवरी से आंदोलन शुरू करेगी। जिसकी रणनीति महिला उत्पीड़न की घटना को देखते हुए पूर्व में ही बना ली गई है। श्रीमती उरांव ने महिला सुरक्षा के मामले में केंद्र व राज्य सरकार को समान रूप से बढ़ते महिला उत्पीड़न के लिए दोषी करार दिया है और यह भी कहा है कि महिला हितैषी पार्टी की सरकार जब तक राज्य व देश में नहीं बनती है तब तक महिला सुरक्षा की गारंटी नहीं हो सकती है। महिलाओं से दरिंदगी यह बताती है कि अपराधियों में शासन प्रशासन का कोई भय नहीं है। आने वाले साल में इस अत्याचार के विरुद्ध झारखंड नवनिर्माण दल व महिला मंडल सहयोग संचालन समिति चरणबद्ध आंदोलन करेगी। भरनो सहित राज्य में घट रही घटनाओं में शामिल अपराधियों को गिरफ्तार कर त्वरित केस चलाकर फांसी की सजा दिलाने की मांग सरकार व पुलिस से की है।

# रोटरी क्लब के लाटरी ड्रा की तिथि बढ़ायी गयी

**गुमला (आजाद सिपाही)।** रोटरी क्लब ऑफ गुमला सिटी के द्वारा जन कल्याणार्थ आयोजित लॉटरी ड्रॉ 25 दिसंबर 2022 दिन रविवार को होना तय था। लेकिन उक्त दिन क्लब के आधा से अधिक सदस्यों के गुमला से बाहर रहने एवं कुछ अन्य तकनीकी कारणों से दिनांक 25.12. 2022 दिन रविवार को होने वाले ड्रा को स्थगित कर दिया गया है। पुनः दिमांक 15 जनवरी 2023 दिन रविवार को मेन रोड होटल राज के पास संध्या 6:00 बजे से लाटरी का ड्रा कराया जायेगा। यह जानकारी रोटरी क्लब ऑफ गुमला, सिटी के अध्यक्ष अनमोल गुप्ता ने दी।

**कार्यक्रम :** राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के अवसर पर कार्यशाला में उपायुक्त ने कहा

# अपने अधिकारों की जानकारी उपभोक्ताओं को होनी चाहिए

**अपने अधिकारों का उपयोग किस प्रकार से करना है उसके लिए जागरूक होने की आवश्यकता है**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के अवसर पर आज गुमला के सूचना भवन में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में बड़ी संख्या में आम नागरिक सहित जन वितरण प्रणाली के दुकानदार और अधिवक्ता शामिल हुए। कार्यशाला को संबोधित करते हुए उपायुक्त सुशांत गौरव ने बताया कि एक जागरूक उपभोक्ता हम कैसे तैयार कर सकते हैं उपभोक्ता फोरम का हम आसानी किस तरह इस्तेमाल कर सकते हैं। इन सभी विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। उपायुक्त ने कहा कि एक-एक



बच्चे को उपभोक्ता के अधिकार के बारे में जानकारी होनी चाहिए। अपने अधिकारों का उपयोग किस प्रकार से करना है उसके लिए जागरूक होने की आवश्यकता है। कार्यशाला में उपभोक्ता के अधिकार के सभी मुख्य बिंदुओं पर चर्चा करते हुए लोगों को उनके अधिकार से जागरूक किया गया। वक्ताओं ने कहा कि उपभोक्ता शिकायत और विवाद के समाधान की वैकल्पिक व्यवस्था प्रणाली हैं।

उपभोक्ताओं को सामान खरीदने पर रसीद जरूर लेना चाहिए। इससे ग्राहकों को भी फायदा होगा और सरकार को राजस्व भी मिलेगा। यदि ग्राहक सामान खरीदने पर रसीद नहीं लेते हैं तो आवश्यक पड़ने पर उस दुकानदार पर कोई शिकायत दर्ज नहीं करा सकते हैं। उपभोक्ताओं की शिकायत के लिए उपभोक्ता फोरम है, जहां पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं। 24 दिसंबर को उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986 लागू हुआ था। इस अधिनियम का उद्देश्य खराब, त्रुटिपूर्ण सेवाओं और अनुचित व्यापार जैसे विभिन्न प्रकार के शोषण से उपभोक्ताओं को सुरक्षा प्रदान करना है। भारत सरकार ने 24 दिसंबर को राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस घोषित किया। भारत के राष्ट्रपति ने उसी दिन ऐतिहासिक उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986 के अधिनियम को स्वीकारा था। इसके अलावा 15 मार्च को प्रत्येक वर्ष विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह दिन भारतीय ग्राहक आंदोलन के इतिहास में सुनहरे अक्षरों में लिखा गया है। भारत में यह दिवस पहली बार वर्ष 2000 में मनाया गया था। इस कार्यशाला को अपर समाहर्ता सुधीर कुमार गुप्ता जिला आपूर्ति पदाधिकारी गुलाम समदानी व सदर अनुमंडल पदाधिकारी रवि जैन ने भी संबोधित किया।

# ईंट भट्ठे में बंधक बनाये गये मजदूर की हुई घर वापसी

**इस कार्य में मजदूर संघ सीएफटीयूआई के गुमला की टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** बिहार राज्य के ईट भट्ठा में बंधक बनाए गए गुमला जिला के अबांटोली करौंदी पंचायत के मजदूर की सकुशल वापसी हो गई। इस कार्य में मजदूर संघ सीएफटीयूआई के गुमला की टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। प्रदेश सचिव जुमन खान ने बताया कि तीन माह पूर्व करौंदी पंचायत अंतर्गत करौंदी अबांटोली के एक मजदूर युवक को बिहार के एक ईंट भट्ठा में छोड़कर मजदूर सप्लायर वहां से निकल गया। उस ईंट भट्ठे का मालिक पिंटो कुमार है। उसके भट्ठा में मजदूर को लेजा कर छोड़ दिया गया। जिसको छुड़ाने का आवेदन परिजनों द्वारा मजदूर संघ



सीएफटीयूआई झारखंड प्रदेश सचिव एवं गुमला जिला महिला जिलाध्यक्ष को दिया गया था। जिस पर तत्काल पहल कराते हुए मजदूर यूनियन के सचिव ने पहले ईंट भट्ठे के मालिक से वार्ता की। काफी प्रयास के बाद बंधक बनाए मजदूर की वापसी करायी गयी। शानिवार को कृपा महली ने मजदूर संघ सीएफटीयुआई महिला जिलाध्यक्ष सुनीता कुमारी, उपाध्यक्ष-लक्ष्मी देवी से मिल कर मजदूर की वापसी की जानकारी दी। वहीं मजदूर संघ सीएफटीयूआई जिलाध्यक्ष सह प्रभारी सुनीता कुमारी ने जिले भर के मजदूर वर्ग, गरीब वर्ग, किसान वर्ग व असहाय वर्ग के युवा-युवतियों, महिला-पुरूष मजदूरों से अपील करते हुए कहा कि मजदूर वर्ग अपने-अपने मजदूर कार्ड, निंबधन कार्ड, ई-श्रम कार्ड, प्रवासी मजदूर कार्ड, बनवायें ताकि किसी प्रकार की घटना होने पर तत्काल सरकारी लाभ मिल सके।

# अज्ञात युवक का शव बरामद



**सिसई (आजाद सिपाही)।** पुसो थाना क्षेत्र के लरंगो लादा गांव के नदी डीपा स्थित खेत से पुसो पुलिस ने शनिवार को एक 25 वर्षीय अज्ञात युवक का शव बरामद किया है। शव के शरीर पर लाठी, डंडा व लोहे की चेन की चोट का गहरा निशान है। युवक का शव अर्द्धनग्न अवस्था में मिला है। युवक के लंबे बाल हैं और कान में बाली पहने हुए है। पुसो पुलिस द्वारा घटनास्थल पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर थाना लाया गया। मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी है। रविवार सुबह शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाएगा। पुलिस द्वारा सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है।

**भ्रष्टाचार :** अप्रशिक्षित मजदूरों से बनवाये गये भ्रष्टाचार युक्त घर में अगर होती है घटना तो कौन होगा जिम्मेवार?

# छह इंच गहरी नींव पर रखा जा रहा है 9 फीट ऊंची, 20 फीट लंबी, 14 फीट चौड़ी दीवार का बोझ

**एजेंसी को मिला अप्रशिक्षित मजदूरों को प्रशिक्षण देने का काम, एजेंसी अप्रशिक्षित मजदूरों से बनवा रही है गरीबों के मकान**

**आफताब अंजुम/ ओज जायसवाल**

**गुमला/सिसई।** हमको किसी का डर नहीं कोई जोर हमारे पर नहीं...... यह गाना तो आपने जरूर सुना होगा। ये गाना फिल्हाल रांची की एडिप्ट इंफोसिस कंसलटेंसी प्राइवेट लिमिटेड नामक एजेंसी पर फिट बैठता है। अब आगे सुनिए सिसई प्रखंड के भुरसो, घाघरा व लरंगो पंचायतों मे राजमिस्त्री प्रशिक्षण देने के लिए जिला प्रशासन ने रांची की एक एजेंसी को अनुमति दी। अनुमति प्राप्त इस एजेंसी का नाम एडिप्ट इंफोसिस कंसलटेंसी प्राइवेट लिमिटेड है। इस एजेंसी के द्वारा जिला प्रशासन द्वारा अपूर्ण प्रधानमंत्री आवास के तहत लाभुकों का घर बनाया जा रहा है। अब इन्हें किस कार्य के लिए जिला प्रशासन ने जिम्मेवारी दी, ये न तो एजेंसी के लोग बताना चाहते हैं और न ही लाभुकों को ही कोई दिशा निर्देश प्राप्त है। एजेंसी का कार्य आदेश कुछ है, एजेंसी कर कुछ और रही है। अब देखने वाली बात यह है कि गरीबों के सपनों की छत जो एजेंसी द्वारा जबरन डरा-धमका कर तैयार की जा रही है वह घर आशियाना कम पशु शेड अधिक प्रतित हो रहा है। यकीन नहीं हो तो इन पंचायतों में आकर भ्रमण कर लीजिए। दिसंबर





का महीना है, निरीक्षण का निरीक्षण, पिकनिक का पिकनिक हो जायेगा।

**आवास के अपूर्ण लाभुकों पर केस करने की धमकी देकर एजेंसी जबरन बनवा रही है आवास :** अब आगे सुनिए, सिसई प्रखंड में कुल 1777 अपूर्ण पीएम आवास के लाभुक हैं। जिनमें से लरंगो में 173, घाघरा में 92 व भुरसो में 145 आवास लंबित हैं। लंबित आवास के लाभुकों को एजेंसी के द्वारा केस दर्ज होने का भय बनाया जाता है। और गांव के गरीब-मजबूर लाभुकों पर दबाव बनाकर जबरदस्ती लाभुकों का घर एजेंसी के द्वारा बनाया जा रहा है। एजेंसी के द्वारा लाभुकों के भविष्य का जो आशियाना बनाया जा रहा है उसकी नींव महज छह इंच गहरी है। लाभुकों के घरों की नींव की महज छह इंच की खुदाई, 20 फीट लंबा, 14 फीट चौड़ा व 8-9 फीट ऊंचा, एस्बेस्टस छत के दो कमरों का घर बनाया जा रहा है।

**बिचौलियों को माध्यम बना कर एजेंसी कर रही है वसूली :** ये तो रही निर्माण की बात अब जरा उगाही पर नजर डालते हैं।

## पदाधिकारी रहें सावधान!

**एजेन्सी अप्रशिक्षित राजमिस्त्रियों से घर बनवा रही है। संबंधित पदाधिकारी ये याद रखें कि अगर भविष्य में इस एजेन्सी के द्वारा निर्मित घरों में घर ढहने या घर के अंदर लाभुकों के परिवार वालों के दबने जैसा कोई हादसा होता है तो एजेन्सी के साथ-साथ वो सभी पदाधिकारी इसके जिम्मेवार होंगे जिन्होंने इस एजेन्सी को अनियमितता करने की छूट दे रखी है। अब चाहे वह प्रखंड विकास पदाधिकारी हों या ऐसी एजेंसी को कार्यादेश देने वाले पदाधिकारी। जिन पदाधिकारियों को घर के निर्माण के निरीक्षण की जिम्मेवारी मिली थी वो पदाधिकारी भी हादसे के जिम्मेवार होंगे। क्योंकि वे एजेन्सी से मिलीभगत कर के या एजेन्सी की कमियों की अनदेखी करते रहे।**

एजेंसी के द्वारा प्रखंड के सभी आवास अपूर्ण हैं। जबकि कई लाभुकों के खाते में पहुंचे दूसरे किस्त की राशि की एजेंसी के छोड़े गए बिचौलियों ने उगाही कर ली है। एजेंसी व बिचौलियों के माध्यम से निर्माण किये जाने वाले भुरसो पंचायत के चेगरी गांव के लालेश्वर उरांव व महादेव पहान टाना भगत, सेमरा के जोगेन्दर पहान, घाघरा पंचायत के खेर्रा निवासी रामलाल मुंडा, लरंगो पंचायत के लरंगो गांव में रौशन बीबी, हेमंत उरांव, राजकुमार उरांव, बर्री के सुखराम उरांव, नकूल लोहरा, सहिजाना के कैकई देवी सहित कई लाभुकों व निमार्णाधीन स्थल का निरीक्षण कर कार्य की गुणवत्ता, लाभुकों के साथ हो रही धोखाधड़ी, सरकारी पैसे का बंदरबांट व भ्रष्टाचार के इस खेल को जांचा परखा जा सकता है।

**आंधी तूफान में घर गिर गया तो कौन होगा जिम्मेवार :** अरे भाई दिमाग लगाने वाली बात है कि बिना निर्धारित सीमा के नींव पर बने घर, हवा-आंधी के थपेड़ों व बारिश में कितने दिनों तक सीना ताने खड़े रह सकते हैं। मैं दावे से कह सकता हूं कि इस एजेन्सी को आंधी तूफान के दौरान मकान में रहने वालों की जान-माल से खेलने का परमीशन तो जिला प्रशासन के किसी पदाधिकारी ने तो नहीं दिया होगा। एजेंसी द्वारा अपने द्वारा नियुक्त बिचौलिए के सहयोग से आवास राशि, प्रशिक्षण राशि का बंदरबांट करने का हसीन नजारा खुली आंखों से देखा जा सकता है।

**आखिर क्या करते हैं समन्वयक :** बहुत पूछने पर आवास समन्वयक आलोक कुमार मिश्रा ने बताया कि एजेंसी के नाम पर डीडीसी सर से आदेश पत्र मिला है। वहीं निर्माण कार्य में हो रही गड़बड़ी, लाभुकों पर दबाव व प्रशिक्षण के संबंध में उन्होंने बताया कि इन बिंदुओं की जानकारी उन्हें नहीं है। बड़ा प्रश्न ये है समन्वयक साहब कि आखिर आप करते क्या हैं? आपकी ड्यूटी क्या है? जब पत्रकार आपको बतायेंगे तब आपको मालूम होगा। क्या पत्रकार आपको घर की नींव, घर की ऊंचाई, लंबाई, चौड़ाई नाप कर बताएंगे तब आपको ये दिखेगा। हैरत है कि एक कम पढ़ा-लिखा ग्रामीण इन सब चीजों को समझ रहा है, जान रहा है आप क्या कर रहे हैं। आपकी अनभिज्ञता कहीं कुछ और तो नहीं बता रही है। आपके माध्यम से संज्ञान में आया है।

प्रावधान : प्रशिक्षण 45 दिनों का, भुगतान 374 रुपये प्रतिदिन

आवास योजना में प्रगति व गांव स्तर पर बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने को लेकर लगातार प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में राजमिस्त्री का प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसके तहत 45 दिन का प्रशिक्षण प्राप्त करने पर सर्टिफिकेट व प्रति दिन 374 रुपये भुगतान भी किये जाने का प्रावधान है। लेकिन प्रशिक्षण देने वाली एजेंसी प्रशिक्षण न देकर क्षेत्र के अपूर्ण आवास लाभुकों से दूसरी किस्त 85 हजार व तीसरी किस्त 5 हजार की राशि में ही घर बनवा देने के नाम पर एग्रीमेंट कर रही है।

**एजेंसी लाभुकों पर 200 रुपये के मजदूरी भुगतान करने का बना रही है दबाव :** एजेन्सी तो घर बनवाने का एग्रीमेंट भी कर रही है और लाभुकों से बिना पैसे के मजदूरी भी। दो कमरों का जैसे-तैसे आवास निर्माण कराया जा रहा है। एजेंसी के लोग अप्रशिक्षित राजमिस्त्रियों को काम के एवज में प्रशिक्षण का सर्टिफिकेट व तय सरकारी राशि प्रति दिन के हिसाब से 374 रुपए देने की बात तो कर ही रहे हैं साथ ही 200 रुपए लाभुक से दिलाने का आश्वासन दिया जा रहा है। और लाभुकों पर अप्रशिक्षित मजदूरों को 200 रुपए देने का दबाव भी बनाया जा रहा है। दूसरी ओर निर्माण की सामग्री गिराने, काम का पैसा दिलाने व अन्य लाभुकों को ढूंढने के लिए एजेंसी कर्मियों द्वारा स्थानीय बिचौलियों को खासा प्रलोभन देकर अपने साथ रखा भी जा रहा है।

## महत्वपूर्ण न्यूज

# धूमधाम से मनाया क्रिसमस, मुख्य अधिष्ठाता ने कहा- जग उद्धार के लिए आया मसीहा



**गुमला (आजाद सिपाही)।** शहर में क्रिसमस का त्यौहार धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर शहर के प्रसिद्ध संत पात्रिक महागिरजा में रात्रि 10:00 बजे से पवित्र मिस्सा पूजा का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अधिष्ठाता के रूप में फादर लेनूस पिंगल एक्का ने मिस्सा कराया। उन्होंने गुमला वासियों को क्रिसमस की शुभकामनाएं देते हुए इसके महत्व को बताया। उन्होंने कहा कि क्रिसमस यीशु के दुनिया में अवतार लेने का दिन है। प्रभु यीशु जब दुनिया में आये तो गौशाला में उनका जन्म हुआ। गौशाला में जन्म होने के साथ ही एक झाड़ू तारा का उदय आकाश में हुआ। इस तारा के उदय होने से ही बड़े-बड़े भविष्यविदों ने यह आकलन लगा लिया था कि आज दुनिया में कोई महापुरुष जन्मा है। मुख्य मिस्सा में सहयोगी अधिष्ठाता के रूप में पूर्व विकर जनरल सिप्रियन कुल्लू, फादर मूनसन, फादर अमृत तिर्की, फादर पोल केर-केट्टा, फादर नवीन कुल्लू, फादर जेफियुनुस तिर्की, फादर जेरोम एक्का साहित कई अधिष्ठाता मौजूद थे।

# भानु प्रताप बड़ाइक ने झारखंड कांग्रेस प्रभारी से मुलाकात कर संगठन के बारे में की चर्चा



**बसिया (आजाद सिपाही)।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी कला-संस्कृति एवं फिल्म विभाग के चेयरमैन भानु प्रताप बड़ाईक ने शुक्रवार को नयी दिल्ली स्थित कांग्रेस भवन में झारखंड कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडे से मुलाकात कर संगठन के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा की। भानु प्रताप बड़ाईक ने प्रभारी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि झारखंड में प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के नेतृत्व में भारत जोड़ो यात्रा बहुत ही सफलता पूर्वक संपन्न हुई है। राज्य के सभी जिलों में कांग्रेसजनों की भारी तादाद में भागीदारी रही। उन्होंने कहा कि आपके मार्गदर्शन में प्रदेश पदाधिकारियों एवं जिलाध्यक्षों का मनोनयन किया गया, जिससे कांग्रेस नेता व कार्यकर्ता बहुत ही खुश हैं। इससे पार्टी संगठन झारखंड में काफी मजबूत होगा और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के अंदर ऊर्जा का संचार होगा। उन्होंने कहा कि गुमला जिला में सिसई, गुमला एवं बिशुनपुर विधानसभा महागठबंधन के जेएमएम के विधायक हैं, वहां पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं का सम्मान नहीं मिल पा रहा है। गुमला जिला से कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं को 15 सूत्री और बोर्ड निगम में जगह मिलनी चाहिए, इससे जिला कांग्रेस संगठन में मजबूती मिलेगी।

# थाना परिसर में जमीन संबंधी विवाद के निपटारा को लेकर विशेष शिविर का आयोजन



**सिसई (आजाद सिपाही)।** थाना परिसर में शनिवार को जमीन संबंधी विवाद के निपटारा को लेकर विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अंचल अधिकारी अरुणिमा एक्का व थाना प्रभारी आदित्य कुमार चौधरी की उपस्थिति में जमीन विवाद से संबंधित पांच मामलों के आवेदनों का निपटारा किया। इस दौरान थाना प्रभारी ने बताया कि जमीन के आपसी विवाद के प्राप्त आवेदनों की सुनवाई व विवाद का निपटारा प्रत्येक शनिवार को थाना परिसर में शिविर लगाकर किया जा रहा है। ग्रामीण अपने विवाद को लेकर थाना में आवेदन दे सकते हैं। दोनों पक्षों की आपसी सहमति व साक्ष्यों के आधार पर विवादों का निपटारा प्रत्येक शनिवार को कैम्प लगाकर किया जाएगा।

# रेफरल अस्पताल सिसई में कोविड-19 की संभावना को लेकर की गयी आपात बैठक



**सिसई (आजाद सिपाही)।** रेफरल अस्पताल सिसई में शनिवार को चीन में बढ़ती कोरोना की स्थिति व भारत में कोविड-19 की संभावना को लेकर आपात बैठक प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ललिता मिंज की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान अस्पताल में कोरोना जांच सामग्री, पीपीई कीट, मास्क, ग्लव्स व ऑक्सीजन, सेनेटाइजर तथा हैंडवॉश, कोरोना से संबंधित दवाओं व टीकों की उपलब्धता व तैयारियों सहित कई अन्य विषयों पर गहनता पूर्वक चर्चा की गई। मौके पर डॉ स्वेता, जीतवाहन उरांव, अभिमन्यु लाल, जयकांत उरांव, हरदेव नारायण सिंह, नीरज सिन्हा, विजय कुमार, ललित साह, शिवनारायण सिंह, कमल उरांव, सोमनाथ कुमार सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे।

# बालकों में सामूहिक नेतृत्व, शिक्षा, संस्कार व प्रेम का संचार ही बाल निर्माण : सुभद्रा राव



**सिमडेगा (आजाद सिपाही)।** कोचेडेगा सत्य साई मंदिर में दो दिवसीय बाल विकास प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर सत्य श्री साईं भजन के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि ए. सुभद्रा राव ट्रस्ट कन्वेनर झारखंड एवं रवि सुधाकर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। प्रशिक्षण शिविर में विभिन्न गांव से आये बच्चों ने बड़े उत्साह पूर्वक भाग लिया। शिविर में प्रशिक्षण प्रशिक्षक के रूप में मुख्य शिक्षिका डी. पुष्प लता झारखंड स्टेट बाल विकास कोऑर्डिनेटर एवं अपर्णा महापात्र झारखंड स्टेट जॉइंट बाल विकास कोऑर्डिनेटर के द्वारा दिया जा रहा है। सत्र में 3:00 से शाम 6:00 बजे तक प्रशिक्षण शिविर का समापन रविवार को बाबा का सामूहिक भजन आरती व प्रसाद वितरण के साथ किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल संचालन करने के लिए मुख्य रूप से गार्जियन श्रीराम चौधरी, सत्य साईं सेवा समिति के सिमडेगा जिला अध्यक्ष गणपति बड़ाईक, नरोत्तम प्रसाद, सुरेश चौधरी, पुजारी बजरंग दास, जिला यूथ अध्यक्ष उदय कांत चौधरी, लाल देव बड़ाईक, मुरारी प्रसाद, लखपति बड़ाईक, रंजीत साहू, सुनीता देवी, बीना देवी, ममता बाई, आरती देवी, शंभू गोस्वामी, शंभू सिंह, नितेश सिंह, दिलीप गोप, अनिल बड़ाईक, हेमंत रन, चंद्रनाथ बड़ाईक आदि भक्तों का सराहनीय सहयोग रहा।

# अविनाश देव कुम्हार समन्वय समिति के साथ सीएम से मिले

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** विधानसभा शीतकालीन सत्र के दौरान विधानसभा के केंद्रीय कक्ष में झारखण्डी कुम्हार समाज व माटी शिल्पकारों के हक अधिकारों व जन समस्याओं को लेकर झारखंड कुम्हार समन्वय समिति का एक तीस सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल पेयजल स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर एवं अविनाश देव के अगुआई में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिला। मुलाकात के दौरान समाज से जुड़े अन्य विषयों पर भी चर्चा हुई।



प्रमुखता के साथ झारखण्ड आंदोलनकारी कृषि गुरु व दिशोम गुरु शिबू सोरेन के सहयोद्धा दिवंगत बाबा झगरू पंडित के प्रतिमा अनावरण के लिए समय लेने को लेकर बाबा के विधवा बहु एवं पोता पहुंचे थे। माटीकला बोर्ड पुनर्गठन को लेकर एक प्रतिनिधिमंडल मिला। झारखण्ड के तेरह जिलों से उपरोक्त मामले को लेकर डेलीगेट्स आये थे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भरोसा दिया और कहा सत्र के बाद पुनः मिलिए हम भरपूर समय देंगे। प्रतिनिधि मंडल में बोकारो से बालगोविंद प्रजापति, बैजनाथ प्रजापति, लखु प्रजापति, परमानन्द प्रजापति, सरिता जी, धनबाद से प्रकाश जी, मिथिलेश जी, देवघर से नंदलाल पंडित, पलामू से ललन प्रजापति, गढ़वा से कन्हैया प्रजापति, लातेहार से आनन्द, हजारीबाग से श्यामबिहारी, रांची से ललिता देवी, रेखा देवी, दिनेश प्रजापति, राजू प्रजापति, प्रसाद प्रजापति, दुमका से तारा शंकर , जामताड़ा से नितेश, दिलीप , दीपिका कुमारी, क्लस्टर जी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## ससुराल वालों के खिलाफ पिता ने दिया थाना में आवेदन

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** बिहार औरंगाबाद जिला के रफीगंज निवासी ओमप्रकाश शाह ने हुसैनाबाद थाना में आवेदन देकर हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के दंगवार निवासी दामाद निरंजन गुप्ता उर्फ आजाद कुमार गुप्ता पर इलाज में लापरवाही की वजह पुत्री संजू देवी की मौत का आरोप लगाया है। थाना को दिए आवेदन में उन्होंने लिखा है कि उनकी पुत्री संजू देवी गर्भवती थी। उसका प्राथमिक उपचार गांव में ही कराया गया। स्थिति गंभीर होने पर डेहरी ऑन सोन ले जाने के क्रम में उसकी मौत हो गयी। बताया जाता है कि उक्त महिला को दर्द होने के बाद गांव के प्राइवेट क्लीनिक में ले जाया गया था। जहां चिकित्सक ने स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए डेहरी ऑनसोन ले जाने की सलाह दी थी। दंगवार ओपी प्रभारी ने शव को अपने कब्जे लेकर हुसैनाबाद में पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। संजू देवी के पिता के आवेदन में इलाज में लापरवाही कर उसे मार देने का आरोप लगाया गया है। हुसैनाबाद प्रभारी थाना प्रभारी सौरभ कुमार ने बताया कि अनुसंधान के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

## संत मरियम स्कूल में क्रिसमस धूमधाम से संपन्न



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** संत मरियम स्कूल के सभी शाखाओं में क्रिसमस धूमधाम से मनाया गया। सांता के रूप में बच्चे बेहद खुश नजर आ रहे थे ।प्रार्थना सभा के प्रशाल में उपस्थित सभी बच्चों के सामने सभी सांता ने नृत्य प्रस्तुत किया। मौके पर स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने कहा कि क्रिसमस पूरे दुनिया में मनाया जाने वाला सबसे बड़ा त्योहार है ।यह प्रतिवर्ष 25 दिसंबर को ईसाई धर्म मानने वाले लोगों द्वारा विषेश रूप से मनाया जाता है। क्रिसमस, यीशु के जन्म का सम्मान करने वाली एक ईसाई अवकाश,दुनिया भर में धार्मिक और धर्मनिरपेक्ष उत्सव में विकसित हुई है, जिसमें उत्सवों में कई पूर्व–ईसाई और मूर्तिपूजा परंपराएं शामिल हैं। हर्ष और खुशी का एक बड़ा उत्सव है क्रिसमस। ये प्रभु ईशा के जन्म दिवस के अवसर पर हर साल 25 दिसंबर को शीत ऋतु में मनाया जाता है। इस दिन को क्रिसमस डे के रुप में प्रभु ईशा को श्रद्धांजलि और सम्मान देने के लिये मनाया जाता है। सभी लोग पूरे दिन नाचते गाते हुए आनंदित मुद्रा में इस त्योहार को मनाते है। श्रीं देव ने कहा कि भारत एक धर्म निरपेक्ष देश है।अत: हम सभी को सभी धर्म के पर्व,त्योहर में शामिल होकर उनके खुशियों में शामिल होना चाहिए।

## सीओ को ज्ञापन देकर पंचायत स्तर पर राजस्व शिविर लगाने की मांग

**बिश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** युवा समाजसेवी सह केतत कला पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि नवीन चौबे ने बिश्रामपुर सीओ प्रशांत कुमार हेंब्रम को आज एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में श्री चौबे ने कहा है कि प्रखंड में जमीन का ऑन लाइन व दाखिल खारिज की प्रक्रिया बहुत ही धीमी है। जिससे आम लोगों को काफी परेशानी हो रही है। आम लोगों की परेशानी को देखते हुए बिश्रामपुर के सभी दसों पंचायत में राजस्व शिविर लगाया जाए ताकि जमीन का ऑन लाइन और दाखिल खारिज के कार्य में तेजी लाया जा सके। नवीन चौबे ने ज्ञापन में यह भी कहा है कि बिश्रामपुर के हल्का नंबर छः में अंचल निरीक्षक भवन दो वर्ष पहले ही बनकर तैयार हो चुका है। इस भवन को जल्द से जल्द राजस्व कर्मचारी को हस्तगत कराया जाए। ताकि हल्का नंबर छः के कर्मचारी उक्त कार्यालय भवन में बैठकर राजस्व कार्य संपादित कर सकें। सीओ श्री हेंब्रम ने नवीन चौबे को आश्वस्त किया कि जल्द ही इस मामले में सकारात्मक कदम उठाया जायेगा। मौके पर भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अमरेश तिवारी व ओम प्रकाश पांडेय गुड्डू भी मौजूद थे।

## बीडीओ ने किया मुरमा मध्य विद्यालय का औचक निरीक्षण

**बिश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)** प्रखंड के मुरमा खुर्द उत्क्रमित मध्य विद्यालय का बीडीओ प्रशांत कुमार हेंब्रम ने शनिवार को औचक निरीक्षण किया। इस क्रम में उन्होंने पठन पाठन से लेकर मध्याह्न भोजन योजना तक की जांच की। बीडीओ श्री हेंब्रम ने शिक्षकों को कई दिशा निर्देश भी दिया। कहा कि न तो मिड डे मील में गड़बड़ी बर्दास्त की जायेगी और न ही शिक्षा के गुणवता से कोई समझौता किया जायेगा। सरकार का हर शैक्षणिक योजना का लाभ बच्चो तक पहुंचाना चाहिए। बीडीओ प्रशांत कुमार हेंब्रम ने कहा कि प्रखंड के सभी सरकारी विद्यालयों में शैक्षणिक स्तर को सुधारने हेतु जांच अभियान जारी रहेगा। मौके पर कई लोग मौजूद थे।

## टीएमटी सुपर शक्ति राज्य मिस्त्रियों का हुआ सम्मेलन

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** वर्मा ट्रेड्स द्वारा आज विश्रामपुर में टी एम टी सुपर शक्ति राज्य मिस्त्रियों का एक दिवसीय सम्मेलन किया गया। जिसकी की अध्यक्षता सुपर शक्ति टीएमटी छड़ कंपनी के विद्याभूषण सिंह व संचालन वर्मा ट्रेडर्स के प्रमोद कुमार वर्मा ने किया। सम्मेलन में राज्य मिस्त्रियों को भवन निर्माण कार्य के अत्याधुनिक तरीके सहित टीएमटी सुपर शक्ति छड़ से जुड़ी कई जानकारियों के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया। इस दौरान



वर्मा ट्रेडर्स ने राज्य मिस्त्रियों को सम्मानित भी किया। प्रमोद कुमार वर्मा ने कहा कि राज्य मिस्त्री किसी शिल्पकार से कम नही है। मौके पर लवकुश सिंह,गुड्डू अंसारी, सूरज चंद्रवंशी, नूर आलम, मुबारक अंसारी, सुनील कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

## अध्यात्म से ही बेहतर समाज का निर्माण होता है : डॉ एसबीपी

**पांकी/पलामू (आजाद सिपाही)।** पांकी प्रखंड अंतर्गत लोहरसी चट्टी बाजार परिसर मे शनिवार को शिव शिष्य परिवार द्वारा शिव चर्चा का आयोजन किया गया। इस मौके पर पांकी विधायक डां शशिभूषण मेहता, मुकेश गुप्ता, पांकी थाना प्रभारी अमित कुमार सोनी, प्रो. बच्चन ठाकुर,पिपराटांड़ थाना प्रभारी राहुल गुप्ता सहित बड़ी संख्या मे शिव शिष्य परिवार शामिल हुए। विधायक डां शशिभूषण मेहता ने कहा अध्यात्म से जुड़कर ही बेहतर समाज की कल्पना की जा सकती है। शिव इस पूरे ब्रह्मांड मे विद्यमान हैं। यह हम सभी जानते हैं। पूजा पद्धति चाहे जो भी हो ईश्वर की भक्ति आवश्यक है। शिव ही जगत के पालनहार हैं। थाना प्रभारी अमित कुमार सोनी ने कहा धार्मिक अध्यामिकता संसारिक जीवन मे आवश्यक है। भक्तिमय महौल से लोगों को अध्यात्म से जुड़ने की प्रेरणा मिलती है। मौके पर साकेत सिंह, लड्डू सिंह, कविता देवी, प्रो.बच्चन ठाकुर, रंजय ठाकुर, रामचन्द्र यादव, बली यादव, धर्म बड़ाईक, सुरेन्द्र मेहता, कार्तिक सिंह सहित काफी संख्या लोग मौजूद थे।

## जिले में ठंड के प्रकोप को देखते हुए पलामू डीसी ने जारी की एडवाइजरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू डीसी आंजनेयुलु दोड्डे ने जिले में बढ़ती ठंड व शीतलहर को देखते हुए पलामूवासियों से ठंड से बचने की अपील की है।उन्होंने लोगो से अपील करते हुए कहा कि ठंड से बचने के लिए अपने घर को गर्म रखें,इसके लिए पर्दे,शटर आदि का इस्तेमाल करें साथ ही रात में दरवाजा व खिड़कियां को खुली न छोड़ें ताकि ठंडी हवाएं घर मे प्रवेश न कर पाएं। ठंड से बचाव हेतु मल्टीलेयर ठंढक का कपड़ा रखें और जब भी बाहर



जाएं तो उनी कपड़े पहने,गमछे से या टोपी से अपने सर को ढकें। साथ ही हमेशा जूते- चप्पल का इस्तेमाल करें। वाहन चलाते समय कम गति नियंत्रित रखें और हेलमेट, दस्ताने का प्रयोग करें।ठंड में पर्याप्त भोजन के साथ गुनगुने पानी का सेवन करें। अपने घर मे कोयले की अंगीठी,मिट्टी तेल का चूल्हा,हीटर आदि का प्रयोग सावधानी से करें ताकि किसी प्रकार का नुकसान न हो। उन्होंने लोगों से ठंड में शराब का सेवन करने से बचने की भी अपील की।

### उपायुक्त ने लोगों से की अपील

**उपायुक्त ने लोगों से अपने साथ साथ फसलों और पालतू जानवरों को भी ठंड से बचाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि फसलों में हल्की सिचाईं करें ताकि फसलों में पाला न पड़ें। साथ ही पालतू जानवरों को घर के अंदर बांधे और शरीर ढकने के लिए टाट या बोरे का प्रयोग करें जिससे जानवर भी ठंड से बच सकें।**

## लायंस फेमिना ने किया भोजन का वितरण

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** अंतराष्ट्रीय कार्यक्रम फूड फॉर हंगर के तहत लायंस क्लब ऑफ डालटनगंज फेमिना ने आज 101 फूड पैकेट का वितरण किया। लायंस फेमिना की अध्यक्षा बिंदू तुलस्यान ने बताया कि उन्होंने शनि मंदिर के सामने जो जरूरतमंद बैठे थे उनको भोजन कराया और उनके बच्चों के लिए टॉफियां, बिस्कुट और चिप्स दिए। इसके अलावा थाना रोड में जो पत्तल और दातून बेचने वाली महिलाएं थी उनको भी फूड पैकेट का वितरण किया गया। सचिव रेखा शर्मा ने बताया कि आने वाले समय में लायंस क्लब ऑफ डालटनगंज फेमिना जरूरतमंदों के लिए गर्म वस्त्र भी मुहैया कराएगा। जिसके लिए योजना बनी बनायी जा रही है।

## अस्पताल में कराने गया था नसबंदी का ऑपरेशन, डॉक्टर ने काट दिया गुप्तांग



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू में निजी अस्पताल में लगातार हो रही लापरवाही की वजह से मरीज परेशान हैं और स्वास्थ्य विभाग मौन है। ताजा मामला डालटनगंज शहर बड़ा तालाब के पास स्थित माँ गोदावरी अस्पताल का है जहां के डॉक्टर के द्वारा बड़ी लपरवाही की गयी है। बता दें की एक मरीज अपना नसबंदी का ऑपरेशन कराने गया था, लेकिन डॉक्टर ने ऑपरेशन के दौरा नमरीज का गुप्तांग ही काट दिया। इस घटना के बाद से अस्पताल के संचालक देवेंद्र अग्रवाल, आरोपी डॉक्टर और अस्पतालकर्मी अस्पताल से फरार हो गये हैं। जिसके बाद मरीज को इलाज के लिए एमएमसीएच अस्पताल में भर्ती कराया गया है, शहर थाना प्रभारी अभय सिन्हा ने बताया मरीज के द्वारा अभी लिखित आवेदन, आवेदन मिलने के बाद अस्पताल संचालक और डॉक्टर के खिलाफ की जाएगी एफआइआर दर्ज किया जायेगा। इधर सूचना के बाद सभी अस्पताल के कर्मी लापता हैं वहीं कई मरीजों को बेड पर लेटाकर पानी चढ़ाया गया है लेकिन उन्हें देखने वाला भी कोई नहीं है। ऐसी अस्पताल भगवान भरोसे ही चल रहे हैं और जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग अस्पतालों पर नकेल कसने में नाकाम साबित हो रही है इससे पूर्व में इस अस्पताल की कई मामले सामने आ चुके हैं लेकिन अस्पताल के प्रबंधक बड़ी चतुराई से मरीजों को मैनेज कर आवेदन नहीं देने देते हैं इसी वजह से इनका मनोबल भी बढ़ता चला जा रहा है।

## आरपीएस पब्लिक स्कूल जपला में क्रिसमस सेलिब्रेशन का आयोजन



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** आरपीएस पब्लिक स्कूल जपला में क्रिसमस सेलिब्रेशन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रेप तथा प्री प्राइमरी के बच्चों ने कार्यक्रम में भाग लिया एवं क्रिसमस कैरोल गाया गया तथा कैरोल की धुन पर डांस भी किया गया। छात्र छात्राओं के द्वारा भिन्न भिन्न प्रकार के सजावट जैसे सांता, क्रिसमस ट्री को विभिन्न सामग्रियों द्वारा रोचक ढंग से सजाया गया। इसके साथ ही सांता क्लॉज के द्वारा मिठाई भी बांटी गयी। प्राचार्य ने इस अवसर पर सभी को शुभकामना देते हुए बच्चों को ईसा मसीह के शिक्षाओं और उपदेशों के बारे में भी बताया, कि हमें हर अच्छी बातों को ग्रहण करना है और दूसरों को भी अच्छी बातों की ओर बढ़ाना सिखाना है। उन्होंने कहा कि प्रभु यीशु का जन्म विश्व कल्याण और विश्व शांति के लिए हुआ था। उन्होंने हमें मानव सेवा और परोपकार करने का संदेश दिया था। इस कार्यक्रम में दीपिका कच्छप, रंजना पाठक, लेसली कुटीहना, मोतीलाल परिछा एवं अन्य शिक्षक ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सफल योगदान दिया ।

Rinleu
न्यू दास म्युजिकल स्टोर्स
New Das Musical Stores
हमारे इस प्रतिष्ठान की रांची में कोई भी शाखा नहीं है।
Deals in:
YAMAHA AHUJA ESP Fender CASIO BOSS zoom PAiSTe TAMA Studiomaster DigiTech KORG Zildjian Roland Cort Epiphone MAPEX Gibson Ibanez stranger
Opp. Sankat Mochan Hanuman Mandi Main Road, Ranchi-1 (Jharkhand)
Phone : 0651-2201778 Mobile : 98351-64815, 72509-3303
मिलते-जलते नामों से सावधान

DK Dhani Kitchen
100% Pure Veg Restaurant
Also Available on SWIGGY zomato
Call for Order
9234565758, 6513571568
Harmu Road, Gariikhana, Beside Petrol Pump, Ranchi

Sontosh Kumar
75037 29696
92056 24569
S MTOY & School Fnrnituer
Old Bank Colony, RMCH, Near Sadhu Maidan
Shop Add. : Industrial Area Kokar, Ranchi-834001 (Jharkhand)
Everything From A to Z For School, Playground, Playschool Park Playzone, Mails, Backyard, Recreation Zone, Society & Anganwadis

DADI PLASTIC & KITCHENWARE
Home & Kitchen
Deals in : Specially in Plastic & Cleaning
(WHOLESALE & RETAIL)
MILTON cello ARISTO TECHNO DEEPAK PARAS CUBO
North Market Road, Upper Bazar, Ranchi - 834001 (Jharkhand) Mob. : 9693000799, 7979703432

study MBBS in ABROAD
RUSSIA GEORGIA POLAND EGYPT KAZHAKASTAN UZBEKISTAN
Get Direct Admission in Top Government Medical Universities of ABROAD.
UNIVERSITY FLY
Call Now !
+91-7903149721
www.universityfly.com

रत्न विक्रेता जय माता दी रत्न विक्रेता
ज्योतिष ग्रहरत्न केन्द्र
ज्योतिष शास्त्र • वास्तु शास्त्र • हस्त शास्त्र • हस्त रेखा • अंक शास्त्र
पंडित शशि कांत मिश्रा
पता - लाईन टैंक रोड, गोपाल गंज गली, अपोजिट-भूतपूर्व बारगेन बाजार, रांची
फोन :- 9334718296, 9835195382, 9431792761

अविराम ए ग्रुप ऑफ इंस्टीट्युशंस
(मान्यता एवं संबद्धता रांची वि.वि., जैक, एनपीयू, पी.सी.आई., JSPC, JNRC एवं चिह्नित NCTE भुवनेश्वर उड़ीसा)
टिको, कुड़ू, लोहरदगा एवं हुटाप, चंदवा, लातेहार (झारखंड)
इंटर एवं स्नातक पास बालक/बालिकाएं शीघ्र प्रवेश लें एवं B.ed के अतिरिक्त अन्य में सीधे प्रवेश हेतु आवेदन करें
झारखंड स्टेट एवं रांची विश्वविद्यालय में टॉपर देने वाले संस्थान में प्रवेश का सुनहरा अवसर
ए.एन.एम A.N.M | डी.फार्मेसी D.Pharmacy | बी.एड. B.Ed. | बी.एस.सी. नर्सिंग B.Sc Nursing | डी.एल.एड D.El.Ed
FACILITIES : SCHOLARSHIP ◆ BUS & HOSTEL FACILITY ◆ CAMPUS PLACEMENT ◆ WELL EQUIPPED LAB ◆ ONLINE ADMISSION PAYMENT & ONLINE CLASS FACILITY
Coming Soon Paramedical Courses
◆ Diploma in Operation Theater
◆ DMLT ◆ Dresser
URGENT REQUIREMENT
◆ B. Sc Nursing/ M.Sc Nursing Pass
◆ D. Pharma/ B. Pharmacy Pass
◆ B.Ed & M.Ed in (Science/Literature Social Science)
Send resume within 3 days in 7782054270
संपर्क कीजिए : 7782054270, 8987470640 | www.aviramcollege.com, www.aviramcollegeofnursing.com bedcollege2011@gmail.com/aviram.gv@gmail.com

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–
Based on JCERT
Class - VIII
* Class VIII Today (Combined) ₹ 250
* Class VIII Today (English Medium) ₹ 280
* Mathematics Practical ₹ 60
* Science Practical ₹ 60
* S. Science Practical ₹ 60
* Hindi Vyakaran– I ₹ 60
* English Grammar– I ₹ 60
* Sanskrit Vyakaran– I ₹ 50
Classes VI & VII
* Class VII Today (Combined) ₹ 240
* Class VI Today (Combined) ₹ 240
* Hindi Vyakaran– I ₹ 60
* English Grammar– I ₹ 60
* Sanskrit Vyakaran– I ₹ 50
मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

BAWARCHI FAMILY RESTAURANT
Please Join Us to Celebrate the opening Ceremony of our New Restaurant
Venue : Sector-9 Near Hatia More Bokaro Steel City (Jharkhand)
With Best Compluments From :
BAWARCHI FAMILY RESTAURANT
Mob. : 65423 66205, 76338 16941

**अपील :** जिला प्रशासन की ओर से नो टू ड्रग्स थीम पर आयोजित 10 किमी वॉकाथान में दौड़ा बोकारो

# नशा छोड़ समाज की मुख्यधारा में हों शामिल : एसपी

## मादक पदार्थों के सेवन से शरीर और मन पर पड़ता है बुरा प्रभाव : डीडीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** वर्तमान समय में मादक पदार्थ का सेवन एक गंभीर समस्या है। मादक पदार्थों का सेवन केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि पूरे परिवार और समाज को अस्त-व्यस्त कर देता है। युवा वर्ग द्वारा मादक पदार्थों का सेवन का दायरा बढ़ता जा रहा है, जो चिंता का विषय है। इस सामाजिक समस्या को केवल जागरूकता से ही अंकुश लगाया जा सकता है। बोकारो को नशामुक्त बनाने के लिए जिला प्रशासन के पहल पर बोकोरो से नो टू ड्रगस थीम पर 10 किमी वॉकाथान का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में



10 किमी वॉकाथन में दौड़ लगाते बोकारो एसपी, डीडीसी व सीआरपीएफ कमाडेंट व अन्य।

लोगों ने हिस्सा लिया। वॉकाथान की शुरूआत बोकारो हवाई अड्डा से हुई, जो बोकारो स्टील सिटी क्षेत्र के राम मंदिर, पत्थरकट्टा चौक, बोकारो माल, सेक्टर 04 गांधी चौक, बीएसएल एडीएम बिल्डिंग, सेक्टर थर्ड राम मंदिर, सर्किट हाउस बोकारो,तिरंगा पार्क होते हुए कैंप टू स्थित समाहरणालय पहुंच समाप्त हुई। एसपी चंदन झा ने कहा कि आम जन को जागरूक होकर नशे की लत छोड़ समाज के मुख्यधारा में शामिल होने को लेकर प्रेरित करने को जिला प्रशासन की ओर से वॉकाथान का आयोजन किया गया था। वहीं, डीडीसी कीर्तीश्री जी ने कहा कि मादक पदार्थों के सेवन से शरीर और मन पर बहुत ही बुरा प्रभाव होता है। यह किसी भी आयु वर्ग के व्यक्ति को अपनी गिरफ्त में ले सकता है। वॉकाथान में अनुमंडल पदाधिकारी चास दिलीप प्रताप सिंह शेखावत,अपर समाहर्ता सादात अनवर, मुख्यालय डीएसपी मुकेश सिन्हा, एसडीपीओ चास पुरषोत्तम कुमार, जिला जन संपर्क पदाधिकारी राहुल भारती,सिटी डीएसपी कुलदीप कुमार, जिला पशुपालन पदाधिकारी डा. मनोज कुमार मणि, ट्राफिक विभिन्न विभागों के कर्मी, पुलिस जवान व आमजन आदि शामिल हुए।

### मादक पदार्थों का सेवन एक वैश्विक चुनौती : सीआरपीएफ कमांडेंट

**वहीं, सीआरपीएफ कामांडेंट कमलेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि मादक पदार्थों का सेवन एक वैश्विक चुनौती है। संभावित पीड़ितों को मादक पदार्थों के सेवन से होने वाली बर्बादी के बारे में सचेत/जागरूक करने को लेकर प्रशासन की यह पहल है। ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग खुद को इस जाल से सुरक्षित रख सकें।**

## नशा व्यक्ति के सामाजिक और आर्थिक विकास में है सबसे बड़ी बाधा : अनंत

### आने वाली पीढ़ी को नशे से बचाना है : सतीशचंद्र




आजाद सिपाही संवाददाता

**फुसरो/बेरमो।** नशा मुक्ति को लेकर फुसरो में बेरमो पुलिस प्रशासन के सौजन्य से वाकाथॉन के माध्यम से जागरूकता रैली निकाली गई। रैली बेरमो थाना से प्रारंभ होकर पैदल मार्च करते हुए पुराना बीडीओ आफिस होते हुए वापस बेरमो थाना पहुंची। इसमें बेरमो एसडीएम अनंत कुमार, एसडीपीओ सतीशचंद्र झा, नगर परिषद अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह, बेरमो बीडीओ मधु कुमारी, सीओ मनोज कुमार के अलावा बेरमो अनुमंडल के तमाम थाना के अधिकारी उपस्थित रहे। बेरमो एसडीएम ने कहा कि युवा वर्ग नशे का सेवन कर अपनी बहुमूल्य जिंदगी बर्बाद करने में लगे है। इसी के रोकथाम और नशा से युवाओं व अन्य लोगों को दूर रखने के लिए यह जागरूकता वाकाथॉन का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम का दूरगामी प्रभाव पड़ेगा और युवा पीढ़ी में एक अच्छा संदेश जाएगा। उन्होंने कहा कि नशा व्यक्ति के सामाजिक, आर्थिक और शारीरिक विकास में सबसे बड़ी बाधक है। वहीं, एसडीपीओ सतीशचंद्र झा ने कहा कि जहां भी नशीले पदार्थ बेचने या खरीदने का काम चल रहा है या इसमें जो भी गिरोह है इसके बारे में पुलिस को या डायल 100 पर सूचना दे। जो भी खबर देगा उसका नाम गुप्त रखते हुए कार्यवाही की जाएगी। नशा मुक्त भारत का निर्माण करने में मेरा विभाग बढ़ चढ़ का हिस्सा लेगा। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य हमारी आने वाली पीढ़ी को नशे से बचाना है। यदि आने वाली पीढ़ी को नशा मुक्ति अभियान से जोड़ा जाए, तो इसका सार्थक परिणाम आ सकता है। नप अध्यक्ष राकेश सिंह ने कहा कि बच्चों को नशे से शारीरिक नुकसान, गलत संगति व दुष्प्रभाव के बारे में जागरूक करना आवश्यक है। बेरमो थाना प्रभारी रविंद्र सिंह ने कहा कि मादक पदार्थों का सेवन व्यक्ति विशेष, परिवार, समाज, राज्य व राष्ट्र को कुप्रभावित करता है। क्योंकि नशा विभिन्न अपराधों का जनक होता है। ज्यादातर दुर्घटनाएं नशे की ही देन है। लोगों से अपील है कि वे स्वहित, परहित व राज्य और राष्ट्रहित में मादक पदार्थों के सेवन का त्याग करें।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### बच्चों के स्किल डेवलपमेंट के लिए दो दिवसीय विंटर कैंप का शुभारंभ



बोकारो (आजाद सिपाही)। चिन्मय विद्यालय में बच्चों के स्किल डेवलपमेंट के लिए दो दिवसीय विंटर कैंप का शुभारंभ किया गया। जिसमें कक्षा 7वीं से 11वीं तक के लगभग 210 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इसमें इंग्लिश, हिंदी, वाणिज्य विषयों पर आधारित कई एक्टिविटी करवाई गई। शार्ट फिल्म मेकिंग, ड्रामा, ग्रुप डिस्कशन, पजल सॉल्विंग, एवं पावर पॉइंट प्रेसेंटेशन आदि एक्टिविटी करवायी गयी। कैंप का शुभारंभ करते हुए सचिव महेश त्रिपाठी एवं प्राचार्य सूरज शर्मा ने कहा कि शिविर के माध्यम से बच्चे अपने मन की बात, अपनी प्रतिभा के अनुरूप कह कर सिख पाते है। उन्हें एक दूसरे के साथ अपने विचारों को साझा करने का मौका मिलता है। यह शिविर बच्चों द्वारा बच्चों के लिए आयोजित किया गया है। शिक्षक बच्चों के जिज्ञासा के अनुसार उनका मार्गदर्शन कर रहे है। कैंप के कोऑर्डिनेटर निशांत कुमार सिंह ने कहा कि सुब्रत गुप्ता, सुनील कुमार, अंजलि , मीनाक्षी, स्वाति मिश्रा, राहुल रॉय, प्रिया राजीव, प्रीति लता, तवशरण, मनोज कुमार तिवारी, पूजा सिंह, डॉ नमिता शर्मा व निशा सिन्हा ने अपने अनुभवों के साथ बच्चों को ढेर सारी तकनीक सिखाई एवं उनका सफलता पूर्वक मार्गदर्शन किया।

### कांग्रेस का यूथ जोड़ो बूथ जोड़ो कार्यक्रम आयोजित



लोयाबाद (आजाद सिपाही)। बांसजोडा बस्ती में शनिवार को युवा कांग्रेस की ओर से यूथ जोड़ो बूथ जोड़ो कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें काफी संख्या में युवाओं और महिलाओं को कांग्रेस से जोड़ा गया। वहीं मोदी सरकार में बढ़ी मंहगाई व बेरोजगारी पर जमकर प्रहार किया। युवा जिला अध्यक्ष कुमार गौरव ने कहा कि देश में मंहगाई और बेरोजगारी चरम पर है। पढें लिखे युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा है। कांग्रेस ही एक मात्र ऐसी पार्टी है जो गरीबों की भलाई के बारे में सोचती है। वहीं, बाघमारा विधानसभा अध्यक्ष विशाल महतो ने कहा कि मोदी शासनकाल में सिर्फ कापोर्रेट घराने ही आगे बढे है। गरीब और गरीब होते जा रहा है। जिला महासचिव तबरेज खान, सोनू यादव, खुर्शीद अंसारी और विक्की कुमार ने भी अपने-अपने विचार रखे। संचालन विकास सिंह ने किया। इस मौके पर शंकर महतो, विकास सिंह, आसीफ अंसारी, अनिता देवी, निशा देवी, सभ्या देवी, विकास कुमार, दीपक महतो, अलका कुमार, गणेश महतो, सोनू महतो, राजू सिंह, पटल रवानी, मुकेश कुमार और संतोष सिंह आदि मौजूद थे।

### जदयू की बैठक में 10 जनवरी को प्रखंड कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन का निर्णय




राजगंज (आजाद सिपाही)। बाघमारा के दलुडीह पंचायत में शनिवार को जदयू की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष गोपाल चंद्र गोप ने की। इसमें जदयू के प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह भी उपस्थित हुए। बैठक में सर्वसम्मति से 10 जनवरी 2023 को बाघमारा प्रखंड कार्यालय में आयोजित विशाल प्रदर्शन को सफल बनाने का निर्णय लिया गया। दीप नारायण सिंह ने कहा कि आज बाघमारा प्रखंड में लूट-खसोट मची हुई है। टुंडी विधायक मस्त है और जनता त्रस्त है। सभी कामों का रेट बंधा हुआ है। बिना पैसे का कोई काम नहीं हो रहा है। ऐसे स्थिति से जनता को निजात दिलाने के लिए जनता दल यूनाइटेड विराट प्रदर्शन करेगा। बैठक में दीपक कुमार, रोहित महतो, विशु महतो, विश्वनाथ महतो, अविनाश महतो, नुनू लाल साव, पिंकी कुमारी, इंदल सिंह, विक्रम पासवान, दीपक कुमार महतो, प्रिंस कुमार, भोला नाथ महतो और धनंजय महतो आदि उपस्थित थे।

### 27 से 30 दिसंबर तक होगी राष्ट्रीय सब जूनियर कबड्डी प्रतियोगिता, तैयारियां पूरी

बोकारो (आजाद सिपाही)। कबड्डी एसोसिएशन ऑफ झारखंड एवं बोकारो जिला कबड्डी संघ की ओर से आयोजित 32वीं राष्ट्रीय सब जूनियर बालक बालिका कबड्डी चैंपियनशिप का आयोजन 27 से 30 दिसंबर तक सेक्टर चार स्थित एमजीएम हायर सेकेंडरी स्कूल के मैदान में हो रहा है। कला, संस्कृति, पर्यटन, खेलकूद युवा कार्य विभाग झारखंड सरकार एवं जिला प्रशासन बोकारो के सौजन्य से आयोजित इस कबड्डी प्रतियोगिता में देश के सभी राज्यों व यूनिटों से कुल लगभग 1100 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। चैंपियनशिप में बेहतर प्रदर्शन के आधार पर भारतीय सब जूनियर कबड्डी टीम का गठन होगा। चैंपियनशिप के दौरान टीम इंडिया के कप्तान प्रो कबड्डी के स्टार खिलाड़ी अर्जुन अवॉर्डी दीपक निवास हुड्डा, वर्ल्ड एवं एशियन बॉक्सिंग गोल्ड मेडलिस्ट स्वीटी बोलो, प्रथम द्रोणाचार्य कबड्डी अवॉर्डी ईपी राव, प्रो कबड्डी लीग कमिश्नर अनुपम गोस्वामी आदि रहेंगें।

## 2024 लोकसभा चुनाव में भाजपा को सभी सीटों पर हराना है तो आदिवासी को सौंपी जाये प्रदेश अध्यक्ष की कमानः आलोक

### राजेश ठाकुर सक्षम नहीं, उनके पास जनाधार नहीं: साधु

**कोरोना काल में जान जोखिम में डालकर सेवा करने वाले घर पर और घर में आराम फरमाने वाले बने हैं पद पर**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** कृपा पात्र, रहमो-करम एवं गणेश परिक्रमा करके बने प्रदेश अध्यक्ष को अविलंब निष्कासित कर आदिवासी प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बनाने की मांग बोकारो से उठी है। कांग्रेस के प्रदेश सचिव पद से इस्तीफा दे चुके साधु शरण गोप के इंटक कार्यालय सेक्टर 12 में शनिवार को प्रदेश महासचिव आलोक कुमार दूबे, डॉ राजेश गुप्ता छोटू, साधु शरण गोप, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रवक्ता लाल किशोर नाथ शाहदेव और स्वास्थ्य विभाग के चैयरमेन डॉ पी नैयर ने संयुत रूप से संवाददाता सम्मेलन की। प्रदेश कांग्रेस महासचिव आलोक कुमार दूबे ने आला कमान से 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव में सभी सीट पर भाजपा को मात देने के लिए आदिवासी प्रदेश अध्यक्ष बनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि पूरे देश में झारखंड ही एक मात्र प्रदेश है जहां आदिवासी प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और मुख्यमंत्री आदिवासी



होते हैं और गठबंधन ने 2019 विधानसभा चुनाव में आदिवासी चेहरा पार्टी का और गठबंधन का तय किया जिसका फायदा देखने को मिल रहा है। आगामी लोकसभा चुनाव का परिणाम राहुल गांधी के सपनो के अनुसार लोकसभा में परिणाम देने में राजेश ठाकुर सक्षम नहीं है। इनके पास जनाधार नहीं है। आदिवासी समाज के जनाधार वाले नेता को प्रदेश अध्यक्ष बनाना समय की मांग है। उन्होंने कहा कि बोकारो राजेश ठाकुर का गृह जिला है। वे यहां कार्यकर्ताओं को न्याय नहीं दिला सके। सक्षम कांग्रेसियों का जिलाध्यक्ष के लिए साक्षात्कार हुआ था। लेकिन कांग्रेस को कमजोर करने वाले पसंदीदा बन गए। इससे पार्टी की बदनामी होने के साथ ही कमजोर भी हुई है। वहीं, साधु शरण गोप ने कहा कि हमें प्रदेश सचिव बना दिया था ताकि आगामी विधानसभा चुनाव में प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व प्रत्याशी के रास्ते का कांटा न बनें। इसके खिलाफ आवाज हमने बुलन्द किया है। इस सम्बंध में पार्टी ने बुद्धवार को अनुशासन हीनता का नोटिस दिया था। उसका जबाब गुरुवार को ही दे दिया है। महासचिव डॉ राजेश गुप्ता ने कहा कि पार्टी ने पिछले दिनों विधानसभा में ओबीसी को 27 फीसदी, एसटी को 32 फीसदी एससी को 14 फीसदी आरक्षण का प्रस्ताव पास किया है। लेकिन इसे प्रदेश कमेटी और जिलाध्यक्ष में स्थान नहीं दिया है। यह कांग्रेस के कोर वोट को कमजोर करने की साजिश है। स्वास्थ्य विभाग के चेयरमैन डॉ पी नैयर ने कहा कि कांग्रेस का सबसे विश्वसनीय समर्थक अल्पसंख्यक हैं। उन्हें जिलाध्यक्ष नियुक्ति में स्थान नहीं देना राजेश ठाकुर की अक्षम्य भूल है। इस मौके पर धनबाद जिला कांग्रेस के महासचिव मो जिन्ना, भरत राउत, संजय पाल, अधिवक्ता विमल मंडल आदि थे।

## बोकारो मेडिकल कॉलेज के लिए मांगा गया है डीपीआर : बिरंची

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** झारखंड विधानसभा शीतकालीन सत्र में तारांकित प्रश्न के माध्यम से बोकारो विधायक बिरंची नारायण ने शुक्रवार को बोकारो मेडिकल कॉलेज से सम्बंधित विषय पर सरकार का सकारात्मक जवाब प्राप्त हुआ। बोकारो में मेडिकल कॉलेज एवं 500 बेड का अस्पताल बनाने का काम प्रगति पर है। राज्य सरकार ने भवन निर्माण के लिए निगम से डीपीआर मांगा है। अस्पताल निर्माण समन्वय समिति के अध्यक्ष सह बोकारो विधायक बिरंची नारायण ने यह जानकारी दी। उन्होंने अनुरोध किया कि डीपीआर शीघ्र उपलब्ध कराया जाए, ताकि बोकारो वासियों को इसका लाभ मिले। बतातें चलें कि झारखंड विधानसभा में बिरंची नारायण ने इस पर सवाल पूछा था। इसके लिखित जवाब में राज्य सरकार ने सकारात्मक जानकारी दी है। उल्लेखनीय है कि बिरंची नारायण के प्रयास से सेल ने 25 एकड़ भूमि उपलब्ध कराई है।

### डीआइजी ने किया महुदा पुलिस अंचल का निरीक्षण, संसाधनों का लिया जायजा

# अनसुलझे केस व लंबित विवेचनाओं का जल्द करें निपटारा : डीआइजी

आजाद सिपाही संवाददाता

**महुदा।** बोकारो पुलिस उपमहानिरीक्षक (डीआइजी) मयूर पटेल शनिवार को महुदा पुलिस अंचल का वार्षिक निरीक्षण करने पहुंचे। जहां जिला बल के जवानों ने उन्हें गॉड ऑफ ऑनर दिया। इसके बाद डीआइजी ने सबसे पहले थाना भवन की वास्तु स्थिति को देखा। थाना प्रभारी कार्यालय, महुदा थाना अंचल निरीक्षक कार्यालय सहित थाने में साफ-सफाई, बैरक व लॉकअप के साथ भोजनालय, लंबित वाहनों के रखरखाव, थाने में लगे सीसीटीवी कैमरे, महिला हेल्पडेस्क का भी निरीक्षण किया। इसके बाद वे अंचल निरीक्षक के कार्यालय में आपराधिक रजिस्टर, स्टेशन डायरी, केस की प्रगति रिपोर्ट की भी समीक्षा की। डीआइंजी ने थानेदार एवं निरीक्षक को निर्देश दिया कि जो भी



### अपराधियों पर नकेल कसने को पुलिस तत्पर

**पत्रकारों से बातचीत में डीआइजी ने कहा कि निरीक्षण का उद्देश्य इस क्षेत्र के पड़ने वाले थाना अंचल में अपराध की स्थिति, पुलिस निरीक्षक कार्यालय में जितने भी अभिलेख है उसका रख रखाव, अद्यतन स्थिति आदि की समीक्षा करना था। कहा कि अपराधियों पर नकेस कसने के लिए पुलिस पूरी तरह तत्पर है।**

अनसुलझे केस हैं, उन्हें जल्द सुलझाया जाए। लंबित विवेचनाओं का भी जल्द निपटारा करें। उनके साथ धनबाद जिला के ग्रामीण पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन, बाघमारा डीएसपी निशा मुर्मू, महुदा इंस्पेक्टर प्रभात कुमार सिंह, महुदा थाना प्रभारी गंगासागर ओझा, मधुबन थाना प्रभारी चंदन कुमार, धमाबांध ओपी प्रभारी पुनीत मिंज, सोनारडीह ओपी प्रभारी स्वेता कुमारी, भाटडीह ओपी प्रभारी वीरेंद्र कुमार यादव, खरखरी ओपी प्रभारी दिनेश मुंडा उपस्थित थे।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, चतरा।**

**निविदा आमंत्रण सूचना सं0 :–09/2022-23/RE-2 (अतिअल्पकालिक निविदा)**

1. विज्ञापन दाता का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि : 30.12.2022 को कार्यालय अवधि में। (राजपत्रित अवकाश को छोड़कर)
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय : 31.12.2022 को कार्यालय अवधि में 3:00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 31.12.2022 को 03:30 बजे अपराह्न में।
5. परिमाण विपत्र की बिक्री की स्थान : कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा।
6. निविदा प्राप्ति / खोलने का स्थान : जिला नियंत्रण कक्ष, चतरा।
7. कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| ग्रु.प. सं. | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | चतरा | पंचायत–चतरा, ग्राम–चतरा में सदर अस्पताल चतरा में एचवाईडीटी के साथ 2000 लीटर क्षमता वाले वाटर स्टोरेज टैंक पर आधारित वाटर एटीएम सोलर का निर्माण। (3 अदद) | 4526937.00 | 91000.00 | 5000.00 | 03 माह |

निविदा की शर्तें **www.jharkhand.gov.in** एवं कार्यालय के सूचना पट्ट में देखी जा सकती है।

PR 285873 (Rural Development) 22-23 (D)

कार्यपालक अभियता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा।

**कार्यालय, विद्युत कार्यपालक अभियंता**
**विद्युत कार्यप्रमंडल, इन्जीनियर्स हॉस्टल, धुर्वा, रॉंची।**

**अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 67/22–23.**

1. विभाग का नाम :– उर्जा विभाग।
2. विज्ञापन दाता का पदनाम :– विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत कार्य प्रमंडल, राँची।
3. परिमाण विपत्र बिकी की अंतिम तिथि :– दिनांक 03/01/2023 तक (2.00 बजे अपराह्न तक)
4. निविदा प्राप्ति की तिथि :– दिनांक 04/01/2023 को 2.00 बजे अपराह्न तक।
5. निविदा खोलने की तिथि :– दिनांक 04/01/2023 को 3.00 बजे अपराह्न में।
6. परिमाण विपत्र बिकी का स्थान :– नगर नियंत्रण कक्ष, राँची, / विद्युत अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत कार्य अंचल रॉंची, एवं विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, राँची।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :– नगर नियंत्रण कक्ष, राँची।
8. निविदा खोलने का स्थान :– विद्युत कार्य प्रमण्डल, राँची।

| क0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | रिम्स, रॉंची स्थित एनाटोमी डिपार्टमेंट के प्रशासनिक भवन सिथत सोटो में विद्युत अधिष्ठापन का कार्य। | 74,637.00 | 2,000.00 | 500.00 | एक सप्ताह |
| 2. | रिम्स, रॉंची स्थित बी0एस0सी0 नसिंग हॉस्टल के परिसर में 08 अदद् 120वाट सुरक्षा लाईट के अधिष्ठापन का कार्य। | 1,03,551.00 | 2,500.00 | 500.00 | एक सप्ताह |
| 3. | रिम्स, रॉंची स्थित बी0एस0सी0 नसिंग हॉस्टल के परिसर में 01 अदद् 11 मीटर के 06 एल0 ई0 डी0 लाईट के हाई मास्ट लाईट के अधिष्ठापन का कार्य। | 2,26,114.00 | 5,000.00 | 500.00 | दो सप्ताह |

Note :- Terms & Condition also available in our website www.jharkhand.gov.in and our office Notice Board.

विद्युत कार्यपालक अभियंता,
विद्युत कार्य प्रमंडल, राँची।

PR 285899 (Energy) 22-23 (D)

**झारखण्ड सरकार**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग**
**अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 27/2022–23**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का नाम | कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग। |
| 2. | परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय | दिनांक 03.01.2023 (कार्यालय दिवस में 11:00 बजे पूर्वाहन् से 03:00 बजे अपराहन् तक)। |
| 3. | निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | दिनांक 04.01.2023 (अपराहन् 03:00 बजे तक)। |
| 4. | निविदा खुलने की तिथि एवं समय | दिनांक 04.01.2023 (अपराहन् 03:30 बजे)। |
| 5. | परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,हजारीबाग। |
| 6. | निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान | जिला नियंत्रण कक्ष, हजारीबाग |

| ग्रुप सं0 | योजना का नाम | प्राक्कलित राषि (लाख) | अग्रधन की राषि (रू0) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | प्रखण्ड चुरचू में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, चुरचू के नव निर्मित कोविड वार्ड में विविध निर्माण कार्य। | 912300.00 | 1802500.00 | 1250.00 | 9 माह |
| 2 | प्रखण्ड चुरचू में उत्क्रमित मध्य विद्यालय, इन्दरा के उन्नयन हेतु विविध कार्य। | 4984400.00 | 100000.00 | 5000.00 | 9 माह |

नोटः 1. प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
2. निविदा शुल्क किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रुप में स्वीकार किया जाएगा, जो लौटाया नहीं जाएगा। बैंक ड्राफ्ट कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेश प्रमण्डल, हजारीबाग के पदनाम से देय होगा। बैंक ड्राफ्ट की वैधता निविदा की तिथि से 80 दिनों तक होना आवश्यक है।
3. 10% प्रतिशत से न्यून निविदाओं के लिए additional performance security के रुप में परिमाण विपत्र की राशि से–
i. 10% से 20% below तक की राशि का 20% तथा
ii. 20% से अधिक below की राशि का 30% अतिरिक्त जमानत का प्रावधान लागू होगा।
विस्तृत जानकारी के लिए निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
हजारीबाग।

PR 285913 Rural Development(22-23)D










## भारत जोड़ो यात्रा : लाल किले से राहुल गांधी बोले

# देश में लोगों के बीच भाईचारा है

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा दिल्ली में है। यहां शनिवार शाम उन्होंने लाल किले से जनता को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मीडिया केंद्र सरकार के इशारे पर काम कर रहा है। वह चौबीसों घंटे हिंदू-मुस्लिम के नाम पर नफरत फैला रहा है, जबकि देश में सच्चाई यह नहीं है। मैंने इस यात्रा में पाया कि देश में लोगों के बीच भाईचारा है। सब एक दूसरे को प्यार करते हैं। यह मीडिया की गलती नहीं है, इनके पीछे जो शक्ति है वह इन्हें कट्रोल कर रही है। यह सब वास्तविक समस्याओं से देश का ध्यान भटकाने के लिए किया जा रहा है। राहुल गांधी ने पूछा कि देश में नरेंद्र मोदी की सरकार नहीं है, यह अंबानी-अडाणी की सरकार है। मैं 2800 किलोमीटर पैदल चला हूं, मुझे कहीं नफरत नहीं दिखी। आज देश का युवा बेरोजगार है। अगर इस देश में युवाओं को कोई रोजगार दे सकता है तो देश के किसान और छोटे व्यापारी हैं। लेकिन इनके लिए देश की बैंकों के दरवाजे बंद रहते हैं।


राहुल ने सोनिया गांधी के साथ सोशल मीडिया पर फोटो शेयर की। उन्होंने लिखा- जो मोहब्बत इनसे मिली है, वही देश से बांट रहा हूं।

**मेरी छवि खराब करने में बीजेपी ने करोड़ों खर्च दिये :** राहुल बोले जब मैं राजनीति में आया, तब मीडिया वाले चौबीस घंटे राहुल गांधी, राहुल गांधी करते थे। बीजेपी ने मेरी छवि खराब करने में हजारों करोड़ रुपए लगा दिए, मैं एक शब्द नहीं बोला। मैंने यह भी नहीं कहा कि यह गलत कह रहे हैं। पूरा मीडिया, वॉट्सऐप, फेसबुक पर मेरी छवि खराब करने में लग गए। लेकिन सच्चाई को छिपाने की कितनी भी कोशिश कर लो, कहीं न कहीं से सच्चाई बाहर आ ही जाती है।

# यश किंगेट को दोहरा खिताब

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** गेमर्स गैरेज, बरियातू में डॉ मोहम्मद जाकिर के जन्मदिन के उपलक्ष में होने वाले 15वीं जेड स्नूकर -पूल चैंपियनशिप संपन्न हुआ। चार दिवसीय टूर्नामेंट में पांच वर्गों में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मास्टर स्नूकर में इंदर ने यश किंगर को पराजित किया। 6 रेड स्नूकर में यश किंगर ने सुशांत को हराया। पुल में हृदेष खेतान ने इंदर को पराजित किया। मिनी स्नूकर में अरमान ने अंकित को हराया। 9 बॉल्स में यश किंगर ने सुशांत से जीता। अनीस राज को राइजिंग प्लेयर का खिताब मिला। इस अवसर पर मुख्य अतिथि शशांक राज, भारतीय जनता युवा मोर्चा राष्ट्रीय कार्यसमिति एवं ओड़िशा प्रभारी ने विजेताओं और उप विजेताओं को नकद पुरस्कार, ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि पढ़ाई के साथ - साथ खेल युवाओं को अनुशासन, एकता का पाठ पढ़ाता है।



इस अवसर पर डॉ मोहम्मद जाकिर, शुभम कुमार, विकास सिंह, गौरव सिंह, सिद्धार्थ पवार, धीरज, एजाज और जिशान सहित कई खिलाड़ी उपस्थित थे।

# एएसजी आंखों का सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल अब रांची में

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रांची वासियों को अब अपने शहर में देश की अग्रणी आंखों का अस्पताल एएसजी आइ हॉस्पिटल की चिकित्सकीय परामर्श सुविधा मिल सकेगी। अस्पताल की एक शाखा रांची में शुरू की गयी है। एएसजी ग्रुप ऑफ आइ हॉस्पिटल की समूचे देश में 13 राज्य और 21 शहरों में कुल 48 शाखाएं हैं, जिसमें राजस्थान (आठ शाखाएं), बिहार, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, पश्चिम बंगाल, असम, झारखंड, छत्तीसगढ़, जम्मू-कश्मीर, ओड़िशा, गुजरात, पंजाब और महाराष्ट्र जैसे राज्य शामिल हैं। एएसजीआइ हॉस्पिटल एम्स दिल्ली के पूर्व सीनियर सर्जन, अनुभवी डॉक्टरों द्वारा संचालित सुपर स्पेशियलिटी आइ हॉस्पिटल की श्रृंखला है, रांची वासियों के लिए हर्ष का अवसर है कि एम्स स्तर की आई केयर सुविधा अब रांची में भी मिल सकेगी। रांची में यह हॉस्पिटल जेल मोड़, आदिवासी हॉस्टल के सामने शुरू किया गया है। झारखंड में एएसजी आइ हॉस्पिटल की यह तीसरी शाखा है। इस सुपर स्पेशियलिटी आइ हॉस्पिटल में आंखों से संबंधित सभी तरह की जटिल तथा असाध्य बीमारियों का निदान और उपचार एक ही छत के नीचे चिकित्सकों द्वारा किया जायेगा। विशेष बात यह है कि यह अस्पताल सप्ताह के सभी दिन यानी रविवार को भी कार्यरत रहेगा और इमरजेंसी आंखों की सेवाएं भी 24 घंटे प्रदान की जायेगी, जिससे रांचीवासी अब रविवार को भी अपनी आंखों का उपचार करवा सकेंगे। इसमें रीजनल डायरेक्टर डॉ जयंत कुमार मेडिकल और सर्जीकल रेटिना, आरओपी, युवीया तथा मोतिया के क्षेत्र में विशेषज्ञ है तथा छह वर्ष अरविंद आइ हॉस्पिटल मदुरै में रेटिना विशेषज्ञ के तौर पर कार्यरत रह चुके हैं डॉ स्मृति सावले ने नारायण नेत्रालय बेंगलुरु से कॉर्निया, फेको और रिफ्रैक्टि और सर्जरी में एडवांस ट्रेनिंग ली है वह एक सक्षम फेको सर्जन भी है, शनिवार को आयोजित प्रेसवार्ता में रीजनल डायरेक्टर डॉ नितेश सिंह ने बताया कि किसी भी तरह के मोतियाबिंद के लिए आधुनिक फेको पद्धति के जरिए फोल्डेबल लेंस से उपचार किया जायेगा। पके मोतिया, स्मॉल प्यूपील, पथरीला मोतिया के उपचार में हमारी टीम विशेषज्ञ और अनुभवी है।




## आंखों की बीमारियों पर साइंटिफिक सेमिनार सह क्रिसमस मिलन समारोह

# भारत में 30 से 40% लोग आंखों में समस्या होने के बाद काफी देर से इलाज कराते हैं : चिकित्सक

**डायबीटिक रेटिनोपैथी से ग्रसित मरीज अपनी आंखों की रोशनी समय पर इलाज कर बचा सकते हैं, इसलिए बचाव पर ध्यान देना ज्यादा जरूरी है**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रांची ओफ्थल्मिक फोरम एवं रीजनल इंस्टीट्यूट ऑफ ओफ्थल्मोलॉजी रिम्स के संयुक्त तत्वावधान में द काव्स होटल के सभागार में आंखों की बीमारियों पर एक साइंटिफिक सेमिनार सह क्रिसमस मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इसमें राज्य के 100 के करीब नेत्र चिकित्सकों ने भाग लिया। इस साइंटिफिक सेमिनार सह क्रिसमस मिलन समारोह की संयोजिका सह रांची ओफ्थल्मिक फोरम की सेक्रेटरी डॉ भारती कश्यप ने स्वागत भाषण प्रस्तुत कर कार्यक्रम की शुरुआत की। सेमिनार में बाहर से आये अतिथि वक्ता नयी दिल्ली एम्स के प्रोफेसर डॉ राजेश सिन्हा, नागपुर के रेटीना सर्जन डॉ प्रशांत बावनकुले एवं नयी दिल्ली के श्रॉफ आई हॉस्पिटल की ग्लूकोमा विशेष डॉ सुनीता दुबे को रांची ओफ्थल्मिक फोरम एवं रीजनल इंस्टीट्यूट ऑफ ओफ्थल्मोलॉजी - रिम्स के पदाधिकारियों द्वारा सम्मानित किया गया।



द काव्स होटल के सभागार में अतिथि वक्ता डॉक्टरों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित करते झारखंड नेत्र सोसाइटी की चेयरमैन साइंटिफिक कमेटी की डॉ भारती कश्यप और रिम्स के नेत्र विभाग के अध्यक्ष डॉ राजीव गुप्ता।

सेमिनार में नयी दिल्ली एम्स के प्रोफेसर राजेश सिन्हा ने कॉर्निया की बीमारी में मोतियाबिंद सर्जरी एवं रिफ्रैक्टिव सर्जरी के पहले की जाने वाली जरूरी जांच के बारे में विस्तार से बताया। नागपुर के रेटीना सर्जन डॉ प्रशांत बावनकुले ने आंखों के पर्दे की बीमारियों की सही पहचान में ओसीटी जांच के महत्व पर प्रस्तुति दी। नयी दिल्ली के श्रॉफ आई हॉस्पिटल की ग्लूकोमा विशेष डॉ सुनीता दुबे ने ग्लूकोमा सर्जरी की नयी तकनीक ट्यूब इम्प्लांट सर्जरी एमआइजीएस सर्जरी के बारे में बताया। कश्यप मेमोरियल आई हॉस्पिटल की कॉर्निया सर्जन डॉ निधि गड़कर कश्यप ने कॉर्निया प्रत्यारोपण की जटिल सर्जिकल विधियों को विडियो के माध्यम से प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के अंत में रिम्स के नेत्र विभागाध्यक्ष डॉ राजीव गुप्ता ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। डॉ भारती कश्यप ने कहा साइंटिफिक सेमिनार के बाद सभी नेत्र चिकित्सकों ने क्रिसमस केक कांटा। इस तरह के आयोजन से चिकित्सकों में आपसी भाईचारा बढ़ता है।




# पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन संबलपुर ने पिकनिक का किया आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**संबलपुर।** पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन संबलपुर की ओर से रेलवे स्टेडियम में जैक एन जिल स्कूल के बच्चों के लिए पिकनिक का आयोजन किया गया। यह स्कूल रेल कर्मचारियों और परिवारों के बच्चों के लिए एक कल्याणकारी योजना के रूप में पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन संबलपुर द्वारा संचालित जाता है। इसमें कक्षा नर्सरी से यूकेजी में 164 बच्चे नामांकित हैं। स्कूल संबलपुर के कर्मचारियों और स्थानीय निवासियों के बीच बहुत लोकप्रिय है। जैक एन जिल स्कूल के सभी छात्रों ने पिकनिक में भाग लिया। इस अवसर पर बच्चों के बीच विभिन्न खेलों और शैक्षिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। छात्रों ने बड़े मजे के साथ पिकनिक का आनंद लिया। इस अवसर पर पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन संबलपुर की अध्यक्ष अंजनी सिंह ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियों से बच्चों की शारीरिक और मानसिक विकास में सुधार होगा और उन्हें अधिक अनुभव प्राप्त करने में मदद मिलेगी। इस पिकनिक मे पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन संबलपुर के सभी सदस्य भी उपस्थित थीं।




# टीवी अभिनेत्री तुनिशा शर्मा ने की आत्महत्या टीवी सीरियल के सेट पर ही लगा ली फांसी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मुंबई।** सोनी सब टीवी के सीरियल 'अलीबाबाः दास्तान ए काबुल' की लीड अभिनेत्री तुनिशा शर्मा ने शनिवार को आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि उन्होंने टीवी सीरियल के सेट पर ही फांसी लगा ली। मामले की जानकारी मिलते ही उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। फिलहाल, आत्महत्या करने की वजह सामने नहीं आयी है। वहीं, पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।



बता दें कि तुनिशा की उम्र महज 20 साल थी। उन्होंने बाल कलाकार के रूप में इंडस्ट्री में अपने करियर की शुरुआत की थी और 'भारत का वीर पुत्र महाराणा प्रताप' सीरियल से डेब्यू किया था। तुनिशा का शव पोस्टमॉर्टम के लिए भिवाड़ी के अस्पताल भेजा गया है। तुनिशा शर्मा काफी खुशमिजाज स्वभाव की थीं और सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती थीं। हमेशा सेट पर खुश रहने वाली तुनिशा के इस तरह से अचानक सुसाइड कर लेने से फैंस के साथ ही इंडस्ट्री के लोग भी सदमे में हैं।

तुनिशा इस वक्त सोनी सब टीवी के सीरियल 'अली बाबाः दास्तान ए काबुल' में अहम किरदार निभा रही थीं। वह इस सीरियल में शहजादी मरियम बनी थीं। इसके अलावा वह फितूर, बार-बार देखो, कहानी 2 : दुर्गा रानी सिंह, दबंग 3 आदि फिल्मों में भी नजर आई थीं। फितूर और बार-बार देखो में तुनिशा ने कटरीना कैफ की किशोरावस्था का किरदार निभाया था। इसके अलावा 'इंटरनेट वाला लव' सीरियल में तनिशा का किरदार काफी पसंद किया गया था।







आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**